वर्ष- 13 अंक -81
लखनऊ, शुक्रवार 21 नवम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जनहित के कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं : ऊर्जा मंत्री 03

डीएम ने एसआईआर को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी की साझा 12


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = | 1,24,410 ग्राम |
| 22 कैरेट | = | 1,14050 ग्राम |
| 18 कैरेट | = | 93,340 ग्राम |
| चांदी | = | 165,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### निषाद राज की मूर्ति का हुआ अनावरण



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** टेढ़ी बाजार तिराहे का नाम निषादराज चौराहा किए जाने के बाद गुरुवार को स्थापित मूर्ति का अनावरण समारोहपूर्वक किया गया। इस मौके पर प्रभु राम से निषाद राज की मित्रता को भी रेखांकित किया गया। निषाद राज गुह्य की मूर्ति का अनावरण महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने पूर्व सांसद लल्लू सिंह एवं अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्त के साथ किया। उन्होंने करतल ध्वनि के बीच प्रतिमा से वस्त्र हटाया। इस दौरान उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया गया। महापौर ने कहा कि निषादराज प्रभु राम के अनन्य मित्र थे। राम की गाथा उनकी चर्चा के बगैर पूरी नहीं होती। मूर्ति के आसपास के क्षेत्र को आच्छादित कर पार्क का रूप दिया गया है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह का हुआ भव्य स्वागत




**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विधायक खब्बू तिवारी की अगुवाई में गोसाईंगंज विधानसभा में आयोजित एकता यात्रा में शामिल होने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र गुरुवार को बीकापुर स्थित मरुई सहाय सिंह गांव में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के आवास पहुंचे। यहां पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष ने परिजनों से संवाद किया और जिला संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उनके आगमन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन से क्षेत्र में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान राजकुमार वर्मा, प्रशान्त पाण्डेय, अभिनव उपाध्याय, संतोष पाण्डेय, नीरज गुप्ता, पवन चौरसिया सहित अन्य लोगों मौजूदगी रही।

### आकर्षण का केंद्र बनी 2.65 लाख रुपये कीमत की तिरुपति बाला जी की पेंटिंग

**नई दिल्ली।** बिहार पवेलियन में दो लाख 65 हजार रुपये मूल्य की 22 कैरेट गोल्ड फॉयल वाली तिरुपति बाला जी की पेंटिंग, एक लाख रुपये मूल्य की चांदी की मछली और छठ मैया को अर्घ्य देती जूट की गुड़िया आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। गौरतलब है कि बिहार इस भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 के साझीदार राज्य के तौर पर शामिल हुआ है। इस बार बिहार पवेलियन के हथकरघा और हस्तनिर्मित उत्पाद लोगों का दिल जीत रहे हैं। यहां पर कृष्णा देवी के स्टॉल पर दो हजार रुपये से लेकर दो लाख पैसठ हजार रुपये तक की पेंटिंग उपलब्ध है।

### मादा चीता 'मुखी' ने दिया पांच शावकों को जन्म



**श्योपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में भारतीय मूल की मादा चीता 'मुखी' ने पांच शावकों को पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। यह उपलब्धि भारत के चीता प्रोजेक्ट के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। यह पहली बार है जब भारत में जन्मी किसी मादा चीता ने देश की धरती पर सफल प्रजनन किया है। लगभग 33 महीने की मुखी अब प्रोजेक्ट चीता की पहली ऐसी मादा बन गई है, जिसने पांच शावकों को जन्म देकर संरक्षण प्रयासों की सफलता को मजबूती दी है।

# 10वीं बार बिहार के सीएम बने नीतीश

**▸ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की मौजूदगी में राज्यपाल ने दिलाई शपथ**



**एजेंसी, पटना।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा शासित कई प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना के एतिहासिक गांधी मैदान में 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नीतीश कुमार के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कोटे से सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

आज नीतीश मंत्रिमंडल में जिन मंत्रियों को शपथ दिलाई गई, उनमें जमुई विधानसभा सीट से जीतीं श्रेयसी सिंह भाजपा की ओर से युवा चेहरों में शामिल हैं। इसके अलावा रमा निषाद को भी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है, जो इस बार अराई विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर आई है। ये दोनों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में मैथिली ठाकुर, सांसद व गायक मनोज तिवारी और भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने अपनी प्रस्तुति देकर भीड़ को झूमने पर मजबूर कर दिया। नई सूची में सभी प्रमुख वर्गों और क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश साफ दिखती है। दलित, अति पिछड़ा, पिछड़ा, महिलाओं और अल्पसंख्यक समाज से आने वाले नेताओं को मंत्रिमंडल में पर्याप्त स्थान दिया गया है। श्रेयसी सिंह, रमा निषाद और लेसी सिंह जैसी महिला नेताओं को शामिल करना राजग की महिला सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। साथ ही मोहम्मद जमा खान जैसे अल्पसंख्यक चेहरे का शामिल होना भाजपा-जदयू सरकार के सामाजिक संतुलन के प्रयास को रेखांकित करता है।

**नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल चेहरे**

सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विजय चौधरी, विजय प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडे, डॉ दिलीप जायसवाल, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मदन साहनी, नितिन नवीन, रामकृपाल यादव, संतोष कुमार सुमन, सुनील कुमार, मोहम्मद जमा खान, संजय सिंह टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेंद्र मेहता, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लाखेंद्र कुमार रोशन, श्रेयसी सिंह, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, संजय कुमार सिंह और दीपक प्रकाश। अनुभवी और युवाओं से सजे नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल मंगल पांडे, नितिन नवीन, अशोक चौधरी, श्रवण कुमार जैसे नेता पहले भी अलग-अलग विभागों का जिम्मा संभाल चुके हैं। दूसरी तरफ श्रेयसी सिंह, दीपक प्रकाश, लाखेंद्र कुमार रोशन, रमा निषाद जैसे युवा चेहरे भी शामिल हैं।

**पीएम मोदी ने नीतीश, सम्राट व सिन्हा को दी बधाई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता दल यू के प्रमुख नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने और भाजपा नेताओं सम्राट चौधरी तथा विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। प्रधामंत्री ने नीतीश मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ लेने वाले नेताओं को भी बधाई दी है। श्री मोदी ने केन्द्र के अनेक मंत्रियों के साथ गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में नीतीश कुमार तथा अन्य नेताओं के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। बाद में श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में सभी नेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार जी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बहुत-बहुत बधाई। वे एक कुशल और अनुभवी प्रशासक हैं। राज्य में सुशासन का उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। नए कार्यकाल के लिए उन्हें मेरी हार्दिक शुभकामनाएं! एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि श्री सम्राट चौधरी जी और श्री विजय सिन्हा जी को बिहार के डिप्टी चीफ मिनिस्टर बनने पर बधाई। दोनों नेताओं ने लोगों की सेवा करने के लिए ज़मीनी स्तर पर बहुत काम किया है। उन्हें शुभकामनाएं। एक अलग पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बिहार सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं। यह एक शानदार टीम है, जिसमें समर्पित नेता हैं जो बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# लालकिला बम धमाका मामले में चार अन्य आरोपित गिरफ्तार



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लाल किला परिसर के बाहर 10 नवंबर को हुए बम धमाका मामले में 4 अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

एजेंसी के अनुसार, एनआईए ने चारों आरोपितों को जिला और सत्र न्यायाधीश, पटियाला हाउस कोर्ट द्वारा जारी वारंट पर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से हिरासत में लिया। इनकी पहचान डॉ. मुजम्मिल शकील गणाई (पुलवामा), डॉ अदील अहमद राथर (अनंतनाग), डॉ शहीन सईद (लखनऊ, उत्तर प्रदेश) और मुफ्ती इरफान अहमद वागे (शोपियां) के रूप में हुई है। इन सभी पर बम धमाके की योजना बनाने से लेकर इसे अंजाम देने तक में सीधे तौर पर शामिल होने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला परिसर के बाहर हुए बम धमाके में 13 से अधिक लोगों की मौत हो गई और कई लोग धमाके की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में इससे पहले एनआईए आमिर राशिद अली को गिरफ्तार कर चुकी है, जिसके नाम पर धमाके में इस्तेमाल कार दर्ज थी। इसके अलावा जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को भी पकड़ा गया था, जिसने हमलावरों को तकनीकी मदद दी थी। दोनों से पूछताछ जारी है और केस की पूरी साजिश का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व करेंगे मोदी

## प्रधानमंत्री का जोहांसबर्ग दौरा : भारत की प्राथमिकताओं को मिलेगा नया आयाम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 (आज) से 23 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग का दौरा करेंगे, जहां वे जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व करेंगे। यह सम्मेलन पहली बार अफ्रीकी महाद्वीप पर आयोजित हो रहा है, जिसे भारत और पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में होने वाला यह 20वां जी-20 शिखर सम्मेलन लगातार चौथे वर्ष वैश्विक दक्षिण की किसी अर्थव्यवस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा है, यानी- इंडोनेशिया, भारत, ब्राज़ील और अब दक्षिण अफ्रीका।

विदेश मंत्रालय के आर्थिक संबंध सचिव सुधाकर दलेला ने गुरुवार को विशेष पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन के सभी तीन सत्रों को संबोधित करेंगे। इन सत्रों में समावेशी और सतत आर्थिक विकास, व्यापार, विकास के लिए वित्तपोषण, वैश्विक ऋण बोझ, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, जलवायु परिवर्तन, न्यायसंगत ऊर्जा संक्रमण, खाद्य प्रणाली, महत्वपूर्ण खनिज, सम्मानजनक कार्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।



उन्होंने बताया कि मोदी का यह दक्षिण अफ्रीका का चौथा आधिकारिक दौरा होगा। इससे पहले वे 2016 में द्विपक्षीय यात्रा और 2018 व 2023 में ब्रिक्स सम्मेलनों में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका जा चुके हैं। दलेला ने कहा कि यह पहला जी-20 शिखर सम्मेलन है जो अफ्रीकी धरती पर हो रहा है और इसलिए अफ्रीका के विकास-संबंधी मुद्दे इस बार केंद्र में रहेंगे। दलेला के अनुसार, भारत अपने 2023 के सफल जी-20 अध्यक्षीय कार्यकाल की प्राथमिकताओं की निरंतरता सुनिश्चित करेगा।

भारत द्वारा पिछले वर्ष शुरू किए गए कई महत्वपूर्ण ट्रैक-जैसे डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, महिला-नेतृत्व विकास, एसडीजी की प्रगति में तेजी, आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह तथा महिला सशक्तीकरण कार्य समूह को दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता ने भी विशेष महत्व दिया है।

**आतंकवाद का मुद्दा भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण**

एक प्रश्न के उत्तर में सुधाकर दलेला ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद का मुद्दा भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, किंतु जी-20 एक आर्थिक सहयोग मंच है, इसलिए किस हद तक इसे घोषणा-पत्र में स्थान मिलेगा, यह वार्ताओं के दौरान तय होगा। उन्होंने कहा कि भारत और वैश्विक दक्षिण के दृष्टिकोण से सभी महत्वपूर्ण विषयों को भारत का नेतृत्व प्रमुखता से उठाएगा। शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय मुलाकातें करेंगे। इसके साथ ही वे भारत-ब्राज़ील-दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) नेताओं की बैठक में भी भाग लेंगे।

# कमरे में कोयला जला कर सो रहे चार श्रमिकों की दम घुटने से मौत

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।**

पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार सुबह एक कमरे में चार श्रमिक दोस्तों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। कमरे में एक तसले में कोयला की राख पड़ी मिली है। अनुमान है कि कोयल के जहरीले धुएं से चार की दम घुटने से मौत हुई है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

साथी मजदूरों ने बताया कि आज सुबह जब उनके कमरे में से कोई हलचल नहीं हुई तो उन्होंने जाकर दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के चलते उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में देखा तो



चारों के शव जमीन पर ही पड़े हुए थे। इसके अलावा कमरे के अंदर एक तसले में कोयले की राख पड़ी हुई थी। प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सर्दी के चलते उन्होंने तसले में कोयला जलाया और फिर कमरे को अंदर से बंदकर सो गए।

अनुमान है कि कमरे में वेंटीलेशन न होने की वजह से चारों की दम घुटने से चारों की मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि पनकी थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया स्थित ऑयल सीड्स कंपनी में काम करने वाले चार मजदूर कंपनी परिसर में बने किराए के कमरे में रहते थे। अनुसार चारों मृतकों की पहचान संजू सिंह (22), राहुल सिंह (23), अमित वर्मा (32) और दौड़ अंसारी (28) के रूप में हुई है और वह सभी देवरिया जनपद के टोकलपुर गांव के रहने वाले थे।

पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि कोयला जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस पैदा होती है। जो कमरे में मौजूद ऑक्सीजन को खत्म कर देती है। यहां पर भी यही कारण प्रतीत हो रहा है। वेंटिलेशन न होने की वजह से ऑक्सीजन की कमी और जानलेवा गैस की अधिकता होने की वजह से चारों की मौत होना लगता है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता लग सकेगी।

# डोनाल्ड ट्रंप के पुत्र जॉन ट्रंप ने पत्नी के साथ किया ताजमहल का दीदार

**आगरा, समृद्धि न्यूज।**

अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पुत्र जॉन ट्रंप ने गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान ताज महल परिसर और आसपास सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था रही।

गुरुवार को विशेष विमान से जॉन ट्रप दोपहर करीब 12.30 बजे खेरिया एयरपोर्ट आगरा पर उतरे। जॉन के साथ उनकी पत्नी थीं। होटल में कुछ देर रुकने के बाद बाद गोल्फ कार्ट से वे पूर्वी दरवाजे से प्रवेश कर ताजमहल परिसर पहुंचे। जूनियर ट्रंप ने ताजमहल के सामने अपनी पत्नी संग फोटो भी खिंचवाई।



ताज भ्रमण के दौरान उनके साथ सुरक्षा कर्मी भी थे। इस दौरान जिला प्रशासन ने ताजमहल परिसर और आसपास के इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। पूरे इलाके में दो सौ पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति के बेटे के भ्रमण के चलते खुफिया एजेंसियां पहले से ही सतर्क रहीं।

### प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ धन शोधन मामले में नयी चार्जशीट दाखिल की



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक नयी चार्जशीट दाखिल की जिसमें उन्हें ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पहली बार औपचारिक तौर पर आरोपी बनाया गया है। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि संजय भंडारी धनशोधन मामले में उसकी मदद करने के लिए श्री वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है। इस मामले में अगली तारीख छह दिसंबर है। राउज़ एवेन्यू कोर्ट छह दिसंबर को चार्जशीट पर विचार करेगा। वाड्रा इस केस में नामजद नौवें व्यक्ति बन गये हैं।

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने प्रकाशित कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी चाहिए : अश्विनी वैष्णव

**▸ डिजिटल दुनिया की चुनौतियों पर मंत्री ने व्यक्त की चिंता**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**


सिंगापुर में आयोजित ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक स्थिर, जिम्मेदार और नवाचार आधारित डिजिटल एवं आर्थिक भविष्य के लिए भारत की दृष्टि स्पष्ट की।

उन्होंने भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद का उल्लेख करते हुए कहा कि उच्च विकास दर और मध्यम मुद्रास्फीति के साथ देश आने वाले



वर्षों में स्थिर नीतिगत वातावरण, प्रक्रियाओं का सरलीकरण और सतत विकास प्रदान करता रहेगा। उन्होंने वैश्विक निवेशकों को अगले वर्ष नई दिल्ली में होने वाले न्यू इकोनॉमी फोरम में भाग लेने का आमंत्रण भी दिया। डिजिटल दुनिया की चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि डीपफेक, सिंथेटिक सामग्री और तेजी से फैलने वाली अफवाहें नागरिकों और संस्थाओं के बीच भरोसे को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने प्रकाशित और प्रसारित कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी चाहिए ताकि किसी व्यक्ति, समुदाय या समाज को नुकसान न पहुंचे। वैष्णव ने भारत के टेक्नो-लीगल डिजिटल गवर्नेंस मॉडल की व्याख्या करते हुए बताया कि डेटा प्रोटेक्शन एक्ट सिद्धांत-आधारित है, जो तेजी से बदलती तकनीकों के अनुरूप विकसित हो सकता है और नवाचार को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि हम नवाचार और नियमन के संतुलित संयोजन में विश्वास करते हैं, जहां नवाचार को बढ़ावा देते हुए संभावित जोखिमों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके।

### भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास तकनीकी खराबी से खेत में गिरा वायु सेना का यूएवी



**एजेंसी, जोधपुर।** जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर गुरुवार को वायु सेना का रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) इंजन में खराबी आने के बाद रामगढ़ में नहरी इलाके के खेत में गिरा। सूचना के बाद पुलिस और वायु सेना, सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि रूटीन ट्रेनिंग मिशन के दौरान रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट इंजन में खराबी आने के बाद जैसलमेर के पास सुरक्षित रूप से लैंड कराया गया। आरपीए को एक खाली मैदान में बरामद किया गया, जिससे ज़मीन पर कोई नुकसान नहीं हुआ और आरपीए को भी कम से कम नुकसान हुआ।

# ईडी ने नकली समन के मामलों से निपटने के लिए क्यूआर कोड सत्यापन किया शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नाम पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली के लिए नकली समन भेजे जाने की बढ़ती खबरों के बीच ईडी ने नागरिकों को समन नोटिस की असलियत सत्यापित करने में मदद करने के लिए नए तरीके लागू किए हैं। वित्त मंत्रालय ने आज अपने आधिकारिक अकाउंट के जरिये इसकी घोषणा की।

नकली ईडी समन असली नोटिस जैसे ही होते हैं, जिससे पाने वालों के लिए सही और गलत के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिए ईडी अब सिस्टम से बनने वाले समन जारी कर रहा है जिसमें एक क्यूआर




कोड और एक यूनिक पासकोड होता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी किए गए समन को उन पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करके या आधिकारिक ईडी वेबसाइट पर जाकर सत्यापित किया जा सकता है।÷ ईडी ने यह भी साफ़ किया कि वह डिजिटल या ऑनलाइन गिरफ्तारी नहीं करता है। ईडी ने नागरिकों को नकली लोगों से सावधान रहने की सलाह दी है। ईडी ने नागरिकों से अपील है कि वे कोई भी कदम उठाने से पहले सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध समन को सत्यापित करें, ताकि वे ईडी अधिकारी बनकर धोखा देने वालों का शिकार न बनें। इस पहल का मकसद लोगों का भरोसा वापस लाना और ईडी के कानूनी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाना है।

**स्वीकृति | अमेरिका ने भारत को 4.71 करोड डॉलर की मिसाइलें, प्रोजेक्टाइल की बिक्री को दी मंजूरी**

# भविष्य के खतरों से निपटने की क्षमता में होगा सुधार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अमेरिका ने भारत को एफजीएम-148 जेवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और एम982ए1 एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र तथा संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी प्रदान की है, जिसका अनुमानित मूल्य 4.71 करोड़ अमेरिकी डॉलर है।

रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कांग्रेस को सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणन प्रदान किया है।

गौरतलब है कि भारत सरकार ने अमेरिका से 216 एम982ए1 एक्सकैलिबर सामरिक प्रक्षेपास्त्रों की खरीद का अनुरोध किया है। इसमें



शामिल की जाने वाली अतिरिक्त गैर-एमडीई वस्तुओं में पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक फायर कंट्रोल सिस्टम, प्राइमर, अमेरिकी सरकार की तकनीकी सहायता, तकनीकी डेटा, मरम्मत वं वापसी सेवाएं, और रसद एवं कार्यक्रम सहायता के अन्य संबंधित सामग्री शामिल हैं। कुल अनुमानित लागत मूल्य 4.71 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। प्रस्तावित बिक्री अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों को मज़बूत करेगी और एक प्रमुख रक्षा साझेदार की सुरक्षा बढ़ाकर अमेरिकी विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को बल प्रदान करेगी। भारत, हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता, शांति एवं आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बना हुआ है। इस बिक्री से भारत की वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने की क्षमता में सुधार होगा क्योंकि इससे उसे सटीक क्षमता वाले उपकरण मिलेंगे और उसकी हमले की सटीकता बढ़ेगी। भारत इन प्रक्षेपास्त्रों को अपने सशस्त्र बलों में शामिल करने में पूरी तरह सक्षम है। इस उपकरण और सहायता की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा।

इस सौदे का मुख्य कांट्रेक्टर आर्लिंगटन, वर्जीनिया स्थित आरटीएक्स कॉर्पोरेशन होगा। वर्तमान में, अमेरिकी सरकार को इस संभावित बिक्री के संबंध में प्रस्तावित किसी भी ऑफसेट समझौते की जानकारी नहीं है।

# रैंकिंग में लायें सुधार अन्यथा कार्यवाही तयः सीडीओ

▸ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर चल रही विकास कार्यों के योजनाओं के रैंकिंग की सीडीओ ने की समीक्षा



गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

बृहस्पतिवार को मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास कार्यक्रमों के योजनाओं के रैंकिंग की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने एनआरएलएम विभाग, जल निगम विभाग, फैमिली आईडी, पंचायत विभाग, विद्युत विभाग, पर्यटन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोवेशन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कार्यों का शतप्रतिशत कार्य करते हुए फीडिंग कराकर रैंकिंग में सुधार लायें अन्यथा विभागीय कार्यवाही के लिए तैयार रहें। समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों/योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सीडीओ ने कहा कि सभी विभाग छोटी से छोटी कमियों पर विशेष ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपनिदेशक कृषि, डीपीआरओ, जिला प्रोवेशन अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, डीसी उद्योग बाबूराम, सहायक पर्यटन अधिकारी सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ठंड रोग को देता निमंत्रण,करें योग रहें निरोग

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

मौसम में बदलाव होते ही रोगो में भी वृद्धि होना शुरू हो जाता है इसके लिए इस समय योग करने से निरोगी रहने की प्रक्रिया शुरू हो तो रोगी के लिए बहुत ही अच्छा है।

आम जनमानस के उच्च स्वास्थ हेतु और सर्दियों से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए श्याम मंदिर में योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित समस्त योग साधकों को अपने तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया एवं संबंधित योगासनों एवं प्राणायाम के विषय में जानकारी भी दी गयी। इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने



बताया सर्दियों से बचने के लिए नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करना बहुत फायदेमंद है। सूर्य नमस्कार शरीर में गर्मी पैदा करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है, जबकि कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भस्त्रिका जैसे प्राणायाम फेफड़ों को मजबूत करने और रक्त संचार बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इन अभ्यासों से सर्दी-जुकाम और शरीर की अकड़न से बचाव होता है। शिविर में योगाचार्य ने कहा कि योग अपनी सांस पर ध्यान देते हुए विभिन्न मुद्राओं में रहने की कला है। प्रत्येक योगासन का हमारे श्वसन तंत्र पर विशेष प्रभाव पड़ता हैद्घ इसके चलते हमारा हृदय भी प्रभावित होता है। शिविर में अमित गर्ग, सचिन,राजेश अग्रवाल, मुकेश ,ऋषभ, मीनू, बेनू, रचना, रूचि, मेघा, साधना, शीला अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

## कार और बाइक की टक्कर बाइक सवार की मौत

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज।** पयागपुर क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिपाही लाल पासवान पुत्र राम बहादुर निवासी सोहरियावा बरई पुरवा सुबह लगभग 5 बजे अपनी मोटरसाइकिल से पयागपुर रेलवे स्टेशन बनारस इंटरसिटी ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। बताया जाता है कि वह नहर मार्ग होते हुए पयागपुर-इकौना रोड से गुजर रहे थे, तभी पयागपुर चौराहे के पास गोंडा की ओर से आ रही एक अर्टिगो कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि सिपाही लाल पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पयागपुर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# भाजपा नेता ने महाप्रबन्धक से मिलकर रेल कर्मचारियों से की चर्चा

गोंडा,समृद्धि न्यूज़।



भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कोरोना काल से बन्द गोण्डा से लखनऊ पैसेन्जर ट्रेन का संचालन अविलम्ब शुरू किये जाने, गोण्डा से नई दिल्ली एवं नई दिल्ली से गोण्डा तथा गोण्डा जंक्शन से मुम्बई एवं मुम्बई से गोण्डा तक, मेल/एक्सप्रेस ट्रेन चलाये जाने, गोण्डा अयोध्या धाम से मनकापुर एवं मनकापुर से अयोध्या धाम तथा इलाहाबाद से मनकापुर एवं मनकापुर से इलाहाबाद चलने वाली सरयू साकेत एक्सप्रेस का विस्तार गोण्डा तक किये जाने, 19716/19715 गोमतीनगर से जयपुर एवं जयपुर से गोमती नगर तक संचालित होने वाली मेल एक्सप्रेस का विस्तार गोण्डा जंक्शन तक किये जाने, अधिवक्ताओं, व्यापारियों छात्रों एवं युवाओं, कर्मचारियों की सुविधा के लिए गोण्डा कचेहरी रेलवे स्टेशन पर बाघ एवं आम्रपाली ट्रेन का ठहराव किये जाने, गोण्डा जंक्शन पर दिव्यांग एवं वृद्धजनों की सुविधा हेतु बैट्री रिक्शा उपलब्ध कराए जाने, गोण्डा कचेहरी रेलवे स्टेशन का नाम शहीद राजेन्द्र लाहिड़ी के नाम किये जाने, रेलवे कर्मचारियों के लिए निर्मित 1700 आवासीय स्थल का पुर्निर्माण कराये जाने, गोण्डा, करनैलगंज, इटियाथोक, मोतीगंज, मसकनवां, बभनान, झारखण्डी समेत स्थानों पर रेल आवासों एवं रेलवे की जमीनों पर अवैध कब्जेदारों को हटाकर कार्यवाही किये जाने, माल गोदाम पर निर्माणाधीन प्लेटफार्म का निर्माण शुरू कराये जाने, निर्माणाधीन अधूरे वाशिंग पिट लाइन को निर्मित कराए जाने, गोण्डा बलरामपुर मार्ग पर स्थित बड़गांव रेलवे क्रासिंग पर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज का निर्माण शुरू कराये जाने समेत तमाम बिन्दुओं के सम्बन्ध में परिपत्र देकर कार्यवाही करने हेतु आग्रह किया है। महाप्रबन्धक से मिलते समय भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, अमित वर्मा, महेन्द्र कुमार, दिनेश ओझा, शैलेन्द्र उपाध्याय, दानिश, कृष्ण कुमार, अफजल, देवेन्द्र, समेत कई लोग शामिल थे। महाप्रबन्धक ने जन समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वस्त किया।

# अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवाना पहली प्राथमिकता : अनिमेष मित्तल



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

बुधवार को प्रदेश बर काउंसिल के गाजियाबाद से प्रत्याशी अनिमेष मित्तल ने गोंडा कलेक्ट्रेट में अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा यदि मुझे चुनाव में जीत मिलती है तो हमारी पहली प्राथमिकता होगी अधिवक्ताओं के लियै प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवना साथ ही सथ नए अधिवक्ताओं जिनके लिए पहले साल बहुत ही कष्टदाई होता हलि उनके लिए कोई ऐसी योजना हम ला सके जिससे उन्हें आगे पढ़ने और कंपटीशन बीट करने में कोई कठिनाई न हो चाहे इसके ल लिए मुझे मुख्यमंत्री से ही क्यों न बात करनी पड़े जनवरी 2026 में होने वाले मतदान के लिए आप लोगों से अनुरोध है की एक बार अनिमेष मित्तल को विजई बनाकर आजमा सकते हैं।

# सफाईकर्मी नहीं करता है गांव में सफाई ,ग्रामीण परेशान

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जनपद में जहां एक तरफ सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के साफ सफाई हेतु सफाईकर्मियों की नियुक्ति कर उन्हें भारी भरकम तनख्वाह से नवाजा जा रहा है,तो वहीं जमीनी पड़ताल करने पर ग्राम वासियों द्वारा मालूम चला कि ग्राम प्रधान व ब्लॉक अधिकारियों की मिलीभगत से सफाईकर्मियों के द्वारा ग्राम पंचायतों में सफाई समय पर नहीं की जाती है और स्वयं साफ सफाई न करके 02-03 माह में एक दिन 01-02 मजदूर मुख्य-मुख्य स्थानों पर लगाकर सफाई करवाकर मलाई काट रहे हैं।वहीं चर्चा यह भी है सफाई कर्मी का ब्लॉक कार्यालय में अधिकारियों की जी हुजूरी कर तनख्वाह लिया जा रहा है। विकासखण्ड पंडरी कृपाल अंतर्गत ग्राम पंचायत उकरा में जगह-जगह नाली चोक व गन्दगी का अंबार



होने से कई ग्रामवासियों ने नाराजगी जताते हुए जांच व कार्यवाही की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर तैनात सफाईकर्मी द्वारा कभी भी समय पर किसी भी नाली को साफ नही किया गया है। अधिकारी के आने की सूचना मिलते ही बाहरी मजदूर रखकर साफ सफाई कराने के बाद स्वयं मौजूद होकर अपनी मौजूदगी दर्शायी जाती है।यह भी बताया कि सामुदायिक शौचालय व आरआरसी सेंटर जब से बना है तब से उसमें ताला ही लगा रहता है। यदि उच्चाधिकारियों द्वारा निष्पक्षता से औचक निरीक्षण किया जाय तो ब्लॉक के संलिप्त अधिकारियों की भी निष्क्रियता व संलिप्तता सामने आ सकती है।इस सम्बन्ध में खबर लिखे जाने तक किन्हीं कारणवश अधिकारियों का पक्ष नहीं मिल सका।

# बकरी चराई के विवाद में मारपीट, दोनों पक्ष घायल

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



बकरी चराने को लेकर बुधवार को थाना क्षेत्र सादुल्लाहनगर के ग्राम मनुवागढ़ (गुलजारपुर) में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए,इलाज हेतु सी एच सी सादुल्लाहनगर से गोण्डा व बलरामपुर रिफर ।थाने में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है।पहले पक्ष की प्रार्थिनी गुडिया पत्नी फरीद अहमद निवासी मनुवागढ़ (गुलजारपुर) ने आरोप लगाया कि उसका 28 वर्षीय पुत्र इरशाद बकरी चराने गया था, इसी दौरान गांव के ही रंजीत वर्मा पुत्र शेषराम वर्मा के साथ किसी बात पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद शाम करीब चार बजे विपक्षी रंजीत वर्मा अपने परिवारीजन प्रदीप वर्मा पुत्र चिंताराम, प्रकाश पुत्र रामवक्श, रेखा पत्नी चिंताराम, भगेलू पुत्र प्रकाश, छैलू पुत्र शेषराम व विन्दे पुत्र भुन्नू के साथ लाठी-डंडा व रॉड लेकर पहुंचे और इरशाद को बुरी तरह पीट दिया। मारपीट के दौरान इरशाद बेहोश होकर गिर गया। परिजनों का आरोप है कि विपक्षियों ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए उनका छप्पर भी जला दिया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से शेषराम वर्मा निवासी मनुवागढ़ (गुलजारपुर) ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका 32 वर्षीय पुत्र रंजीत वर्मा दोपहर करीब 3:30 बजे अपने खेत में ट्रैक्टर खड़ा करने गया था, तभी विपक्षी इरशाद उसके खेत में बकरियां चरा रहा था। विरोध करने पर इरशाद ने रंजीत से कहासुनी शुरू कर दी और उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घायल का इलाज सीचसी सादुल्लाहनगर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शेषराम का आरोप है कि विपक्षी जान से मारने की धमकी देते रहे। मारपीट की घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा जांच दर्ज कर शुरू कर दी है। गुड़िया पत्नी फरीद अहमद की तहरीर पर रंजीत वर्मा, प्रदीप, प्रकाश, रेखा,भालू,छैल,बिन्दे निवासीगण मनुवागढ थाना सादुल्लानगर व दूसरे पक्ष के संतोष वर्मा पुत्र शेषराम वर्मा के तहरीर पर इरशाद अली निवासी मनुवागढ थाना सादुल्लानगर के विरूद्ध मुकद्मा पंजीकृत किया गया है।

# सामुदायिक शौचालय बदहाल, खुले में शौच कर रहे नगरवासी

तुलसीपुर, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर के बैरागी पुरवा रोड पर स्थित सामुदायिक शौचालय बदहाली का शिकार है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह शौचालय निर्माण के बाद से आज तक न तो नियमित साफ-सफाई कराई गई है और न ही पानी की कोई व्यवस्था की गई है। शौचालय के आसपास नाला न होने के कारण गंदा पानी बाहर फैल जाता है, जिससे सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को दुर्गंध और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

मोहल्ले के अब्दुल्ला, नदीम, राकेश कुमार, जयंत कुमार, अमित कुमार, ओम प्रकाश अग्रहरि सहित अन्य स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा सामुदायिक सुविधा के



रूप में यह शौचालय तो बनवा दिया गया, लेकिन इसके रखरखाव के लिए किसी कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की गई।

यदि नियुक्ति हुई भी है तो कर्मचारी कभी सफाई करने नहीं आया, जिसके कारण अंदर व बाहर गंदगी का अंबार लगा है। चार सीटों वाला यह सामुदायिक शौचालय और एक मूत्रालय सीट पूरी तरह उपेक्षित हैं। शौचालय के सामने बड़े-बड़े घास-फूस उगे हुए हैं, जिनकी वजह से सांप-बिच्छू जैसे जीव-जंतुओं का डर बना रहता है। पानी की सुविधा बिल्कुल न होने के चलते लोग बोतल में पानी लेकर शौच करने को मजबूर हैं, परंतु सफाई न होने के कारण शौचालय में लगातार दुर्गंध फैल रही है। गंदगी की स्थिति ऐसी है कि स्थानीय लोग इस शौचालय का उपयोग करने से कतराने लगे हैं। निवासियों और राहगीरों ने नगर पंचायत प्रशासन से तुरंत शौचालय की सफाई कराने, पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित कर्मचारी तैनात करने की मांग की है, ताकि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित सामुदायिक सुविधा उपलब्ध हो सके।

## मनरेगा योजना के मजदूरों का फर्जी हाजिरी लगाकर पैसा हड़पने का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत



**तुलसीपुर, बलरामपुर।** मनरेगा योजना में मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर भुगतान वसूलने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत सोनपुर धुतकहवा, विकासखंड तुलसीपुर के के निवासी रामसागर ने जिलाधिकारी बलरामपुर को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है कि ग्राम के रोजगार सेवक कपिल वर्मा द्वारा उनके नाम से झूठी उपस्थिति दर्ज कराई गई और मजदूरी की राशि वसूलने का दबाव बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ता रामसागर ने बताया कि 15 मई 2025 से 30 मई 2025 तक कन्हैया किशोर के खेत से सिरिया नाले तक चकबंद निर्माण कार्य में 15 दिनों की हाजिरी उनके नाम से दर्ज की गई, जबकि वह इस कार्य में शामिल नहीं थे। इसी प्रकार 20 अगस्त 2025 से 04 सितंबर 2025 तक वृक्षारोपण के कार्य में भी 15 दिनों की फर्जी हाजिरी दर्ज कर दी गई। रामसागर के अनुसार, रोजगार सेवक ने दोनों कार्यों की मजदूरी लगभग 3,500 रुपये बताते हुए वही राशि उनसे जमा करने का दबाव बनाया। आरोप है कि भुगतान न करने पर रोजगार सेवक ने उनका आवास कटवाने की धमकी भी दी है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी गरीब मजदूर का शोषण न हो सके। शिकायत पत्र में रामसागर ने अपने हस्ताक्षर व आधार विवरण भी संलग्न किया है। इस संबंध में बीडीओ तुलसीपुर सुनील कुमार आर्य ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जांच उपरांत दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने अमकोलवा गौशाला का किया औचक निरीक्षण



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

▸ निरीक्षण में मिलीं उत्कृष्ट व्यवस्थाएं, प्रबंधन की सराहना की

विशेश्वरगंज विकास खंड की अमकोलवा ग्राम पंचायत स्थित गौशाला का मुख्य विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें गौशाला में उत्कृष्ट व्यवस्थाएं मिलीं। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य पशु-चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी प्रवीण कुमार और सतवंत सिंह, सहायक विकास अधिकारी (व्यवस्था) तथा ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने गौवंशों को गुड़ और केले खिलाकर उनका हालचाल जाना। गौशाला में चोकर, भूसा और हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया। साफ-सफाई, पशुओं की देखभाल और चारे की उपलब्धता सहित सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक और उत्कृष्ट पाई गईं। मुख्य विकास अधिकारी ने गौशाला प्रबंधन की सराहना करते हुए भविष्य में भी बेहतर व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने भी प्रशासन द्वारा की जा रही इस निगरानी व्यवस्था की प्रशंसा की। इस निरीक्षण को ग्राम पंचायत में पशुपालन और गौ-संरक्षण के प्रति प्रशासनिक प्रतिबद्धता का एक स्पष्ट उदाहरण माना जा रहा है।

## केडीसी महाविद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले में यातायात माह के तहत किसान महाविद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंध समिति और शिक्षकों ने भी छात्रों को संबोधित किया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रधिकारी यातायात पवन कुमार ने छात्रों को सुरक्षित वाहन चलाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल यातायात माह के दौरान ही नहीं, बल्कि हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए ताकि जीवन सुरक्षित रहे। कुमार ने छात्रों से हमेशा हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने की अपील की। उन्होंने दुर्घटना की स्थिति में त्वरित इलाज के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव मेजर एस पी सिंह और प्रधानाचार्य विजय सक्सेना सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रास्ते में बंद हुई एंबुलेंस लोगों ने धक्का देकर कराया स्टार्ट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के देहात कोतवाली इलाके में मरीज को छोड़कर वापस जा रही एक एंबुलेंस बीच रास्ते में बंद हो गई। काफी प्रयास के बाद भी जब एंबुलेंस स्टार्ट नहीं हुई, तो आसपास मौजूद लोगों ने धक्का लगाकर उसे स्टार्ट करवाया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री यासर शाह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह वीडियो अपलोड कर सरकार पर निशाना साधा है। यह घटना देहात कोतवाली इलाके में स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। यासर शाह ने अपने फेसबुक अकाउंट पर वीडियो साझा करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

# एसपी ने की विवेचनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक ने सर्किल नगर के समस्त थानों व साइबर थाना, अपराध शाखा के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की। आरक्षियों की बीट बुक चेक की तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सर्किल नगर के थानों कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, दरगाह शरीफ, महिला थाना, साइबर थाना, अपराध शाखा का अर्दली रुम किया। अर्दली रुम के दौरान एसपी ने समस्त विवेचकों से लंबित विवेचनाओं की स्थिति व कारणों की गहन समीक्षा की, अकारण विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए उन्हें निर्देशित किया कि विवेचनाओं में वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर समयबद्ध निस्तारण किया जाए। महिला अपराधों, विशेषकर घरेलू हिंसा, अपहरण, छेड़छाड़ और बालकों के विरुद्ध अपराधिक मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर एसपी ने विशेष ध्यान केन्द्रित किया तथा सभी विवेचकों को जघन्य अपराधों जैसे लूट, डकैती, हत्या आदि मामलों में संवेदनशीलता से त्वरित कार्यवाई करते हुए शीघ्र निस्तारण के सख्त निर्देश दिये। साथ ही अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही बीट क्षेत्र में नियुक्त सभी आरक्षियों की बीट पुस्तिकाओं का निरीक्षण किया, इस दौरान प्रत्येक आरक्षी द्वारा दर्ज प्रविष्टियों का क्रमवार परीक्षण किया गया।

# जिलाधिकारी ने किया सलारगंज शेल्टर होम का निरीक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से नगरीय विकास अभिकरण द्वारा मोहल्ला सलारगंज में निर्मित शेल्टर होम में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बुधवार की रात्रि निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह द्वारा बताया गया कि डूडा द्वारा निर्मित शेल्टर होम का संचालन नगर पालिका परिषद बहराइच के अधीन फेयरडील ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। अधि.अधि. श्रीमती सिंह ने जिलाधिकारी को



बताया कि वर्तमान समय में यहां पर 75 बेड लगाये गये हैं। आवश्यकता पड़ने पर इसकी क्षमता को बढ़ा कर 100 व्यक्तियों तक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शेल्टर होम में अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ रसोई भी बनी हुई। डीएम श्री त्रिपाठी ने शेल्टर होम का निरीक्षण करते हुए श्रीमती सिंह को निर्देश दिया कि बेड पर साफ-सुथरी चादर व कम्बल रखा जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रसोई में बर्तन व गैस भी उपलब्ध करा दी जाये ताकि कोई ठहरने वाला व्यक्ति यदि स्वयं से भोजन बनाया चाहे तो उसे कोई असुविधा न हो। डीएम ने ई.ओ. श्रीमती सिंह व संस्था के प्रबन्धक को निर्देश दिया कि शेल्टर होम में ठहरने वाले व्यक्तियों के विवरण को पंजिका पर सुरक्षित रखा जाय। उन्होंने कहा कि शेल्टर में आने वाले व्यक्ति से आने का कारण तथा उसकी पहचान से सम्बन्धित अभिलेख भी देखे और दखें जायें तथा इन अभिलेखों को सुव्यस्थित ढंग से सुरक्षित रखा भी जाय। डीएम द्वारा अधि.अधि. श्रीमती सिंह को यह भी निर्देश दिया गया कि शेल्टर होम की नियमित रूप से साफ-सफाई कराती रहें तथा शेल्टर होम के प्रचार-प्रसार हेतु नगर क्षेत्र अन्तर्गत महत्वपूर्ण स्थानों पर बैनर व बोर्ड भी प्रदर्शित किये जायें।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1352/ई.ई.-3/जी.एल.-7/2025-26 दिनांक- 20.11.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 27.11.2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.11.2025 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदाएं उसी दिन अधोहस्ताक्षरी में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 250 mm dia sewar line 40 mtr from H.No. 1/405 to H.No.1/410 Sec-J Jankipuram Lko | 6800.00 | 400 | 30 दिवस |
| 2. | Laying of 250 mm dia sewar line 40 mtr from H.No. 1/183 to H.No.1/143 Sec-J Jankipuram Lko | 6800.00 | 400 | 30 दिवस |
| 3. | Laying of 250 mm dia sewar line 40 mtr from H.No. 1/511 to H.No.1/523 Sec-J Jankipuram Lko | 6800.00 | 400 | 30 दिवस |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

# जनहित के कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं : ऊर्जा मंत्री

▸ शहरी सेवाओं में सुधार पर जोर

**लखनऊ/वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सर्किट हाउस, वाराणसी में नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर में चल रहे सफाई कार्यों, पेयजल आपूर्ति, जलनिकासी व्यवस्था तथा नगर निगम की विभिन्न शहरी परियोजनाओं की प्रगति पर गहन चर्चा की गई। श्री शर्मा ने स्पष्ट कहा कि वाराणसी एक वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी है, इसलिए यहां की व्यवस्था आदर्श और अनुकरणीय होनी चाहिए।बैठक में सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए नगर विकास मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता का स्तर उच्चतम मानकों के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। सड़क किनारे कचरा संग्रहण, डोर-टू-डोर कलेक्शन, नालियों की नियमित सफाई, कचरा निस्तारण एवं कूड़ाघरों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी बल दिया गया।पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लीकेज सुधार, पाइपलाइन मरम्मत, ओवरहेड टैंकों की सफाई, ट्यूबवेलों की कार्यशीलता की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।जलनिकासी व्यवस्था पर मंत्री ने कहा कि सभी नालों की पूरी सफाई, पंपिंग स्टेशनों की मरम्मत, जाम लाइनों की पहचान और जलभराव वाले इलाकों में स्थायी समाधान की दिशा में कार्य तेजी से किया जाए जलभराव की समस्या किसी भी स्थिति में न उत्पन्न हो और यदि कहीं शिकायत आए तो तुरंत मौके पर पहुंचकर समाधान कराया जाए। अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहकर शहरी सेवाओं में सुधार करें।

### सरदार पटेल न होते तो कुछ और होता भारत का इतिहास और भूगोल : शर्मा

राष्ट्रीय एकता दिवस के दृष्टिगत नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा भदोही के प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च में प्रतिभाग किया। श्री शर्मा ने स्वयं मार्च के दौरान प्रतिभागियों से संवाद किया और सभी को एकता एवं राष्ट्रहित के लिए निरंतर योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के समय सरदार पटेल की संगठन क्षमता, नेतृत्व कौशल और अदम्य साहस ने भारत की स्वतंत्रता में नई ऊर्जा का संचार किया। स्वतंत्रता के बाद लगभग 565 रियासतों को एकजुट कर भारत का राजनीतिक एकीकरण करना विश्व इतिहास की अद्वितीय उपलब्धि है, जो उनके लौह इच्छाशक्ति का परिणाम था। यदि सरदार पटेल नहीं होते तो भारत का इतिहास और भूगोल निश्चित ही आज अलग होता। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में बांधकर आधुनिक भारत की नींव रखी। उनकी कर्मनिष्ठा, ईमानदारी और राष्ट्रहित सर्वोपरि की सोच आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

# मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर सेवाओं की गुणवत्ता का लिया जायजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बाल एवं महिला कल्याण विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने गुरुवार को लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र स्थित रामचौरा आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्र में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, रिकॉर्ड संधारण, कार्यालयी कार्यपद्धति तथा पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने केंद्र पर तैनात आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका से संवाद करते हुए सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुँच, तथा समयबद्ध वितरण की स्थिति जानी। स्थानीय महिलाओं, गर्भवती एवं धात्री माताओं ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव मंत्री के समक्ष रखे, जिन पर उन्होंने विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने भोजन की गुणवत्ता और पोषण मानकों की भी समीक्षा की।

इस महत्वपूर्ण दौरे में उनके साथ अपर मुख्य सचिव बाल एवं महिला कल्याण विभाग लीना जौहरी, आईसीडीएस की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रेयश कुमार तथा संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पूनम शर्मा व आभा डालमिया ने किया मीना बाजार का शुभारंभ

▸ फिक्की फ्लो लखनऊ द्वारा गवर्निंग बॉडी की बैठक और तीन दिवसीय अर्न्तराज्यीय सम्मेलन का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** फिक्की फ्लो लखनऊ द्वारा तीन दिवसीय अर्न्तराज्यीय सम्मेलन का प्रारंभ गोमती नगर स्थित होटल ताज में किया गया। यहां पहले दिन मीना बाजार का आयोजन किया गया। मुगलकाल में शहर में प्रमुख बाजारों की एक गली को लेकर वहां मीना बाजार लगाया जाता था। इसी बात को ध्यान में रख कर फिक्की फ्लो ने आज होटल ताज में मीना बाजार नामक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भाग लेनें के लिए फिक्की फ्लो ने पूरे देश से फिक्की फ्लो के सभी चैप्टर से लगभग 500 सदस्यों और पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है और इसे अपने वर्षिक अन्तराज्यीय बैठक का स्वरूप दिया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा, फ्लो की संस्थापक अध्यक्ष आभा डालमिया,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूजा गर्ग, लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल,रश्मि सरिता और गवर्निंग बॉडी मेंबर्स ने किया। बांसुरी के मधुर संगीत और जगमगाती रोशनियो और आकर्षक स्टालो पर देश भर से आए सदस्यों ने जमकर खरीददारी की। साडी, सूट, लहंगा, शरारा, गेरूआ, दुपट्टा और स्टोल के स्टाल विशेष रूप से आगन्तुको को आकर्षित कर रहे थे। इस सभी स्टालो में उत्तर प्रदेश की सभी प्रकार की हस्तकला जैसे मुकेश से लेकर चिकनकारी तक, बनारसी साडियो से लेकर जरदोजी, टिल्ला और पिट्टा का काम विशेष रूप से इस प्रदर्शनी में देखने को मिला इसके अलावा बाजार में नाजुक चप्पल और जूती, पोटली और अन्य आकर्षक घरेलू उत्पाद उत्तर प्रदेश के स्थानीय कारीगरों की कला को भी प्रदर्शित किया गया। इस मीना बाजार में अवध के अल्पज्ञात दुर्लभ आभूषणों का भी प्रदर्शन किया गया।

### भूपेंद्र चौधरी दुखी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार पंकज शाह के पिताजी पीएल शाह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

### बाइक सवार युवक पर चढ़ा लोडर, हालत गंभीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बंथरा इलाके में बुधवार रात एक तेज रफ्तार लोडर बाइक सवार युवक पर पीछे से चढ़ गया। युवक लोडर के नीचे फंस गया जिससे वह करीब 50 मीटर घिसटते चला गया। युवक की पहचान सादुल्लानगर निवासी किसान रामआसरे के बेटे अमन (22) के रूप में हुई है। उसे चिनहट के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना बंथरा के बनी-मोहान रोड पर बेंती के पास हुई। लोडर वाहन ने अमन की बाइक को पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि मोटरसाइकिल लोडर के नीचे फंसकर घिसटती चली गई। अमन बुधवार रात अपने घर से उन्नाव के सोहरामऊ स्थित एक निजी कंपनी में ड्यूटी पर जा रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने अमन के परिजनों को सूचित किया और उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से चिकित्सकों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन परिजनों ने उसे चिनहट में शहीद पथ रोड कामता स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद लोडर चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बंथरा पुलिस ने लोडर वाहन को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक का पता लगाने में जुटी है।

### खून से लथपथ मिला 24-साल के रिकवरी एजेंट का शव, भाई ने कहा हत्या की गई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में खून से लथपथ रिकवरी एजेंट का शव मिला है। वह किसी का कॉल आने के बाद घर से निकला था। कुछ देर में घर वालों को सूचना मिली कि लोहिया अस्पताल में आपके भाई भर्ती हैं। जल्दी आ जाए। जब परिजन पहुंचे तो उन्हें पता चला कि बेटे की मौत हो चुकी है। घटना इंदिरा सेक्टर-8 की है। मृतक की पहचान शशि प्रकाश उपाध्याय (24) के रूप में हुई। वह पिता चंद्रभूषण और परिवार के साथ इंदिरानगर के सेक्टर-8 रघुराजनगर में किराये के मकान में रहता था। विष्णु एंड कंपनी के लिए वह लोन रिकवरी करता था। भाई ने कहा है कि उसकी हत्या की गई। भाई रवि ने बताया बुधवार को रात करीब 10 बजे किसी का कॉल आया था। जिसके बाद टहलते हुए बाहर निकला था। देर रात पुलिस से सूचना मिली शशि की तबीयत खराब है, लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। लखनऊ पहुंचे तो मौत की सूचना मिली। भाई रवि ने बताया कि आसपास के लोगों से पता चला है कि उसको कुछ लोगों ने मारा है। जिस तरह से शव मिला है उसको देखकर पीट-पीट हत्या की बात सामने आ रही है। इंस्पेक्टर गाजीपुर का कहना है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी।

### नेशनल क्राप इंश्योरेंस प्रोग्राम के लिए 63.55 करोड़ मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा योजना के अन्तर्गत नेशनल क्राप इंश्योरेंस प्रोग्राम हेतु तिरसठ करोड़ पचपन लाख नौ हजार की वित्तीय स्वीकृति जारी की गयी। सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ के परिसर में नवनिर्मित केन्द्रीय पुस्तकालय, भवन पर सोलर फोटो वोलटेक की स्थापना हेतु 1.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है।

# सपा विधायक सुधाकर सिंह का निधन

## योगी-अखिलेश समेत कई नेताओं ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह का गुरुवार को निधन हो गया।

समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर सुधाकर सिंह के निधन की पुष्टि की। जानकारी के अनुसार, 60 वर्षीय सुधाकर सिंह को सीने में दर्द की शिकायत के बाद लखनऊ के वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन बाद गुरुवार को सुबह लगभग चार बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सपा ने आधिकारिक तौर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, घोसी विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह जी का निधन, अत्यंत दुखद। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दुख सहने का संबल प्राप्त हो। सुधाकर सिंह के निधन से समाजवादी पार्टी और उनके समर्थकों समेत राजनीतिक हलके में शोक की लहर दौड़ गई।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव गुरुवार सुबह अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, घोसी विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक श्री सुधाकर सिंह जी का निधन अत्यंत दुखद। शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दुख सहने का संबल प्राप्त हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सुधाकर सिंह के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा, जनपद मऊ के घोसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुधाकर सिंह का निधन अत्यंत दुखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति और शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### लखनऊ कोर्ट में राहुल गांधी पर मुकदमे पर बढ़ी रोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ लखनऊ की अदालत में चल रहे मानहानि मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कोई ढील नहीं दी है। कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश को बरकरार रखते हुए मुकदमे की कार्यवाही पर लगी रोक 4 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दी है। मामला 2022,23 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के भारतीय सेना को लेकर कथित तौर पर दिए गए बयान से जुड़ा है। उसके आधार पर उनके खिलाफ लखनऊ में आपराधिक मानहानि का केस दर्ज किया गया था। महत्वपूर्ण सुनवाई के दौरान जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने मामले की सुनवाई को स्थगित करते हुए कहा कि अंतरिम रोक जारी रहेगी। अदालत ने साफ किया कि अगली सुनवाई अब 4 दिसंबर 2025 को होगी। तब तक राहुल गांधी के खिलाफ लखनऊ की अदालत में चल रही कोई भी कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

# यूपी सरकार ने शुरू की नई हेल्पलाइन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**एक कॉल पर होगा नगरीय समस्याओं का समाधान**

आपके घर के बाहर नाली गंदगी से भरी हो, कई दिनों से सफाई न हुई हो या सड़क पर लंबे समय से झाड़ू न लगा हो, तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग ने ऐसी सभी समस्याओं के समाधान के लिए नई हेल्पलाइन शुरू की है।

विभाग केआधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर जारी जानकारी के अनुसार अब सफाई, जलभराव, स्ट्रीट लाइट और कूड़ा कलेक्शन जैसी समस्याएँ केवल एक कॉल पर दर्ज कराई जा सकती हैं।नगर विकास विभाग के मुताबिक शहर से जुड़ी हर समस्या के लिए अब हेल्पलाइन नंबर 1533 पर संपर्क किया जा सकता है। जल भराव, पथ प्रकाश, स्वच्छता, कर भुगतान या डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन इन सभी शिकायतों का समाधान इसी नंबर के माध्यम से किया जाएगा। एक नंबर, कई समाधान की नीति के तहत सेवा शुरू की गई है।पोस्ट में बताया गया कि अगर आपके इलाके की स्ट्रीट लाइट खराब है, जिससे अंधेरा रहता है, पेयजल की व्यवस्था सही नहीं है, पाइप लीक कर रहा है, सड़क पर कोई पशु मृत पड़ा है या जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में दिक्कत आ रही है।इन मामलों में 1533 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कॉल के बाद समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा।नई हेल्पलाइन सेवा का उद्देश्य है कि लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए पार्षद, नगर निगम कर्मचारी या किसी स्थानीय नेता के पीछे न भागना पड़े, बल्कि सारी सुविधाएँ सीधे एक ही नंबर पर उपलब्ध हों।

# पीजीआई इलाके में बंद घरों को निशाना बनाने वाला चोरों का गैंग गिरफ्तार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की सर्विलांस सेल दक्षिणी जोन और थाना पीजीआई की संयुक्त टीम ने बंद घरों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार शातिर अपराधियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर गैंग का खुलासा किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में 26 वर्षीय सूरज गौतम उर्फ सद्दाम निवासी न्यू गड़ौरा, थाना सरोजनीनगर, 19 वर्षीय शिवम विश्वकर्मा उर्फ कल्लू निवासी नटखेड़ा, थाना आलमबाग, 24 वर्षीय मुदित साहा उर्फ आयुष उर्फ बंगाली निवासी एलडीए कॉलोनी, थाना आशियाना तथा 24 वर्षीय आकाश वर्मा निवासी गुरुनानक वाटिका, थाना आलमबाग शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक लोहे की तिजोरी, एचपी लेजर प्रिंटर, कम्बल, 7,350 रुपये नकद, प्लेटिना मोटरसाइकिल और टीवीएस इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद की है।

थाना प्रभारी पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चारों आरोपी दिन में पीजीआई इलाके की अलग-अलग कॉलोनियों में जाकर बंद घरों की रेकी करते थे और रात के समय ताला तोड़कर चोरी को अंजाम देते थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि चोरी से मिले सामान को आपस में बराबर बांट लिया जाता था। सूरज गौतम अंडे का ठेला चलाता है, शिवम और मुदित मकैनिक का कार्य करते हैं, जबकि आकाश वर्मा मोमोज का ठेला लगाता है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं की जांच के दौरान पुलिस टीम ने लगभग 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और मैनुअल इनपुट के आधार पर चारों को चिन्हित किया। टीम ने कासा ग्रीन अपार्टमेंट के पीछे दबिश देकर सभी आरोपियों को पकड़ा और उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया। चारों आरोपियों के खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में चोरी, ताला तोड़कर घर में घुसने और माल बरामदगी से जुड़े कई मुकदमे दर्ज रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास विस्तृत है और वे कई वर्षों से चोरी की वारदातों में संलिप्त रहे हैं।

# मायावती ने बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**लखनऊ/नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**

▸ हालात को नियंत्रित करने के नाम पर पुलिस की लाठीचार्ज में बसपा के कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल

▸ बसपा प्रमुख ने सरकार से की निष्पक्ष जांच की मांग



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार में पार्टी कार्यकर्ताओं पर कथित पुलिस कार्रवाई को गंभीर मुद्दा बताते हुए प्रदेश सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की है। मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 14 नवंबर को मतगणना वाले दिन विपक्षी दलों और असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर उत्पात कराया गया था।

सुश्री मायावती ने आरोप लगाया कि इस दौरान नव-निर्वाचित बसपा विधायक सतीश यादव की गाड़ी के साथ-साथ प्रशासन की कई गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। बसपा अध्यक्ष के अनुसार, हालात को नियंत्रित करने के नाम पर पुलिस ने रात में लाठीचार्ज किया, जिसमें बसपा के कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्होंने कहा कि घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने दबाव में आकर बसपा के लगभग 250 कार्यकर्ताओं और करीब 1000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की, जबकि वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस केवल बसपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है, जबकि पहले घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और उसके बाद ही कोई कानूनी कदम उठाया जाना चाहिए।

बसपा अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि उनकी पार्टी की मांग है कि इस पूरे मामले की सही और निष्पक्ष जांच कराई जाए। जब तक जांच पूरी न हो जाए, तब तक किसी भी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी या पुलिस कार्रवाई उचित नहीं होगी। उन्होंने दावा किया कि बिना जांच के बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है और पार्टी इसे स्वीकार नहीं करेगी।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



आशियाना क्षेत्र के एलडीए कालोनी स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या पर बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक वरिष्ठ समाज सेविका विशिष्ट अतिथि शिखा गोयल समाज सेविका एवम सूरज जैसवानी भाजपा नेता आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ किया गया।

सांस्कृतिक संध्या का आरंभ सताक्षी राय ने गणेश वंदना कर किया तदुपरांत कार्यक्रम प्रस्तुति में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा फोक आर्ट ग्रुप लखनऊ के कलाकारों द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हिंदुस्तान महोत्सव के मंच पर शुरुआत में अवधी भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया । वहीं देर शाम तक चले रंगमंच प्रोग्राम में श्याम तेरी पर बंशी पर थिरके नंदलाल सॉन्ग पर त्रिवेणी कला संगम के बच्चों द्वारा मनोरम नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरी। वहीं तराना पर नृत्य प्रस्तुत कर आर्तिका जयसवाल एवं एवियाना ठाकुर को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में कैलाश संगम के तत्वाधान में बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शको का मोह लिया।

इस दौरान महोत्सव समिति के रणवीर सिंह, हेमू चौरसिया, मोनालिसा, रोली जयसवाल, नीलम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। महोत्सव के रंगमंच का संचालन आर जे प्रदीप शुक्ला ने किया।

### गोमतीनगर में आज से शुरू होगा 10 दिवसीय खादी महोत्सव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने, परंपरागत कला और खादी आधारित उद्योगों को नए बाजार उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने के 10 दिवसीय खादी महोत्सव 2025 का आयोजन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर लखनऊ में किया जा रहा है। यह महोत्सव 21 नवंबर से 30 नवंबर तक चलेगा और इसमें खादी, ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प और स्थानीय कला की समृद्ध विरासत को एक बड़े प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किया जाएगा। महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग तथा हथकरघा और वस्त्रोद्योग विभाग के मंत्री राकेश सचान द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 160 से अधिक उद्यमी और इकाइयां अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री करेंगी।

**सराहनीय** | सीएम यागी के नेतृत्व में उपभोक्ताओं को मिल रही पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वस्तरीय बिजली सेवा

# उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर बने उपभोक्ताओं की सुविधा का नया आधार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य के प्रत्येक उपभोक्ता को पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वस्तरीय बिजली सेवाएं उपलब्ध कराना एक मिशन बन चुका है। इस लक्ष्य को साकार करने के लिए स्मार्ट मीटर परियोजना को शीर्ष प्राथमिकता दी गई है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की ओर से प्रदेश के सभी जनपदों में तेज़ी से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक लगभग 62 लाख 65 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जबकि राज्य सरकार का लक्ष्य 3 करोड़ 9 लाख 78 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने का है।

▸ प्रदेश में अब तक 62 लाख 65 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर किए गए स्थापित



स्मार्ट मीटर पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और उपभोक्ता अनुकूल तकनीक पर आधारित हैं। पारंपरिक इलेक्ट्रॉनिक मीटरों की तरह खपत मापने के साथ-साथ ये ऑनलाइन रीडिंग और बिलिंग की सुविधा भी प्रदान करते हैं, जिससे मानवीय हस्तक्षेप न के बराबर हो जाता है और बिलिंग में पूर्ण सटीकता आती है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था ने उपभोक्ताओं की सुविधा, पारदर्शिता और ऊर्जा प्रबंधन, तीनों क्षेत्रों में बड़ा बदलाव लाया है। योगी सरकार की यह पहल बिजली उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने की दिशा में लगातार नई मिसाल स्थापित कर रही है।

### उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से होने वाले प्रमुख लाभ

1. बिलिंग में पारदर्शिता और सटीकता : स्मार्ट मीटर रियल-टाइम में रीडिंग भेजते हैं, जिससे गलत बिल या अनुमान आधारित बिलिंग समाप्त हो जाती है।
2. बिजली चोरी पर रोक : रीडिंग स्वत: सर्वर तक पहुंचती है, जिससे छेड़छाड़ की संभावना समाप्त हो जाती है और बिजली चोरी पर नियंत्रण होता है।
3. घर बैठे मिलेंगी सभी सेवाएं : बिल जमा करने के लिए बिजली दफ्तर जाने की जरूरत नहीं, खपत, बिलिंग और भुगतान सब कुछ ऑनलाइन।
4. खपत पर पूरा नियंत्रण : उपभोक्ता ऐप या पोर्टल के माध्यम से अपनी बिजली खपत रियल-टाइम में देख सकते हैं और जरूरत अनुसार उपयोग नियंत्रित कर सकते हैं।
5. प्रीपेड की सुविधा : रिचार्ज जैसी सुविधा—जितनी बिजली खरीदेंगे, उतनी ही खपत होगी। बजट कंट्रोल आसान।
6. बिजली कटौती और फॉल्ट की त्वरित जानकारी : स्मार्ट मीटर से लाइन फॉल्ट या पावर कट की सूचना तुरंत मिलती है, जिससे त्वरित समाधान संभव होता है।
7. लोड मैनेजमेंट में मदद : सिस्टम ऑटोमेटिक रूप से लोड पैटर्न समझता है, जिससे बिजली आपूर्ति और वितरण अधिक सुव्यवस्थित होता है।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के विजेता सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान विजिलेंस : ऑवर शेयर्ड रिस्पांसिबिलिटी विषय पर क्विज़, निबंध लेखन, स्लोगन राइटिंग, पैनल डिस्कशन तथा पोस्टर मेकिंग जैसी विविध प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। 20 नवंबर को मण्डल कार्यालय के सभागार में आयोजित एक समारोह में मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरिमा भट्टनगार द्वारा सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मण्डल रेल प्रबंधक ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि सतर्कता जागरूकता न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता को सुदृढ़ करती है, बल्कि अपने कार्य के प्रति उत्तरदायित्व एवं ईमानदारी की भावना को भी बढ़ाती है। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि दैनिक कार्यों में सतर्कता एवं नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देते हुए संगठन की प्रगति में सक्रिय योगदान दें। प्रतियोगिताओं में विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। क्विज़, निबंध, स्लोगन, पैनल चर्चा तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची दस्तावेज़ में दर्शायी गई है।

# एक्टर राजपाल के गांव कुंडरा पहुंचे डीएम-एसपी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी

**▸ ग्राम चौपाल कार्यक्रम में राजपाल यादव ने दो सड़कों के चौड़ीकरण कराए जाने की मांग रखी**

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हास्य फिल्म अभिनेता राजपाल यादव के द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम में डीएम, एसपी, सीडीओ, डीपीओ, पीडी, डीएचओ, एसडीएम, सीओ साहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम तरह की सरकारी योजनाओं की विस्तृत रूप से दी गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। बृहस्पतिवार को बंडा के गांव कुंडरा में जन्मे बॉलीवुड के प्रसिद्ध हास्य अभिनेता राजपाल यादव ने अपने गांव में ग्राम चौपाल कार्यक्रम को आयोजन किया। जहां इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह सिनसिनवार, उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल, सीओ पुवायां प्रवीण मलिक, कृषि उपनिदेशक शाहजहांपुर पुरुषोत्तम मिश्रा, जिला पर्यवेक्षक अधिकारी गौरव मिश्रा सहित कई विभागों के कर्मचारी और अधिकारी गण मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन कर रहे वीरपाल सिंह यादव पीटीआई ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को मंचसीन कराते हुए राजपाल यादव के द्वारा स्वागत कराया। साथ ही राजपाल यादव के बड़े भाई श्रीपाल यादव, राजेश यादव, चंद्रपाल यादव, इंद्रपाल यादव और सत्यपाल यादव के द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। इसी दौरान लालपुर आजादपुर के ग्राम प्रधान फतेहचंद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर ओमप्रकाश, नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद इशहाक उर्फ बड़ेलल्ला, हरवंश राना प्रधान, परमजीत सिंह, शिवशंकर वर्मा, उमेश सिंह, सुधीर सिंह आदि के द्वारा भी जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जिला पर्यवेक्षक अधिकारी गौरव मिश्रा ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि सरकारी के द्वारा तमाम तरह की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसमें एक योजना कन्या सुमंगला योजना है जिसमें बच्ची के जन्म से लेकर उसकी शादी के समय तक सरकार अलग अलग तरीके से कई बार पैसा देती है ताकि उनकी पढ़ाई लिखाई और शादी का सारा इंतजाम अच्छे से हो सके। वहीं निराश्रित महिलाओं के लिए 1 हजार रुपए प्रति माह दिए जाने की भी योजना सरकार द्वारा चलाई जा रही है।



वहीं कई महिलाओं की सुविधा के लिए 1090 पर कॉल कर अपनी समस्याओं की शिकायत दर्ज कर सकती हैं। साथी ही महिला हेल्पलाइन के साथ साथ चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 1098 और साइबर से संबंधित शिकायतों के लिए 1930 पर कॉल करके मदद ली जा सकती है। इस दौरान कार्यकम को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के उपनिदेशक पुरुषोत्तम मिश्रा ने बताया कि सरकार के द्वारा किसानों के लिए तमाम तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसमें किसान सम्मान निधि, किसान रजिस्ट्री, किसान फसल बीमा योजना सहित कई योजनाएं शामिल हैं। सरकार के द्वारा कई किसानों को कुछ बीजों का वितरण 50 प्रतिशत अनुदान और कुछ निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जानकारी के अभाव में किसान इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। शाहजहांपुर जिला कृषि क्षेत्र में उत्पादन की क्षमता को लगातार बढ़ा रहा है। वहीं कार्यकम में मौजूद जिला उद्यान अधिकारी ने भी सभा को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार के द्वारा कई प्रकार के पेड़ निशुल्क लोगों को दिए जा रहे हैं जिसमें बाग लगाने के लिए आम, अमरूद सहित कई पेड़ शामिल हैं। जिला कार्यालय में संपर्क कर लोग योजना का लाभ उठा सकते हैं। ड्रिप स्प्रिंकलर योजना का लाभ उठाने के लिए भी शाहजहांपुर विकास भवन में किसान संपर्क कर सकते हैं।

## मुमुक्षु क्रिकेट लीग के दूसरे मैच में एसएसएमवी की टीम जीती



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग का दूसरा मैच श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ तथा स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय की टीमों के मध्य खेला गया। खेल से पूर्व मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती एवं कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करके उन्हें शुभकामनाएं दीं। मैच का टॉस विधि महाविद्यालय की टीम ने जीता एवं पहले बल्लेबाजी का अवसर प्राप्त किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के मध्य कड़ा मुकाबला देखने को मिला। विधि महाविद्यालय की टीम ने 14 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए। जवाब में एसएसएमवी की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैच की खास बात यह रही कि एसएसएमवी की टीम के द्वारा आखिरी गेंद पर मैच जीता गया। खेल के दौरान शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो अजीत सिंह चारग तथा डॉ आलोक सिंह कमेंटेटर की भूमिका में रहे। मैन ऑफ द मैच का खिताब अनिल सिंह के नाम रहा। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद, उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, डॉ जयशंकर ओझा, कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रांजल शाही, डॉ अंकित अवस्थी, डॉ संदीप अवस्थी सहित बड़ी संख्या में सभी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, 500 लीटर लहन और 50 लीटर कच्ची शराब बरामद

**शाहजहांपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बुधवार को आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने व्यापक कार्रवाई की। जिलाधिकारी, संयुक्त आबकारी आयुक्त मेरठ जोन और उप आबकारी आयुक्त बरेली प्रभार के पर्यवेक्षण में जिला आबकारी अधिकारी शाहजहांपुर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में क्षेत्र-2 पुवायां के आबकारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार, क्षेत्र-3 के निरीक्षक गिरिजेश, क्षेत्र-4 के निरीक्षक रोशन लाल तथा बंडा पुलिस शामिल रही। टीम ने मोहिद्दीनपुर, चांदीपुर पड़री, नवीची, पसियापुर और अरेली गांवों में संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। अभियान के दौरान 500 किलोग्राम लहन तथा 50 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई, जिसे मौके पर नष्ट किया गया। इसके साथ ही देसी व कंपोजिट शराब की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। दुकानों पर गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज कराया गया तथा पीओएस मशीन से दर्ज बिक्री और रजिस्टर के अभिलेखों का मिलान किया गया। विभागीय अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को 100 प्रतिशत बिक्री पीओएस मशीन से स्कैन कर ही करने के सख्त निर्देश दिए। अभियान के दौरान टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध सतत निगरानी बनाए रखने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई।

### गन्ने के खेत में मिले बकरी के अवशेष, जंगली जानवर के शिकार करने का अंदेशा

**खुटार, शाहजहांपुर।** सौफरी गांव निवासी रवि प्रकाश कश्यप की मां सोमवती को दोपहर बाद अपनी चार बकरी चराने गई थी। सोमवती चकरोड के किनारे बैठ गई। बकरी चरते हुए दूर निकल गई। कुछ देर बाद तीन बकरी सोमवती के पास आ गई। एक बकरी लापता थी। सोमवती ने घर पहुंचकर एक बकरी लापता होने की जानकारी परिजनों को दी। परिजन तीन दिन तक बकरी की तलाश करते रहे। बुधवार को देर रात गांव के सहदेव के खेत में बकरी के शव के अवशेष मिले। गन्ना टूटा हुआ था। जिससे लग रहा था कि बकरी का शिकार किसी जंगली जानवर ने किया है। वन क्षेत्राधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि सौफरी गांव में किसी जंगली जानवर के बकरी के शिकार करने की जानकारी नहीं है। वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा जाएगा।

### नाबालिग लड़की को गायब करने में चार सहेलियां व दो युवक नामजद

**तिलहर, शाहजहांपुर।** स्कूल की चार सहेलियों द्वारा दो युवकों से बात कराने के बाद गांव हुई नाबालिग बेटी के साथ अप्रिय घटना होने की आशंका जताते हुए पीड़ित पिता ने सभी छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी पत्नी का पूर्व में ही देहान्त हो जाने के बाद वह नाबालिग बेटी के साथ रहते हैं। बीती 17/18 नवंबर की रात खाना खाकर दोनो सो गये। सुबह जब वह उठा तो उसकी घर मे नही थी। जो तलाश करने पर नही मिली। आरोप है कि बेटी की स्कूल की चार मुस्लिम सहेलियाँ नगर के मोहल्ला चौहटियाँ निवासी उसके पीछे बेटी से मिलने घर पर आकर अपने मोबाइल से मोहल्ला चौहटियाँ के ही युवक कैफ उर्फ ऐके पुत्र नत्थु खां व मोहल्ला हिंदूपट्टी निवासी फैसल पुत्र भूरे आदि से बात कराती थीं। आरोप है कि उक्त चारो ने षडयन्त्र करके उसकी नाबालिग बेटी को कैफ उर्फ ऐके व फैसल के साथ गलत प्रयोजन हेतु गायब करवा दिया है। पीड़ित पिता ने बेटी के साथ उक्त लोगों द्वारा अप्रिय घटना और जाने से मार देने की आशंका जताई है। आरोप है कि शिकायत करने पर उक्त लोगो व उनके घर वालो ने उसे धमकी देते हुए कहा है कि जो करना कर लो लड़की नही मिलेगी। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया आरोपियों के खिलाफ नामजद दर्ज कर ली गई है। लड़की की तलाश की जा रही है।

### तेज रफ्तार ट्रेन से टकराकर बाइक के उड़े परखच्चे



**तिलहर – शाहजहांपुर।** रेलवे ट्रैक पार कर रहे युवक की बाइक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ जाने से बाइक के परखच्चे उड़ गए। जबकि बाइक सवार मौके से लापता हो गया। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने बाइक के टुकड़ों को कब्जे में लेकर बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। तिलहर निगोही मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक पर गुरुवार को एक युवक फाटक बंद होने के बाबजूद बाइक लेकर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान बाइक शाहजहांपुर की ओर से आ रही डबल डेकर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ जाने से बाइक के परखच्चे उड़ गए। जबकि बाइक सवार मौके लापता हो गया। अचानक हुई घटना की जानकारी रेलवे फाटक के कर्मचारियों ने जीआरपी को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने बाइक के टुकड़ों को कब्जे में लेकर बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि अरसे पूर्व ही एक बाइक माल गाड़ी की चपेट में आने से चकना चूर हो गई थी। रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण के चलते रेलवे फाटक को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। राहगीरों का वैकल्पिक तौर पर रेल पटरियों को पार कर निकलने का सिलसिला जारी है। यदि आवागमन पर सख्ती न की गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### ओवर आल चैंपियनशिप न्याय पंचायत जेवां के नाम



**शाहजहांपुर।** विकास खंड पुवायां की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्लवन से की गई। प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर दौड़ बालक स्तर में क्रमशः रेहान प्रथम सेवान द्वितीय व रजत तृतीय स्थान पर तथा बालिका स्तर पर भावना प्रथम, अरिवा द्वितीय व मोहिनी तृतीय स्थान पर रहे। उच्च प्राथमिक स्तर पर 400मीटर दौड़ में बालक वर्ग में विशाल प्रथम, आलोक द्वितीय व शुभनेश तृतीय बालिका वर्ग में रुनझुन प्रथम। खुशबू द्वितीय व केसल तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी में उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में इटौली विजेता व जेवां उपविजेता तथा बालिका वर्ग में जेवां विजेता व इटौली उपविजेता रही।खो-खो में बालक वर्ग में नाहिल विजेता व इटौली उप-विजेता तथा बालिका वर्ग में जेवा विजेता व नाहिल उपविजेता रही। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी पुवायां श्री कृष्ण कुमार ने विजेता बच्चो को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## 17,500 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध, किसानों को नहीं होगी कमी

**▸ सभी सहकारी समितियों को जिलाधिकारी ने किया आवंटन**

**शाहजहांपुर।** उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में आगामी रबी सीजन के लिए यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। सहकारिता विभाग के पीसीएफ बफर गोदामों में कुल लगभग 17,500 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है, जिससे किसानों को उर्वरक की किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सामान्य स्टॉक में 7,500 मी. टन यूरिया उपलब्ध था, जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा 6,200 मी. टन का आवंटन सभी सहकारी समितियों को कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 9,951 मी. टन प्रीपोजिशनिंग स्टॉक को भी जिलाधिकारी ने अवमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इस पूरे स्टॉक का आवंटन भी सहकारी समितियों को कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बुआई के बाद बढ़ने वाली यूरिया मांग को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों को उर्वरक वितरण केंद्रों पर किसी प्रकार की कमी या असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने सहकारिता विभाग, पीसीएफ तथा इफको के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों की मांग से पहले ही समितियों पर आवंटित स्टॉक पहुंचा दिया जाए, जिससे किसानों को समय पर और बिना किसी परेशानी के यूरिया उपलब्ध कराया जा सके।

## रिक्रूट महिला आरक्षियों को एसपी ग्रामीण ने बताया अनुशासन, ईमानदारी और जनसेवा सर्वोपरि

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने बुधवार को जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही रिक्रूट महिला आरक्षियों के साथ सम्मेलन कर उन्हें पुलिस सेवा की मूल भावना और कर्तव्यनिष्ठा के बारे में विस्तार से दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ग्रामीण ने कहा कि पुलिस सेवा में अनुशासन, सत्यनिष्ठा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखना चाहिए। जनता से व्यवहार करते समय सौम्यता, संवेदनशीलता और धैर्य पुलिस की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान सतर्कता एवं प्रोफेशनल रवैया बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को हर परिस्थिति में पुलिस विभाग की गरिमा और सकारात्मक छवि कायम रखने की सलाह दी।



सम्मेलन के दौरान प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण से जुड़े मुद्दे और अपनी समस्याएँ भी रखीं, जिन्हें एसपी ग्रामीण ने गंभीरता से सुनकर आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी तिलहर, प्रशिक्षण स्टाफ एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। अधिकारियों ने महिला आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उत्कृष्ट पुलिसिंग और जनसेवा के लिए प्रेरित किया।

## मुख्य बाजार में एसपी ने की पैदल गश्त, परखी सुरक्षा व्यवस्था

**▸ संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने और रात में पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बुधवार को क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत तथा थाना सदर बाजार पुलिस बल के साथ मुख्य बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की। गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। एसपी ने बाजार क्षेत्र, गलियों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात की स्थिति का विस्तृत जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि भीड़ वाले इलाकों में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।



एसपी ने निर्देश दिए थाना क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त और रात्रि पेट्रोलिंग को अनिवार्य रूप से जारी रखा जाए। संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन/वस्तुओं पर सतर्क निगरानी रखी जाए। मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था सुचारू रहे ताकि आम जनता को असुविधा न हो। कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बीट पुलिस की गतिविधियाँ और अधिक सक्रिय की जाएँ। गश्त के दौरान एसपी ने स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था पर उनकी राय ली और उन्हें सतर्क तथा सहयोगी बने रहने की प्रेरणा दी। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना देने की अपील की। पूरी गश्ती कार्रवाई शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से की गई, जिससे व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई।

## बाइक से रास्ता रोककर किया प्राण घातक हमला, युवक लहूलुहान

**शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव अफतिया पुर निवासी शोभित पुत्र राम भरोसे ने थाना जलालाबाद में गुरुवार शाम के 5:00 बजे प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने लिंटर पड़ने के बाद बची हुई मौरंग ट्रैक्टर में लाद कर जलालाबाद वापस करने जा रहा था तभी धीयारा गांव की पुलिया के पास शिवेंद्र व गुरमीत ने रोड पर अपनी बाइक खड़ी कर दी। जब उन्होंने ट्रैक्टर निकालने के लिए साइड मांगी तभी पुलिया पर बैठे दोनों आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया जिससे उसका सर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। पीड़ित के पिता उसे बचाने आया तो उन्हें भी मारपीटकर अध मरा कर दिया। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर दबंग पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने घायलों को मेडिकल का उपचार के लिए सीएचसी जलालाबाद भेज दिया।

## 17 बीएलओ व 4 सुपरवाइजर अनुपस्थित, एडीएम का चढ़ा पारा

**▸ एसआईआर के अंतर्गत मैपिंग डिजिटाइजेशन की समीक्षा बैठक**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एडीएम वित्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में विकास खंड तिलहर सभागार में कटरा विधानसभा 131 में चल रहे हैं, विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण स्क्षृक्र के अंतर्गत मैपिंग डिजिटाइजेशन के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। प्रत्येक बीएलओ से डाटा डिजिटाइजेशन की प्रगति के संबंध में जानकारी ली गई। कुछ बीएलओ द्वारा डाटा डिजिटाइजेशन में अच्छा कार्य किया हैं, जोकि लगभग 20 प्रतिशत से अधिक है। कुछ बीएलओ द्वारा मात्र 2 प्रतिशत कार्य किया है, जिसको संतोषजनक न मानते हुए कठोर चेतावनी दी गई। समीक्षा के दौरान 17 बीएलओ और 4 सुपरवाइजर अनुपस्थित रहे। जिस पर एडीएम वित्त द्वारा कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के आदेश दिए। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## योगाचार्य रानू परमार्थी इंडियन योग एसोसिएशन ने किया सम्मानित

**▸ सहारणपुर में 16 नवंबर को आयोजित हुआ था समारोह**

**तिलहर, शाहजहांपुर।** तिलहर निवासी योगाचार्य एवं जिला अस्पताल में योग विशेषज्ञ चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ अखंड प्रताप शर्मा उर्फ रानू परमार्थी को सहारनपुर में एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान इंडियन योग एसोसिएशन के बैनर तले मोक्षायतन योग संस्थान में आयोजित योग सेतु एवं चिंतन शिविर में दिया गया। इस अवसर पर मोक्षायतन योग संस्थान के संस्थापक एवं पद्मश्री विभूषित अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु भारत भूषण तथा योग संस्थान की डायरेक्टर एवं वैश्विक योग गुरु आचार्या प्रतिष्ठा दीदी द्वारा उन्हें प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। योगाचार्य को यह सम्मान विगत कई वर्षों से भारतीय संस्कृति, योग आयुर्वेद एवं समाज सेवा के क्षेत्र में दिये जा रहे उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। पद्मश्री भारत भूषण ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनसे योग को और अधिक ऊर्जा एवं लगन के साथ प्रचारित प्रसारित करने की आशा व्यक्त की है। कार्यक्रम में संसदीय कार्य एवं उद्योग मंत्री जसवंत सिंह सैनी, नगर विधायक राजीव सिंह गुंबर, दिल्ली से आए पूर्व चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर के. सी. जैन, इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष पीयूष कांत मिश्रा, महामंत्री अमित गर्ग एवं प्रदेश भर के कई प्रतिनिधि शामिल रहे।

## जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का एसपी ने किया उद्घाटन

**▸ युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में खेल आवश्यक**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रोज़ा क्षेत्र के जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में बुधवार को नव निर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भव्य उद्घाटन पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। एसपी ने फीता काटकर कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ किया और विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की सराहना की। उद्घाटन के दौरान एसपी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि मनोबल,



अनुशासन और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही राष्ट्र के उज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। एसपी ने स्कूल परिसर और नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया तथा छात्रों और शिक्षकों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों को खेलकूद गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए अध्ययन के साथ शारीरिक विकास को भी बराबर महत्व देने की सलाह दी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक रोज़ा सहित पुलिस बल व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। पूरा कार्यक्रम गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## सेंट मेरी तिलहर स्पोर्ट्स एक्स्ट्रावेगेंजा का आगाज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्पोर्ट्स एक्स्ट्रावेगेंजा तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सीओ ज्योति यादव ने बलून उड़ाकर शुभारंभ किया। शुक्रवार को सुबह दस बजे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं सीओ ज्योति यादव ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि स्पोर्ट्स से बच्चों की प्रतिभा का विकास होता है। शिक्षा के साथ खेल इत्यादि कार्यक्रम बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज, शाहजहाँपुर के प्रबंधक रेव. फादर विजय टेल्स, इंद्र भान सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता निखिल, विद्यालय प्रबंधक रेव. फादर लाइजू एंटनी और प्रिंसिपल रेव. सिस्टर अविला के सानिध्य में छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय में विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## रेडक्रॉस ने बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों में सराहनीय कार्य के लिए महिला आपदा मित्रों को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं नोडल आपदा प्रबंधन अरविंद कुमार के कार्यालय में तहसील सदर की आपदा मित्रों नेहा कश्यप, शिवानी वर्मा, लक्ष्मी कश्यप, दिव्यांशी, राशि शुक्ला, मोनी आर्या एवं स्नेहा को रेडक्रॉस मेडल, मिष्ठान, प्रमाण पत्र एवं रेडक्रॉस द्वारा प्रदत्त महिला स्वच्छता हेतु स्वच्छता किट एवं मास्क, रेडक्रॉस की विस्तृत जानकारी हेतु प्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं



नोडल आपदा प्रबंधन अरविंद कुमार एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी द्वारा संयुक्त रूप से यह सम्मान प्रदान करते हुए अपर जिलाधिकारी ने बाढ़ आपदा प्रबंधन में सहायक भूमिका के लिए रेडक्रॉस की सराहना की। सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि रेडक्रॉस ने सदैव जन स्वास्थ्य एवं मानव सेवा में सहायक भूमिका निभाई है। यह सम्मान, उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ब्रजेश पाठक की संकल्पना के अनुरूप, महिला सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत उन महिला आपदा मित्रों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जा रहा है जिन्होंने बाढ़ एवं राहत कार्यों में आपदा मित्र के रूप में अमूल्य योगदान दिया है। संकट के समय में उनकी मानवीय सेवाएं महिला सशक्तीकरण मिशन के लिए प्रेरणादायक, सहायक एवं सराहनीय हैं। डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि यह सम्मान अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार के मार्गदर्शन एवं कुशल कार्यशैली का प्रमाण है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविन्द कुमार अपर ज़िलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, नरेन्द्र कुमार सिंह ज़िला युवा कल्याण अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी उसमान अली खाँ, एडवोकेट शोएब अन्सारी, आपदा विषेषज्ञ अभिषेक श्रीवास्तव, कमाण्डर आपदा मित्र इन्द्रजीत लोदी, प्रधान सहायक विनोद कुमार मिश्रा, पुरस्कार प्राप्त करने वाली महिला मित्र नेहा कश्यप, शिवानी वर्मा, लक्ष्मी कश्यप, दिव्यांषी, राशि शुक्ला, मोनी आर्या, स्नेहा अग्रज जौहरी, अनुज जौहरी एवं पवन सक्सेना आदि उपस्थित थे।

## अरुण गुप्ता गुरु गोरखनाथ सर्वोच्च हिंदू सम्मान से सम्मानित

**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू महासंघ नगर इकाई की बैठक जिला कार्यालय मोहल्ला ताजू खेल में जिला प्रभारी विश्व हिंदू महासंघ के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू महासंघ के 14 से 16 नवंबर तक योगी गंभीरनाथ प्रेक्षाग्रह एवं संस्कृत केंद्र तारामंडल गोरखपुर में विश्व हिंदू महासंघ के अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता के नेतृत्व में जनपद से 12 लोगों का शिष्ट मंडल मंडल प्रतिभाग लेने पहुंचा। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी देवेश त्रिपाठी, बरेली मंडल प्रभारी ओमपाल सिंह मौर्य, महानगर अध्यक्ष अनूप अवस्थी, प्रदेश मंत्री वीरेंद्र सिंह उर्फ काले, राजकुमार सिंह, अखिलेश तिवारी, प्रभारी ब्रज संभाग डॉ उमेश



चौधरी, जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ अनुराग शुक्ला, स्वामी विनय देव, बृजेश सक्सेना और भवानी राम, किशन सिंह, हेमंत सैनी आदि को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अस्मिता भंडारी एवं प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के द्वारा सर्वोच्च हिंदू सम्मान से जिला अध्यक्ष एवं पूरी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। 16 नवंबर को योगी गंभीरनाथ प्रेक्षागृह गोरखपुर में शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता को गुरु गोरखनाथ सर्वोच्च हिंदू सम्मान से सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व सभासद के बेटे का निधन

**कांट, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत के पूर्व सभासद मंगल शेर खां के बेटे बाइक मैकेनिक परवेज खान का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बुधवार को सुबह करीब 10 :30 बजे नगर के मोहल्ला शेरान निवासी नगर पंचायत के पूर्व सभासद मंगल शेर खान टॉकीज वाले के बाइक मैकेनिक परवेज खान उर्फ चांद मियां को दिल का दौरा पड़ा उन्हें निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया देर रात ईशा की नमाज के बाद उनको पत्रक कब्रिस्तान में सुपर्द ए खाक किया गया बड़ी संख्या में लोग उनके जनाजे में शामिल हुए।

### रोजगार मेला कल जलालाबाद में

**शाहजहांपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से कल 22 नवम्बर को रोजगार मेले का आयोजन राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद में किया जाएगा। जिसमे निजी क्षेत्र की लगभग 7 कम्पनी प्रतिभाग कर रही है। उक्त रोजगार मेले में 18 वर्ष से 40 वर्ष के तक के हाईस्कूल, इन्टरमीडियट तथा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। उक्त मेले हेतु अभ्यर्थी रोजगार संगम rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम rojgaarsangam.up.gov.in पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत होकर समस्त शैक्षिक, तकनीकि प्रमाण पत्र रोजगार कार्यालयका पंजीकरण कार्य अपने बायोडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ सुबह 10.30 बजे उपस्थित होकर रोजगार मेले प्रतिभाग कर सकते है।

### सड़क हादसे में चार लोग गंभीर घायल

**बंडा, शाहजहांपुर।** दो अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बंडा के बाबा चरनदास कालोनी निवासी अशफाक का 30 वर्षीय पुत्र सम्मी अपनी मोटर साईकिल से लुहिचि गांव से पढ़ाकर वापस अपने घर बंडा आ रहा था। बंडा की तरफ से सामने से आ रहे गांव गहलुइया निवासी संतोष के 33 वर्षीय पुत्र तेजवीर की मोटर साइकिल गांव रनमस्तपुर बुजुर्ग के पास एक छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में आमने सामने टकरा गईं जिससे दोनों गिरकर घायल हो गए। घायलों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी घटना में जिला लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव दरियाबाद निवासी बाबाराम का 30 वर्षीय पुत्र बंडा होते हुए वापस अपने घर जा रहा था, तभी बंडा पुवायां रोड पर जिंदल पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात युवक के साथ उसकी बाईक टकरा गई जिससे दोनों गिरकर घायल हो गए। घायल अवस्था में ही दोनों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चारों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### झलकारी बाई का 195वां जन्म दिवस 22 को

**सिंधौली,शाहजहांपुर।** वीरांगना झलकारी बाई का 195 बां जन्मदिवस 22 नवंबर रविवार को समय 11 बजे स्थान वीरांगना झलकारी बाई पार्क आवास विकास कॉलोनी निकट काशीराम कॉलोनी बरेली मोड़ शाहजहांपुर में मनाया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र पाल प्रभारी मंडल बरेली ने जानकारी देते हुए बताया झलकारी बाई का 195वा जन्मदिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें गणमान्य के साथ भारी संख्या में लोगों के आने की संभावना है।

### बैंक पासबुक में एंट्री न होने से उपभोक्ताओं को होती है परेशानी



**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा स्थित बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों की मनमानी के कारण खाताधारकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पासबुक पर एंट्री करने आए ग्राहकों को मशीन खराब होने की बात कहकर टरकाया जा रहा है। वहीं केवाईसी के नाम पर ग्राहकों की जेब ढीली की जा रही है। आरोप है कि बैंक के कर्मचारी केवाईसी के लिए आए ग्राहकों को शाखा के सामने एक बैंकिंग सेवा केंद्र पर भेज रहे हैं। जहां उनसे 50 से लेकर रु.100 तक वसूलें जा रहे हैं। तब जाकर केवाईसी की जा रही हैं। गुरुवार आसपास के गांवों के दर्जनों ग्रामीण इसी बैंक में राशि निकालने आए थे। काफी देर तक लाइन में लगने के बाद उन्हें कोई न कोई कारण बता कर बैंकिंग सेवा केंद्र पर भेज दिया गया। खाताधारक सत्यपाल सिंह, रामपाल, रामवीर, रामसेवक, कृष्णपाल आदि नें बताया बैंक में समय पर राशि मिल सके इसलिए जमा करते हैं। लेकिन बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों का रवैया दिनों दिन खराब होते जा रहा है। बैंक में नगद निकासी के लिए आने वाले खाताधारकों को घंटों इंतजार कराने के बाद भी उनका कार्य नहीं किया जा रहा वहीं बैंक शाखा में आए दलालों का काम पहले किया जा रहा है। इस बारे में जब बैंक के शाखा प्रबंधक अतीकुर रहमान से बात तो उन्होंने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### किसान संगठन ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**सिधौली, शाहजहांपुर।** नव भारती किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सोनू के नेतृत्व में वीडीओ की अनुपस्थिति में पांच सूत्रीय ज्ञापन एडीओ को सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने ग्राम पंचायत पनवाड़ी में हो रहे अनियमित कार्यों पर गंभीर सवाल उठाए। बताया गया कि पंचायत में पीली और पुरानी ईंटों का प्रयोग कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसकी तत्काल जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए। किसान संगठन ने गन्ना सेंट्रो पर किसानों से अवैध वसूली और 50 किलो गन्ना काटने जैसी अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने मांग की कि इसकी जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा जन सेवा केंद्रों पर आधार कार्ड बनवाने के नाम पर अवैध रूप से पैसे वसूलने और पात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त करने की शिकायतें भी शामिल रहीं। संगठन ने कहा कि पात्रों के राशन कार्ड बनवाने के लिए कागज तो ले लिए जाते हैं पर काम नहीं होता, जिसकी जांच आवश्यक है। बाजपुर में सफाई कर्मचारी द्वारा ठीक से सफाई न किए जाने और ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला भी ज्ञापन में प्रमुख रूप से उठाया गया। ज्ञापन देने वालों में प्रेम वर्मा, दिनेश मिश्रा, पुनीत मिश्रा, सुमित मिश्रा, शुभम मिश्रा, सागर मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, अजय मौर्या, जसबीर वर्मा, सियादेवी शर्मा, मनोज कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**निगोही में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ**

# बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर जीते मेडल

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकास क्षेत्र निगोही में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया तिवारी के खेल मैदान में आयोजित की गई खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक की आठों न्याय पंचायत के प्राथमिक स्तर के बच्चों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर 50 मी.बालिका वर्ग की दौड़ की शुरुआत कराई जिसमें स्वाती प्रथम, प्रिया द्वितीय एवं मुस्कान तृतीय स्थान पर रहीं। प्राथमिक स्तर 100 मी. बालक वर्ग में हर्षित तथा बालिका वर्ग में स्वाती ने स्वर्ण पदक जीता। 200 मी. बालक वर्ग में किशन तथा बालिका वर्ग में प्रिया ने स्वर्ण पदक जीता।400 मी. बालक वर्ग में विवेक तथा बालिका वर्ग में मुस्कान विजेता रही। कबड्डी बालक वर्ग में न्याय पंचायत अजीजपुर विजेता एवं अजमतपुर उपविजेता रहा तथा कबड्डी बालिका वर्ग में अजमतपुर के बच्चे विजेता तथा अंडखेड़ा के बच्चे उपविजेता रहे। खो-खो बालक वर्ग में न्याय पंचायत अजीजपुर विजेता एवं निगोही उपविजेता तथा बालिका वर्ग में अंडखेडा विजेता एवं अजमतपुर की टीम उपविजेता रही।लंबी कूद बालक वर्ग में हर्षित प्रथम,सौरभ द्वितीय तथा बालिका वर्ग में मुस्कान प्रथम,करिश्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज एवं ग्राम प्रधान अखिलेश सिंह ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान की तथा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु सभी खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास करते रहें तथा जिला स्तर पर निगोही ब्लॉक को चैंपियन ट्रॉफी दिलाएं। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक संजय सक्सेना के द्वारा किया गया।

निर्णायक मंडल में अवधेश कुमार, तौकीर अहमद, विनोद कुमार, अमित गुप्ता, आलोक कुमार एवं आशीष बाजपेई शामिल रहे। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में सुरेन्द्र पाल सिंह, पुत्तू लाल श्रीवास्तव, सुरेश पाल कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद, संजीव वर्मा, अर्चना राजपूत, रंजना पाल, गरिमा दिनकर, संजीदा बानो, गिरजेश मिश्र, हिमांचल शर्मा, कुशवाहा कांत, अंकित वर्मा, प्रदीप मिश्रा, विपिन कुमार, रवि वर्मा, सुरेश चंद्र वर्मा, मानवेंद्र सिंह, घनेंद्र यादव, विजेन्द्र पाल, रंजना पाल, बिजेंद्र राठौर, संदीप सक्सेना, हिमांशु सिंह, राहुल दिवाकर, जीशान सिद्दीकी, देवेंद्र सिंह, रामप्रकाश सिंह, रजनीश कुमार आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बच्चों को जागरुक करते हुए कहा कि यूनाइटेड नेशंस द्वारा 20 नवंबर 1959 को बाल अधिकारों की घोषणा की गई। आज के दिन पूरी दुनिया में बच्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस मनायाजाता है बच्चों को उनके अधिकार दिलाने के लिए विभिन्न संस्थाएं कार्य कर रही हैं अतः इस विश्व बाल दिवस पर हम अपने बच्चों की बात सुने और जब भी वे अपने अधिकारों के लिए खड़े हों तो उनकी आवाज बुलंद करें। बच्चों को समय का महत्व अवश्य समझना चाहिए क्योंकि किशोरावस्था का वह समय बहुत महत्वपूर्ण होता है जब बच्चे अध्यन कर रहे होते हैं विभिन्न सवाल उनके मस्तिष्क में भरने लगते हैं जिनको हल करने के लिए माता-पिता एवं गुरुजनों को उत्तर तलाश कर उन्हें सही जानकारी देकर उनके विश्वास को बढ़ाने का कार्य करना चाहिए ।यदि समय पर किशोरावस्था में बच्चों को आवश्यक दिशा निर्देश नहीं दिए गए तो वह भटकाव की ओर जा सकते हैं जिसकी जिम्मेदारी हमारे समाज की ही होती है। गोष्ठी को स्कूल की संरक्षिका इरम मंसूरी नीतेश कुमार त्रिवेदी कृष्ण पाल गौतम ने संबोधित किया गोष्ठी का कुशल संचालन विज्ञान शिक्षक अब्दुल रहमान खान ने किया इस मौके पर स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## परिवार परामर्श केंद्र में 30 प्रकरणों की सुनवाई, एक दंपती को समझौते के बाद किया विदा

**▸ शाहजहांपुर पुलिस ने संवाद, समन्वय और मध्यस्थता से सुलझाया विवाद**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में बुधवार को पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में परामर्श सत्र आयोजित किया गया। सत्र में कुल 30 प्रकरणों की सुनवाई की गई, वहीं एक दम्पति को आपसी सहमति से समझौता होने पर सकुशल विदा किया गया। चार वर्ष पूर्व विवाह, पाँच माह से अलग रह रही थी पत्नी सदर बाजार क्षेत्र निवासी दम्पति परामर्श केंद्र पहुँचे, जहाँ पत्नी ने बताया कि घरेलू विवादों के चलते पति द्वारा मारपीट व गाली-गलौज की जाती थी। पीड़िता पिछले पाँच माह से मायके में रह रही थी। परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों के बीच विस्तृत वार्ता, समझाइश और मध्यस्थता कराई गई। परामर्शदाताओं ने दम्पति को आपसी विश्वास, संयम, संवाद और परिवार की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सभी पक्षों की सहमति के बाद दम्पती ने पुनः साथ रहने का निर्णय लिया और आपसी समझौते के बाद संतुष्टि के साथ उन्हें विदा किया गया। उपस्थित अधिकारीगण परामर्श सत्र में महिला उपनिरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका, महिला आरक्षी पिंकी सहित अन्य परामर्शदाता एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### सिर पर फावड़ा मारने से पीड़ित घायल, पिता और दो पुत्रों पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव खंडसार निवासी गंगाराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 नवंबर की शाम करीब चार बजे गांव के फूलचंद्र अपने बेटे अजय, गोपाल के साथ फावड़ा से उसके खेत की मेड़ काटकर अपने खेत में मिला रहे थे। इस बीच वह मौके पर पहुंच गया और मेड़ काटने का विरोध किया। उक्त आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त आरोपियों ने पीड़ित के साथ पिटाई की। तभी फूलचंद्र ने हाथ में पकड़े फावड़े से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। सिर में फावड़ा लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उक्त आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग निकले। उक्त आरोपी दबंग किस्म के हैं। इससे पूर्व भी आरोपी पिटाई कर चुके हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दो से तीन दिनों में रैन बसेरों का संचालन कर प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें: डीएम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में रैन बसेरों के संचालन के संबंध में नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ वीसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि दो से तीन दिनों में रैन बसेरों का संचालन कर प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत से शीतलहर के दौरान संचालित किये जाने वाले रैन बसेरे के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया है कि नगर निगम/समस्त नगर पालिका/नगर पंचायतों में रैन बसेरों को व्यवस्थित करके उनका उद्घाटन जनप्रतिनिधियों से करा लिया जाए। रैन बसेरों में साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, शौचालय आदि पूर्ण करा लिया जाए। आम-जनमानस की सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग लगातार उसकी मॉनिटरिंग हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बस अड्डा, रेलवे स्टेशन आदि भीड़ वाले जगहों पर इस आशय का बैनर लगवाया जाए कि रैन बसेरा कहा संचालित है तथा संचालित होने वाले रैन बसेरों का आम-जनमानस में प्रचार कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि रैन बसेरों को दो दिवस में संचालित करते हुए उसकी फोटोग्राफ अपर जिलाधिकारी वि.रा. को भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर आयुक्त नगर निगम, अपर जिलाधिकारी वि.रा., समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत मौजूद रहें।

### चोरों ने ब्लाक में की चोरी, रिपोर्ट नहीं

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** बुधवार की बीती रात ब्लाक परिसर में चोरों ने विकास खंड कार्यालय के ताले तोड़कर लेखाकार कार्यालय में रखी अलमारी के ताले तोड़कर तलाशी ली, लेकिन नकदी न मिलने पर समान उलट-पलट दिया, लेकिन कार्यालय से कोई सामान नहीं ले गए। इसके अलावा आवास नंबर एक ब्लाक प्रमुख के आवास का ताला तोड़कर लेबर पप्पू निवासी सुल्तान पुर के झोले में रखे 37 हजार और आवास में रखा मोबाइल चोरी कर ले गए लेवर पप्पू को ठेकेदार राम कुमार ने हिसाब करके उसे दिए थे ठेकेदार शाहजहांपुर जा रहा था पप्पू को शादी समारोह में शाहजहांपुर जाना था इस लिए उसने अपना झोला ब्लाक प्रमुख के आवास पर रख कर उसके साथ चला गया। सुबह जब सफाई कर्मी सफाई करने पहुंचा तब उसने कार्यालय के ताले टूटे देखे और ब्लाक परिसर में बने आवास रह रहे एडीओ ज्ञानेंद्र सिंह सूचना दी एडीओ ने 112 पर काल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पहुंची पुलिस ने वीडियो बनाकर जांचपड़ताल की। कार्यवाहक विकास खंड अधिकारी विकास किशोर ने थाने में चोरी ल तहरीर देकर विकास खंड परिसर की सुरक्षा की मांग की है। कोतवाल राजीव कुमार ने बताया तहरीर आई है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## फिर बंद हुआ तहसील और ब्लाक क्षेत्र में ई-बसों का संचालन, शहर में चलाने के निर्देश

**▸ विभाग का निर्णय, ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों की बढ़ी चिंता**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक और तहसील क्षेत्र में ई-बसों का संचालन एक बार फिर बंद करने का आदेश कर दिया गया है। विभाग ने आदेश जारी करते हुए सभी ई-बसों को अब केवल शहर में ही चलाने के निर्देश दिए हैं। इससे देहात क्षेत्रों से जिला आवागमन करने वाले यात्रियों के सामने समस्या खड़ी हो सकती है।

कुछ दिन पहले भी देहात मार्गो पर ई-बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। घाटा पड़ने पर विभाग ने दो दिन बाद इसे पुनः शुरू कर दिया था, लेकिन अब एक बार फिर देहात मार्गो से ई-बसें हटाने का निर्णय लिया गया है। बतादें शहर की सड़कों के सकरी होने के कारण ई-बसों के चलते जाम की स्थिति बनती है। इसके अलावा शहरी मार्गो पर ई-बसों की आय भी नाममात्र रहती है, जोकि अभी देखा जा चुका है एक दिन की 23 बसों से मात्र44 सौ की इनकम हुई थी। जिससे बस संचालन लगातार घाटे में जाता देख संचालन शुरू कर दिया था। हालांकि ई-बसें बंद होने से ब्लॉक और तहसील मुख्यालय जाने वाले ग्रामीणों के सामने मुश्किल खड़ी हो जाएगी। देहात क्षेत्रों में पहले से ही रोडवेज बसों की संख्या बेहद कम है। ऐसे में अब लोगों को आवागमन के लिए डग्गामार वाहनों पर निर्भर होना पड़ेगा, जिससे असुरक्षित यात्रा जैसे खतरे भी बढ़ेंगे। यात्रियों का कहना है कि ई-बसें बंद होने से उन्हें कार्यालय, बाजार और सरकारी कामकाज के लिए शहर पहुंचने में परेशानी होगी।

> ‘जल्द ही लखनऊ जाकर परिवहन मंत्री से वार्ता की जाएगी, यात्रियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।’
> 
> -डॉ.सुधीर गुप्ता
> एमएलसी

छात्र-छात्राओं और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि विभाग बसों बंद करना यात्रियों के लिए धोखा है क्योंकि बहुत से लोगों ने ईबसों का कार्ड भी बनवा लिया है जिससे सैकड़ों कार्ड रद्दी हो जाएंगे। इसके अलावा उन्हें रोडवेज या डग्गामार वाहनों का सहारा रहेगा, लेकिन रोडवेज की संख्या पर्याप्त नहीं है जबकि शहर के लिए देहात क्षेत्र के लोगों का आवागवन अधिक है इसलिए उन्हें अपनी जान जोखिम में डालकर डग्गामार का ही सहारा लेना पड़ेगा। ई-बसों का संचालन जनपद मुख्यालय से तहसीलों तक होने से रोजाना चलने वाले यात्रियों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों को काफी सहूलियत है। सिटी बस प्रबंधन संचालन से पता चला है कि ई-बसों का संचालन पुवायां, जलालाबाद आदि रुटों पर बंद किया जाने का आदेश आया है, जिसको लेकर हमारे द्वारा पत्राचार एमडी को किया गया है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम स्कूल दस्तावेज में अनुग्रह लिखा है, जबकि अन्य दस्तावेजों में अनुग्रह लाल दर्ज है। भविष्य में मेरे पुत्र को अनुग्रह लाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

सूचनार्थी
गोरियन लाल पुत्र जीवी लाल
निवासी-निकट गन्ना शोध संस्थान,
हथौड़ा बुजुर्ग, तहसील-सदर,
जनपद-शाहजहांपुर।

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर अटेवा का दिल्ली में प्रदर्शन 25 को

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार 20 नंबर को अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच शाहजहांपुर की एक महत्वपूर्ण मासिक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उनके आवास पर संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि आगामी 25 नवंबर को शिक्षक एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली हेतु एवं शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता के विरोध में अटेवा की देशव्यापी महारैली दिल्ली में होने जा रही है जिसमें शाहजहांपुर से भी हजारों की संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी एनपीएस एवं यूपीएस जैसे काले कानून के विरोध में रैली को सफल बनाने के लिए पहुंचेंगे तथा यह भी निवेदन किया कि जिन साथियों ने अब तक 25 नवंबर को दिल्ली जाने का मन ना बनाया हो वह साथी भी अपने बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली अवश्य चले। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने दिल्ली में 25 नवंबर को होने वाली महारैली को सफल बनाने के लिए एक स्वर में सहमति व्यक्ति की। आज की बैठक में जिला कैडर प्रमुख/ब्लॉक अध्यक्ष कांट धनपाल सिंह, जिला महामंत्री संजीव गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीराज, जिला संगठन मंत्री अमित यादव, जिला मीडिया प्रभारी योगेश कुमार वर्मा, जिला सहसंयोजिका सुमन वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य उमेश बाबू, ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर हयातुल्लाह खां, ब्लॉक संयोजिका जलालाबाद सीमा राज, ब्लॉक कोषाध्यक्ष कांट नरेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### दो घंटे में परिजनों के सुपुर्द की खोई बच्ची

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** कस्बे में बुधवार दोपहर को श्री राम जानकी महाराज मंदिर के पास एक छह वर्षीय बच्ची लावारिस हालत में रोते हुए मिली थी। समाजसेवी पूरन लाल मिश्रा ने उसे थाने पहुंचा था। पुलिस नें त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 घंटे में बच्ची के परिजनों को ढूंढ निकाला। थाना प्रभारी गौरव त्यागी के नेतृत्व में हेड मोहर्रिर कपिल कुमार, कांस्टेबल तरुण सिरोही नें बच्ची के परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कई स्थानों पर लोगों को जानकारी दी। 2 घंटे की कड़ी में मशक्कत बाद बच्चों के परिजनों का पता लगाया। बच्ची पहचान की पहचान गौहापुर निवासी रक्षपाल बेटे हंसराज की 6 वर्षीय पुत्री मानवी के रूप में हुई। हंसराज अधिकतर समय पत्नी बच्चों के साथ दिल्ली में रहता है। मेले पर घर आया था। इसलिए बच्ची को अपने घर का पता दिल्ली याद रहा। बच्ची को पाकर परिजन खुश हो गए। उन्होंने पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां जनपद- शाहजहांपुर

पत्रांक-506/न.पा.प.-पु./निविदा सूचना/का.पशु आ./2025 — दिनांक- 19.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से कार्यादेश की तिथि से 31.03.2025 तक की अवधि के लिए अधोलिखित आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 29.11.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.11.2025 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां शाहजहांपुर से नकद राशि जमा करके क्रय किये जा सकते है। समस्त कार्यों की निविदायें कार्यालय नगर पालिका, पुवायां शाहजहांपुर में रखे टेण्डर बाक्स में दिनांक 29.11.2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक डाली जा सकेगी। प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उसी दिन अपरान्ह 4:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | प्रस्तावित कार्यों का विवरण | जमानत की धनराशि | आपूर्ति की मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | कान्हा पशु आश्रय स्थल मे गायों को खिलाये जाने हेतु पशु आहार कपिला/इफको/ गनेश (दरें प्रति कुन्तल में) | 20000.00 | आवश्यकतानुसार | 1000.00 |
| 2. | कान्हा पशु आश्रय स्थल मे गायों को खिलाये जाने हेतु भूसा। (दरें प्रति कुन्तल में) | 25000.00 | आवश्यकतानुसार | 1000.00 |

1. निविदा के साथ उपरोक्तानुसार जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक हो अथवा नकद जमा किया जाना अनिवार्य है।
2. उपरोक्त कार्यों से सम्बन्धित अन्य शर्ते व जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, पुवायां**
**शाहजहांपुर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, पुवायां**
**शाहजहांपुर।**

## खबरें एक नजर में

### पराली न जलाने को लेकर कृषि अधिकारियों द्वारा बराबर किया जा रहा जागरूक



**कुरारा, हमीरपुर।** कृषि विभाग द्वारा क्षेत्र के लोगो को लगातार जागरूक करने के बाद भी खेतों में पराली जलाए जाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे वातावरण प्रभावित हो रहा है क्षेत्र में इस समय धान की फसल की कटाई व थ्रेशिंग का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। खेत खाली करने के लिए लोग धान फसल अवशेष पराली में आग लगा देते है। जिससे पराली जलकर राख हो जाती है। सरकार द्वारा पराली जलाए जाने पर रोक लगाई गई है। पराली जलाने से उठने वाले धुएं से वातावरण प्रदूषित होता है। कृषि विभाग द्वारा गांवों में धान की खेती करने वाले किसानों को खेत में पराली न जलाए जाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। फिर भी लोग खेतों में पराली में आग लगा देते है। पराली जलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही व जुर्माना का भी प्राविधान है। कृषि बीज भंडार प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पराली निस्तारण के लिए छूट पर कृषि यंत्र दिए जा रहे है।

### अन्नू कानपुर ने जय सिंह जालौन को पटका, बिरखेरा के ब्रह्मदेव बाबा मेले में हुआ दंगल



**भरुआ, सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत बिरखेरा के ब्रह्मदेव मेला में आयोजित विशाल दंगल में नामीगिरामी पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्तियां हुई। इस मौके पर सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की मूर्ति का अनावरण किया गया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बिरखेरा प्रधान अशोक कुमार यादव ने ब्रह्मदेव बाबा मेले में विशाल दंगल का आयोजन कराया। इस मौके पर सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की मूर्ति का अनावरण पूर्व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ममना एवं लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह यादव ने संयुक्त रूप से किया इस मौके पर आयोजित विशाल दंगल में श्याम बांदा ने जयसिंह जालौन को हराया। महिला पहलवान अन्नू कानपुर ने जय सिंह जालौन को जोरदार पटकनी दी। कुलदीप टेढ़ा ने लालमन फतेहपुर को हराया। आशीष मुंडेरा, मोहित तिलसरस, कल्लू इंगोहटा, कुलदीप टेढ़ा, श्याम बांदा, अतर सिंह हमीरपुर, विनय धौहल, राधेश्याम मिरगहनी, अन्नू कानपुर, नैना लखनऊ, कल्लू इंगोहटा, लालमन फतेहपुर के मध्य हुई कुश्तियां बराबरी पर छूट गई। रैफरी की भूमिका रामकिशुन नन्ना सुमेरपुर, सूरजपाल सिंह तिलसरस ने निभाई। संचालन सुरेश यादव दपसौरा एवं वीरेंद्र पहलवान टेढ़ा ने किया इस मौके पर दंगल के आयोजक अशोक कुमार यादव, सपा नेता अजय उर्फ कल्लू यादव, बदलू, फौजी, रमाशंकर यादव, अजय पाल साहू, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, अनुज गुप्ता, राजेश सविता, रामदत्त यादव, सिद्ध गोपाल यादव, अरुण सिंह यादव, वेद प्रकाश वर्मा, नोखे लाल यादव, रामेश्वर निषाद, जयराम यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### इंगोहटा मेहर मंदिर में मेहर प्रेम मेला सम्पन्न



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा के पालीवाल इण्टर कालेज में स्थित मेहर मंदिर में गुरुवार को मेहर प्रेम मेला का आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कीर्तन, भजन कर मेहर बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। वक्ताओं ने प्रेम,एकता और मेहर बाबा के आध्यात्मिक संदेश पर प्रकाश डाला। गाजियाबाद के प्रकाश, मौदहा के किशोरीलाल, रमेश, बलराम, झांसी के बाबूलाल, ऊषा, रामस्वरूप साहू राठ, श्यामलाल जराखर,एनादीन महोबा, मुन्नीलाल राठ आदि ने प्रवचन प्रस्तुत कर मेहर प्रेम का महत्व बताया। भजन गायक भगवानदीन और उस्ताद भीखम ने संगीतमय कीर्तन भजन प्रस्तुत किए, जिससे श्रद्धालु भाव–विभोर हुए। कार्यक्रम में रामसहोदर विश्वकर्मा,अशोक कुमार निगम, अरविन्द कुमार पालीवाल, रामभजन विश्वकर्मा, राजीव कुमार निगम, समेत सैकड़ों मेहर भक्त शामिल रहे। श्रद्धालुओं ने मेले को सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक एकता का प्रतीक बताते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया?

### एएसपी-एडीएम ने उपमुख्यमंत्री के दौरे से पूर्व हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



**चरखारी/महोबा।** यूपी सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज द्वारा संयुक्त रूप से हेलीपैड स्थल का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पूरे मार्ग की यातायात व्यवस्था का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक सुधारात्मक दिशा–निर्देश दिए गए। ड्यूटी में नामित पुलिस बल को सतर्कता, व्यवस्थापन तथा सुरक्षा दायित्वों के निर्वहन हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए, ताकि आगामी कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न हो। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ विनोद कुमार,प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर सत्यपाल सिंह,थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे तथा समस्त व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने हेतु आवश्यक निर्देश प्राप्त किए।

### एसपी ने निर्माणाधीन महिला थाना का निरीक्षण कर परखी निर्माण कार्य की गुणवत्ता



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर के पास निर्माणाधीन महिला थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, संरचना की गुणवत्ता तथा महिला थाना की आवश्यकताओं के अनुरूप की जा रही व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने पाया कि महिला थाना भवन का अधिकांश निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने शेष बची आवश्यक सुविधाओं एवं अधूरे कार्यों को चिन्हित करते हुए कार्यदायी संस्था को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने विशेष रूप से महिला शिकायतकर्त्ताओं के लिए सुरक्षित,गोपनीय एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने,परामर्श कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, रिकॉर्ड रूम, ड्यूटी ऑफिस, बैरक एवं अन्य आवश्यक कक्षों की संरचना मानकों के अनुरूप पूरी करने,विद्युत, स्वच्छता, पेयजल एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएँ पूरी तरह दुरुस्त और उच्च गुणवत्ता की करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नया भवन अत्याधुनिक एवं महिला–केंद्रित सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे महिला संबंधी मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण में और अधिक प्रभावशीलता आएगी। उन्होंने कार्यदायी संस्था को समयबद्धता, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के पालन के साथ सभी शेष कार्य पूर्ण करने के लिए कड़ी हिदायत दी।

### संदिग्ध परिस्तिथियों में क्षतविक्षत अवस्था में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अधेड़ का शव



**महोबा।** मुख्यालय के लवकुशनगर रोड सुभाष नगर मोहल्ला निवासी मंगल यादव पुत्र रामदास यादव उम्र 45 वर्ष का शव मध्य प्रदेश के सीमावर्ती ग्राम पठा के पास से निकली महोबा–खजुराहो रेलवे लाइन पर क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा मिलने से हड़कम्प मच गया। रेलवे गैंगमैन की सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा उसकी शिनाख्त मंगल के रूपये में की गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि मंगल रेलवे ट्रैक पार कर रहा होगा तभी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

### करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत

**कुलपहाड़/महोबा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिकरिया पनवाड़ी निवासी अरविंद्र यादव पुत्र सुजान सिंह यादव की भैंस की करेंट लगने से मौके पर ही मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मोहल्ले के लोगों बृजपाल, भारत, सुक्कन, रज्जू, सुजान, नेपाल आदि लोगों ने भैंस के करंट से मरने का कारण खम्भे मे लगे सपोर्टर तार से भैंस के स्पर्श होने से मौत हो जाना बताया है। जो मुख्य रूप से विधुत विभाग की घोर लापरवाही को बया करता है। भैंस का पोस्टमार्टम कराने हेतु जैतपुर पशु चिकित्साधिकारी को सूचित कर बुलाया गया एवं सम्बंधित लेखपाल को भी मौके पर बुलाया गया है।जिससे किसान को आर्थिक मदद दिलाकर लाभान्वित किया जा सकें।

---

**नहीं थम रहा मौदहा में हत्याओं का दौर, एक माह में छः हत्याकांड**

# दिनदहाड़े धारदार हथियार से वृद्ध महिला की हत्या

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**





क्षेत्र के ग्राम करहिया में पुरानी खुन्नस को लेकर भतीजे ने अपने घर जा रही चाची पर दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से हमला कर सरेआम हत्या कर दी। वहां मौजूद ग्रामीणों ने आरोपी का रुख देख किसी ने महिला को बचाने की जहमत मोल नहीं ली। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी खून से सनी कुल्हाड़ी लहराता हुआ गांव से भाग निकला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के आलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम करहिया में कल्ली 62 वर्ष पत्नी मेड़े लाल आरख गुरुवार को लगभग नौ बजे गांव की मालिन से मिलकर अपने घर लौट रही थी तभी उसके परिवार से रंजिश मानने वाले उसके पारिवारिक भतीजे धर्मेंद्र पुत्र शिवलाल ने रास्ते में उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिस पर घायल कल्ली जान बचाने की मंशा से वहां मौजूद लोगों से अपनी जान बचाने की गुहार लगाते हुए अपने घर की ओर भागी लेकिन धर्मेंद्र कुल्हाड़ी लेकर उसके पीछे भागा और उसके गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे कल्ली अपने घर के दरवाजे के पास रास्ते पर गिर गई। कल्ली की मदद की गुहार लगाने पर वहां मौजूद ग्रामीणों ने आरोपी धर्मेंद्र को रोकने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने धर्मेंद्र को कुल्हाड़ी लहराते देखा तो किसी ने पास जाने की जहमत मोल नहीं ली। धर्मेंद्र ने कल्ली के गले पर कुल्हाड़ी से कई बार कर दिए जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी खून से सनी कुल्हाड़ी लहराता हुआ मौके से भाग निकला। इस घटना से प्रत्यक्ष दर्शियों में दहशत का माहौल बन गया। यह खबर गांव में फैलते ही मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। घटना की सूचना मिलने पर अपर एसपी मनोज कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडे व कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह दलबल सहित मौके पर पहुंच गए और मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतका के पति व दोनों बेटों के मौके पर न होने के चलते कोतवाली पुलिस उनका इंतजार करती रही। घटना के लगभग 5 घंटे बाद मृतका के परिजनों के आते ही घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतका का पति मेड़े लाल व उसके दोनों बेटे ज्ञान सिंह व मानसिंह अपने परिवार समेत कानपुर में रह मजदूरी करते हैं। मृतका भी कानपुर आना जाना बना रहता है हाल में ही कुछ दिन पूर्व वह गांव आई थी। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि दो माह पूर्व नवदुर्गा के समय मेड़े लाल व उसके परिवार ने गांव के मंदिर में हवन पूजन किया था जिसमें बनी यज्ञ वेदी में लगी इंटे धर्मेंद्र निकलने लगा तो यह देख मेड़े लाल ने उसको मना किया धर्मेंद्र द्वारा उल्टा सीधा बोलने पर मेड़े लाल ने उसे दो-तीन डंडे मार दिए थे तब से धर्मेंद्र उनके परिवार से खुन्नस मानने लगा था फिलहाल कोतवाली पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने के साथ-साथ आरोपी की तलाश में जुट गई है। यह घटना गांव समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## एकता यात्रा में भाजपा की एकता हुई तार-तार, पदयात्रा से नदारत रहा मुख्य संगठन



**भरुआ सुमेरपुर।** देश के पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की छह किलोमीटर पदयात्रा में भाजपा की एकता तार तार होती दिखी। इस पदयात्रा से भाजपा का संगठन नदारत रहा। महज सदर विधायक और ब्लॉक प्रमुख की मौजूद रहे। पूर्व गृहमंत्री पटेल जयंती के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा पूरे प्रदेश में एकता पदयात्रा का आयोजन कर रही है। गुरुवार को यह आयोजन पंधरी गांव से कस्बे के पशु बाजार प्रांगण तक किया गया। इस पदयात्रा में भाजपा का मूल संगठन गायब था। सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख जय नारायण सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, सरस्वती द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह आदि ही पदयात्रा में नजर आए। उनके साथ ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी,ग्राम पंचायत सदस्य, व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल रहे। पद यात्रा का पंधरी से लेकर कस्बे तक जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। पुष्पवर्षा में बुलडोजर का उपयोग किया गया।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकली विशाल पदयात्रा एवं हुई विशाल जनसभा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा ने एकता यात्रा (रन ऑफ यूनिटी) का छह किमी की पद यात्रा की गई। इसके बाद पशु बाजार में विशाल जनसभा हुई। विधान सभा स्तरीय आयोजन के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि आजादी के बाद देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता के लिए दृढ़ता के साथ फैसला लिया और सभी रियासतों को शामिल किया। उनके इस कदम पर वह लौह पुरुष के नाम से प्रसिद्ध हो गए। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति , जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सेंगर, बालमुकुंद शुक्ला, पूर्व विधायक युवराज सिंह, बृजकिशोर गुप्ता, सरस्वती शरण द्विवेदी आदि ने विचार रखे। मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि रन फॉर यूनिटी की पद यात्रा पंधरी गांव शुरू हुई। यात्रा रेलवे क्रॉसिंग से कमलेश तिराहा से मैथिलीशरण शरण मार्ग से थाने के सामने से नेशनल हाईवे से पशु बाजार में पहुंच कर विशाल जनसभा में परिवर्तित हो गई। छह किमी लंबी यात्रा में अल्प संख्यक मोर्चा के मुनीर खान, चेयरमैन कुलदीप निषाद, धीरेंद्र शिवहरे एवं आशारानी कबीर, जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह, रामदास सुदर्शन, ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव एवं आशीष पालीवाल, चंद्रपाल सचान, रणवीर सिंह, जितेंद्र पाल, योगेंद्र दीक्षित, अरिमर्दन सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, पुष्पराज सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं प्रधानगण मौजूद रहे। पद यात्रा का रेलवे क्रॉसिंग के पास अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत करने साथ जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### अलग-अलग घटनाओं में तीन घायल, भर्ती

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई अलग–अलग घटनाओं में तीन घायल सभी घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत दो घायलों की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे में लखीमपुर निवासी अमरपाल 32 वर्ष घायल हो गया लहुलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया इसी प्रकार माही 16 वर्ष पुत्री कल्लू करगांव निवासी अनु डेढ़ वर्ष पुत्री संतोष भुलसी निवासी आग की चपेट आकर झुलस गई गंभीर व्यवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां अनु की हालत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## गौसेवा आयोग के अध्यक्ष ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

**चरखारी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष द्वारा कान्हा गौशाला चरखारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला पर 803 गौवंश संरक्षित पाये गये। गौसेवा अध्यक्ष द्वारा गौशाला को स्वावलम्बन की ओर अग्रसर करने हेतु 50 किलो गोबर खाद के बदले हराचारा प्राप्ति का कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये गये। गोबर गैस प्लान्ट सुचारू रखने तथा बिजली एवं स्लरी की बिक्री से गौशाला हेतु आय का श्रोत तैयार करने के निर्देश दिये। जन्मदिन तथा वैवाहिक वर्षगांठ जैसे कार्यक्रम गौशाला में मनाने के लिए आमजन को प्रेरित करने के लिये अभियान चलाया जाये ताकि गौशाला संचालन में जनभागीदारी एवं गौवंश के प्रति प्रेम जाग्रत हो। उन्होने सुझाव दिया कि गोबर के गमले तैयार कर इसमें सहजन (मोरिंगा) के पौधे लगाने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाये। तथा इस विषय में वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया जाये। सहजन औषधीय एवं पौस्टिक गुणो से भरपूर वृक्ष होता है। उन्होने निर्देश दिये कि कृषि विभाग, उद्यान विभाग, भूमि संरक्षण एवं पशुपालन विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए खेत पर निवास करने वाले किसानों का चयन कर सूचीबद्ध करलें ताकि गौआधारित जैविक कृषि पर एक कार्यशाला का आयोजन शीघ्र कर लिया जाये। भविष्य में ऐसे कृषक, पशुपालको को समुचित प्रशिक्षण देकर गौ आधारित जैविक कृषि हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जायेगा। ताकि बुन्देलखण्ड को जैविक एवं प्राकृतिक कृषि का हव बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान डॉ रंजन सिंह मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महोबा, डॉ अटल सिंह, डॉ मकरध्वज सिंह, डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉ वीर प्रताप सिंह, राजेन्द्र कुमार प्रभारी गौशाला सौरभ पाठक सहप्रभारी गौशाला गोसेवक गण आदि उपस्थित रहे।

## लक्ष्मीबाई की जयंती पर दो दिवसीय बुंदेलखंड महोत्सव संपन्न

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई की 197वीं जयंती व बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के स्थापना दिवस के मौके पर बड़ी देवी मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखंड महोत्सव में बुधवार की रात दूर दराज से आए कवियों ने शमा बांध दिया। इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए हास्य कवि अमित शुक्ला रीवा ने अपने व्यंग्यों से आज की सच्चाई उजागर करते हुए श्रोताओं का अच्छा खासा मनोरंजन कराया। प्रतापगढ़ के लवलेश यदुवंशी ओज ने सभी देशों से सुंदर अपना हिंदुस्तान लगता है सुन कर श्रोताओं की तालियां बटोरी। खंडवा मध्य प्रदेश से आए अकबर ताज ने पढ़ा मुझे अंधा बनाया तो कोई बात नहीं भगवान मेरी संतान को श्रवण कुमार बना देना। लखनऊ से पधारी शशि श्रेया ने सुनाया कि मोहब्बत कर लिए तो होश आया कि हम पागल बनाये जा रहे हैं। योगिता चौहान आगरा ने भूल गई मैं सारी बातें बस एक फसाना याद रहा सुन कर श्रोताओं की तालियां बटोरी। इटावा के गौरव चौहान ने सुनाया कि रक्त शिराओं का जब ठहरे काला पानी पढ़ लेना, राजगुरु अशफाक भगत की, वह भारत की बेटी क्या है झांसी की रानी पढ़ लेना। शिव किशोर तिवारी बाराबंकी में आपस में कोई दंगा ना रहे हम रहे तुम ना रहे पर हमेशा यह तिरंगा लहराता रहे पढ़ कर श्रोताओं का मन मोह लिया। आगरा से आई कवित्री योगिता चौहान ने घर-घर लाख जलानी है, जान हथेली पर रखकर हमको गाय बचानी है। इसके अलावा कानपुर के हास्य कवि हेमंत पांडेय ने अपनी रचनाओं से लोगों को आज की सच्चाई से अवगत कराया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद, नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, बसपा नेता निर्दोष दीक्षित, समाजसेवी राजकुमार शुक्ला, मनीष शुक्ला व आनंद देव महाराज समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक बुंदेलखंड नवनिर्माण सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी ने आए हुए सभी अतिथियों व कवियों समेत श्रोताओं का कार्यक्रम सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया।

## एएसपी ने थाना खरेला का निरीक्षण कर की महत्वपूर्ण अभिलेखों की समीक्षा

**खरेला/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

> थानाक्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा-व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के दिए निर्देश



अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा थाना खरेला का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण से पूर्व थाना परिसर पर सुसज्जित सलामी गार्द द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई, तत्पश्चात निर्धारित क्रम अनुसार विस्तृत निरीक्षण कार्यवाही किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना परिसर की साफ-सफाई, मेस, बैरक, हवालात, वाहन पार्किंग तथा शौचालयों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया गया। साथ ही थाने के शस्त्रागार की सुरक्षा व्यवस्था, शस्त्रों के रख-रखाव, रजिस्टरों के अद्यतन संधारण तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की भी गहन समीक्षा की गई। थाना कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेख जैसे अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर एवं फ्लाईशीट का अवलोकन करते हुए एएसपी ने इन सभी अभिलेखों को समय-समय पर अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश प्रदान किए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र/महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया गया। ड्यूटी पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि महिला सम्बन्धित शिकायतों को रजिस्टर में स्पष्ट, सटीक एवं समयबद्ध रूप से दर्ज किया जाए और प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्यवाही का विवरण नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए। पीड़िता से फीडबैक लेकर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए साइबर अपराधों से सम्बंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा साइबर जागरूकता को बढ़ाने के लिए विद्यालयों, बाजार क्षेत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करने के निर्देश दिए। थाना परिसर में रखे मुकदमाती मालों का निरीक्षण करते हुए मालखाने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं रजिस्टर संधारण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि मुकदमाती मालों का नियमित सत्यापन किया जाए तथा न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर लंबित मालों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्री के निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश भी प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान थाने के समस्त पुलिस बल को थानाक्षेत्र में अपराध नियंत्रण, गश्त एवं पिकेट ड्यूटी को अधिक प्रभावी बनाने, लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, आमजन से संवाद बढ़ाकर समुदाय आधारित पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने तथा फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार एवं त्वरित सहायता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए खुफिया तंत्र को सक्रिय रखा जाए, जिससे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सके। इस दौरान थानाध्यक्ष खरेला सुषमा सिंह सहित थाना के अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### पानी से भरे टैंक में डूबकर मासूम की मौत

**कबरई/महोबा।** कस्बा के इंदिरा नगर मोहल्ला निवासी रामजी का 6 वर्षीय पुत्र वरुण घर के बाहर खेल रहा था तभी अचानक रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। काफ़ी देर टल जब मासूम के वापस घर न पहुंचने पर परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका थक हारकर परेशान परिजनों ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर गुमसुदगी दर्ज कर मासूम को तलाश करने की गुहार लगाई। परिजन उसे ढूंढ रहे थे तभी घर के पास बने टैंक में भारी पानी में उतराता उसका शव मिलने से हड़कम्प मच गया आनन–फानन में परिजनों द्वारा उसे टैंक से बाहर निकाल अस्पताल ले जाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त उसे घोषित कर दिया। मासूम किया असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## लक्ष्य निर्धारण एवं सुनियोजित कार्य योजना से होगी करियर चयन में सुविधा

> मॉडल स्कूल में आयोजित करियर मेले में बोले विषय विशेषज्ञ

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तरप्रदेश समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक के अंतर्गत चल रहे करियर गाइडेंस कार्यक्रम के अंतर्गत पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कनकुआ में करियर मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये विषय विशेषज्ञों ने छात्र छात्राओं को बेहतर करियर बनाने के टिप्स प्रदान किए।

मेले का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया तत्पश्चात हाईस्कूल की छात्रा एकता और नीतू द्वारा सरस्वती वंदना और इण्टर की छात्राओं कविता, प्रिंसी, चांदनी और नीतू द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य भानु प्रताप(पीईएस) ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए अतिथियों का स्वागत किया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि बुंदेलखंड के प्रख्यात समाजसेवी और पत्रकार संतोष गंगेले कर्मयोगी मंचासीन रहे अन्य अतिथियों में करियर गाइडेंस कार्यक्रम की जनपदीय नोडल और प्रधानाचार्या आशी सिंह,डॉ एससी त्रिपाठी पूर्व प्रोफेसर रीवा और सागर विश्वविद्यालय, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ प्रीति सिंह, युवा पत्रकार और शिक्षाविद कृष्ण कुमार अरजरिया, प्रगतिशील कृषक करन सिंह राजपूत और बृजेश त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को करियर चयन से सम्बंधित महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान करते हुए लक्ष्य निर्धारित कर रूचि के अनुसार कैरियर चयन करने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गंगेले ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को अनुशासित रहकर अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर तैयारी करने की बात कही इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से छात्र छात्राओं को चरित्र निर्माण की सीख भी दी। जनपदीय नोडल आशी सिंह ने पंख पोर्टल के क्रियान्वयन के बारे में डॉ प्रीति सिंह ने पैरामेडिकल एवं चिकित्सा, पत्रकार कृष्णकुमार अरजरिया ने पत्रकारिता के क्षेत्र में विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी। अंत में सभी ने विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं एवं छात्र छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु लगाए गए विभिन्न स्टॉल्स एवं करियर हब का फीता काटकर अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन उषा देवी सरोज एवं नोडल प्रीती कन्नौजिया ने किया।इस दौरान प्रवक्ता शिखा राणा, पूनम यादव, रानी हिर्देश, दीपेंद्र सिंह, शिवम अग्रवाल, पीटीए अध्यक्ष अजेंद्र सिंह, यतेन्द्र चतुर्वेदी, रामावतार समेत छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### मेधावियों और अतिथियों का हुआ सम्मान

मेले में उपस्थित करियर गाइडेंस के जनपदीय नोडल सतीश मिश्रा ने बताया कि इस दौरान अतिथियों द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्था के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल के टॉपर सत्यम एवं इण्टर विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दिव्यांशी चतुर्वेदी और मानविकी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त वर्षा अहिरवार को अतिथियों द्वारा सम्मानित कर उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई। इसके अलावा इण्टर विज्ञान वर्ग में आरती देवी और शिवांगी भास्कर, मानविकी वर्ग में आशीष कुशवाहा और मोनू तथा हाई स्कूल में पुष्पेन्द्र और रागनी को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा संस्था द्वारा कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

# परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियन हरचंदपुर, सतांव रहा उपविजेता

- प्राथमिक स्तर में शुभम व कीर्ति यादव, जूनियर में शिवम व नैंसी रहीं चैंपियन
- दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



शहर के पुलिस लाइन मैदान में चल रही बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि सीडीओ अंजूलता व विशिष्ट अतिथि एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी व प्रभारी डीआईओएस रत्नेश श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियन हरचंदपुर व उपविजेता सतांव रहा। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में प्राथमिक स्तर बालक में शुभम व बालिका में कीर्ति यादव रहीं। जूनियर बालक वर्ग में शिवम व बालिका में नैंसी ने चैंपियनशिप जीती। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीडीओ ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में गांवों में पढ़ने वाले बच्चे की गांव की पंगड़डी पर दौड़कर सीखते हैं और यहां जिले स्तर पर बेहतरीन ट्रैक पर बैठकर अपना हुनर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में जीते हुए सभी बच्चे आगे चलकर मंडल, राज्य स्तर फिर नेशनल स्तर पर प्रतिभाग करके अपने गांव, ब्लॉक व जिले का नाम रोशन करेंगे। एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी ने कहा कि प्रतियोगिता में जीतना और हारना एक खेल का हिस्सा है। यहां तक पहुंचने वाले सभी बच्चों में कोई न कोई विशेष प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में विजयी न होने वाले खिलाड़ी आगे भी बेहतर करेंगे। बीएसए राहुल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जीते हुए बच्चे अब मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गैंग का भंडाफोड़

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के कड़े निर्देशन में जिले में साइबर और दस्तावेजी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत, डीह थाना प्रभारी जितेंद्र मोहन सरोज के नेतृत्व में डीह थाना पुलिस टीम को आज एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह अवैध रूप से लोगों के फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम कर रहा था, जिससे न केवल सरकारी दस्तावेजों की पवित्रता भंग हो रही थी, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे गंभीर खतरों की आशंका भी बढ़ रही थी। डीह पुलिस की टीम ने सटीक सूचना और गहन जांच के आधार पर इस रैकेट का पर्दाफाश किया और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से फर्जी आधार कार्ड, उन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, कंप्यूटर, प्रिंटर, और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीह थाना प्रभारी जितेंद्र मोहन सरोज और उनकी पूरी टीम की सराहना की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार के साइबर अपराध और दस्तावेजी जालसाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अब इस गिरोह के संपर्क सूत्रों और पूरे नेटवर्क की तलाश में जुटी है।

## अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, एक घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की देर रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार युवक घायल हुआ है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार रंजीत पुत्र सरजू प्रसाद निवासी कस्बा बछरावां, जो की निगोहा से निमंत्रण में शामिल होने के पश्चात वापस अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बा अंतर्गत गांधी विद्यालय के पास पहुंचा, तभी उसकी बाइक तेज रफ्तार होने के कारण फिसल गई और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिसमें युवक के सिर पर गंभीर चोटे आई। जिसे मौजूद आसपास लोगों की सहायता से एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# एसडीएम ने बीएलए को बताई एसआईआर की बारीकियां

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक सभागार में एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में एसआईआर के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें बीएलए व राजनैतिक दलों के लोगो ने प्रतिभाग किया है। बैठक में एसडीएम ने कहा कि प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बूथ लेवल एजेंट प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की बात कही है।

बीएलए अपने क्षेत्र में गणना प्रपत्र का विवरण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराये। बीएलओ के साथ मिलकर मतदाताओं की सही जानकारी उपलब्ध करवाये। इसके बाद सुपरवाइजर अपनी टीम के साथ प्रत्येक परिवार से प्रपत्र समय पर जमा करवाये। प्रपत्र जमा करते समय भरे गए विवरण की बारीकियां से जांच की जाये। जिससे कोई कालम खाली न रह जाये। बीएलए हर मतदाता के घर जा जाकर सीधे संपर्क साधे। जिससे कोई मतदाता वंचित न होने पाये। बीडीओ शिव बहादुर सिंह ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। और जानकारी को बीएलओ एप पर अपलोड भी करे। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है। जिसके तहत मृतक , डुप्लीकेट , व अनुपस्थित मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे। वहीं नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती , पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुराग वर्मा , राजस्व निरीक्षक रज्जनलाल, लेखपाल संदीप सिंह, रमाकांत गुप्ता, अभय वर्मा समेत बड़ी संख्या मे बीएलए मौजूद रहे।

# महिला ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए महराजगंज कोतवाली पर लापरवाही के लगाए आरोप मेडिकल कराने के बाद भी नहीं दर्ज किया गया मुकदमा। मुन्नी पुत्री राम आसरे निवासिनी पूरे बबुरिहा मंज़रे बावन बुजुर्ग बल्ला बछरावां रोड महराजगंज जनपद रायबरेली ने शिकायती पत्र में बताया की अंकित पुत्र अज्ञात आशीष पुत्र अज्ञात ज्ञानवती पुत्री हनोमान निवासीगण उपरोक्त द्वारा एक राय होकर प्रार्थिनी को निर्वस्त्र करके लाठी डंडों व लात घूसों से मारा पीटा तथा कहा कि हम तुम्हें जान से मार देंगे घटना 1/7/2025 की प्रार्थिनी थाने पर गई तो कोतवाल साहब ने तुरंत मेडिकल करवाया किंतु आज तक जांच के नाम पर प्रार्थिनी की रिपोर्ट नहीं दर्ज की उल्टा प्रार्थिनी को ही जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं कहते हैं कि कहीं गई तो हम तुम्हारे परिजनों के ऊपर भी मुकदमा लिख देंगे तबसे आज तक लगातार प्रार्थिनी आग्रह कर रही है की घटना दिन की है तथा मुख्य सड़क मार्ग की है तथा जहां की घटना उस जगह कई सीसीटीवी कैमरे लगे हैं उनकी पड़ताल कर ली जाए किंतु आज तक कोई भी घटना स्थल पर नहीं गया। मुन्नी देवी ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह से न्याय की गुहार लगाई है।

## पुरुष प्रताड़ना पर आधारित नाट्य मंचन 14 दिसंबर को

**सीतापुर।** राष्ट्रीय सेवा परिषद सांस्कृतिक व कला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने नई बस्ती कैम्प कार्यालय मे वो रात नाट्य मंचन की स्क्रिप्ट का पूजन अर्चन किया। अतिथी मे जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी व उपसचिव डॉ विकास जैन रहे। नाट्य के निर्देशक दीपक विश्वास सह निर्देशक दीपाली जायसवाल संवाद लेखक शेखर कश्यप व कहानी लेखन आकाश राय ने की है।

नाट्य मंचन मे समाजसेवी विश्ववीर गुप्ता खाकी वर्दी मे और सीमा बाजपेयी सफेद कोट मे दिखेंगे, इसके साथ ही निकिता यादव, व्याख्या जैन आदि भी अपनी किरदार मे दिखेंगे। नाट्य मंचन मे मुख्य किरदार शेखर कश्यप व दीपाली जायसवाल का है, इसकी प्रस्तुति 14 दिसंबर 2025 दोपहर 1 बजे से हिंदी सभा मे किया जाएगा।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही,650 किलो लहन नष्ट कराया,पांच पर लिखा अभियोग



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 व संबंधित थाने की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा सदर तहसील के थाना गुरुबख्शगंज अंतर्गत संदिग्ध ग्राम घाटमपुर एवं कोरिहार तथा तहसील महराजगंज में थाना बछरावां अंतर्गत संदिग्ध ग्राम उफरापुर, कन्नावा, मदन टूसी, पासी टूसी में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों / संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 89 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 650 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट करते हुए 05 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।डीईओ दिनेश कुमार ने कहा है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# राज्यमंत्री ने किया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



महाभारत कालीन किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर के आंगन में हरिशंकर शुक्ला एवं विष्णु शंकर शुक्ल द्वारा स्थापित किल्लेश्वर स्पोर्ट कंपलेक्स का उद्घाटन प्रदेश सरकार के खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद दर्जा प्राप्त मंत्री सदस्य बाल आयोग श्याम जी त्रिपाठी एवं क्षेत्र के तेज तर्रार विधायक दिनेश रावत द्वारा समारोह में मौजूद विभिन्न खेलों के कोच, खिलाड़ियों एवं पूर्व खिलाड़ियों को मेडल प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की राजधानी से 60 से 70 किलोमीटर दूर हटकर स्पोर्ट कांप्लेक्स के उद्घाटन का यह पल हैदरगढ़ बाराबंकी ही नहीं अपितु प्रदेश के लिए अपने आप में एक ऐतिहासिक पल है और इसके लिए प्रबंधक हरिशंकर शुक्ला एवं अध्यक्ष विष्णु शंकर शुक्ला बधाई के पात्र हैं। इसलिए अभिभावकों से यह अपील करता हूं की पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थी को उसकी अभिरुचि के अनुरूप खेलों में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें।

विधायक दिनेश रावत ने कहा कि इस परिसर का शुभारंभ करके आयोजकों ने क्षेत्रीय प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, अधिवक्ता तेज नारायण पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, प्रधान अलगू सिंह, गौतम पाठक, वेद प्रकाश बाजपेई, अजय तिवारी नन्हे, लव कुश पांडे, राहुल दीक्षित, विजय हिंदुस्तानी, विकास पांडे विक्की आदि बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## भाकियू के पदाधिकारियों का हुआ जोरदार स्वागत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हौंसिला प्रसाद और मध्यांचल महासचिव अनिल वर्मा का तहसील अध्यक्ष रामसजीवन वर्मा और ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप ने अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर दोनों नेताओं का स्वागत किया। इसके बाद, हौंसिला प्रसाद और अनिल वर्मा ने स्वर्गीय रामसेवक यादव की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। वे किन्तूर गांव स्थित कुन्तेश्वरधाम पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भाकियू नेताओं ने पारिजात धाम और कोटवाधाम में भी दर्शन-पूजन किया। भाकियू के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हौंसिला प्रसाद ने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाया जाएगा।

# उम्मीद पोर्टल पर वक्फ दर्ज कराने को लेकर लगी भीड़, शिया समुदाए में दिखा जोश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



ज़िलें में उम्मीद पोर्टल पंजीकरण अनिवार्य का काम लगभग 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है। प्रदेश में पंजीकरण करवाने में चौथे स्थान पर पहुँच चुका है। वक्फ सम्पतियो को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने को लेकर जिले में बहुत तेजी से काम चल रहा है। इसकी जानकारी देते हुवे जनपद के शिया वक्फ के नोडल अधिकारी मंज़र अब्बास रिज़्वी नें बताया की उम्मीद पोर्टल क़ा काम दिन रात किया जा रहा हैं, जिसमे उन की पूरी टीम काम क़र रही हैं, और आशा की जाती हैं की समय के रहते पोर्टल क़ा काम पूरा हो जायेगा, थोड़ी मुश्किलों क़ा सामना करना पड़ रहा हैं मगर अगर थोड़ा सा सारे औकाफो के मुत्वल्ली एक्टिव हो जाये तो जल्द से जल्द पोर्टल क़ा काम पूरा हो जायेगा। जिन लोगो के पास पूरे पेपर नहीं हैं, उनको वक्फ बोर्ड लखनऊ से और अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बाराबंकी से संपर्क करके मुतावलियो को वक्फ पेपर उम्मीद पोर्टल पर दर्ज किये जा रहे है और इस काम मे वक्फ बोर्ड और अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय पूरा सहयोग दें रहा हैं। श्री रिज़्वी ने आगे कहा कि मुतवल्लीओ के सहयोग से ही बहुत तेज़ी से ज़िलें में शिया वक्फ दर्ज हो पा रहे हैं, जो समय सीमा भारत सरकार से मिली हैं 5 दिसम्बर उसको देखते हुवे सभी औकाफ वालो चाहे वो सुन्नी वक्फ जे हो या शिया वक्फ कैसे उनको जागरूक होने की सख्त ज़रूरत हैं,तब ही ये काम संभव हो पायेगा। उम्मीद पोर्टल में वक्फ दर्ज कराने में सुन्नी वक्फ बाराबंकी उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर चल रहा हैं, जिसका कार्य मुग़ल दरबार कैम्पस में चल रहा हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास ज़ैदी ने सभी शिया सुन्नियों के मुतवल्लीओ से अपील की है कि समय कम बचा है जल्द से जल्द वक्फ सम्पतियो को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराए।

उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी ने वक्फ नही दर्ज कराई तो वो सम्पति सरकार में चली जाएंगी। स्टेशन रोड वारसी मार्केट में शिया नोडल अधिकारी मंज़र अब्बास के ऑफिस में लगातार जनपद के विभिन्न वक्फ मुतवल्लीओ का हुजूम लगा हुआ है और आमिर रज़ा, अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास, जौहर अब्बास, समर अब्बास दिन रात मेहनत करके वक्फ को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने काम कर रहे है।

## बिसवां में श्री सौभाग्यम में कंटेंट मीट-अप, यूट्यूबर रवि वर्मा ने साझा किया सफलता का सफर

**बिसवां,सीतापुर।** श्री सौभाग्यम में आयोजित कंटेंट मीट-अप में मशहूर यूट्यूबर रवि वर्मा ने युवाओं के साथ अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि 2017 में शून्य से शुरू हुई उनकी यूट्यूब यात्रा आज 11 मिलियन सब्सक्राइबर तक पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि जीरो से हीरो का सफर आसान नहीं था, लेकिन सीमित साधनों के बावजूद लगातार सीखने और मेहनत ने उन्हें आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में सीतापुर, लखीमपुर और बाराबंकी से आए कई क्रिएटर्स शामिल हुए। युवाओं ने इस मीट-अप को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जिले के टैलेंट को नया मंच देते हैं।

# एकता पदयात्रा में उमड़ रहा जनसैलाब

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**




भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्मजयंती के उपलक्ष्य में निरंतर पदयात्राओं का आयोजन हो रहा है इसी क्रम में जिले की सिधौली विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप से जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल उपस्थित रहे जबकि यात्रा व सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई कार्यक्रम में सिधौली विधायक मनीष रावत की उपस्थिति रही। पदयात्रा उपरांत आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने बताया कि जिस तरह सरदार पटेल की 150 वीं जन्म जयंती पर आयोजित पदयात्राओं में जन सैलाब उमड़ रहा है वह हमारे भारत की अखंडता का प्रतीक बन रहा है गांव-गांव से लोग इस पदयात्रा में आ रहे हैं और आपस में जुड़कर भारत को अखंड बनाने का संकल्प ले रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतीत के रूप में उपस्थित सदस्य विधान परिषद लाल जी प्रसाद निर्मल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत जब विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बन रहा है तो इसका श्रेय सर्वप्रथम हमारे प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार साहब को जाता है। आज भाजपा का नेतृत्व उनके बताएं मार्ग पर चलकर भारत माता की सेवा कर रहा है और वह दिन दूर नहीं जब सरदार पटेल के सपनों का भारत विश्व के समक्ष अपनी उपलब्धि के साथ मौजूद होगा। कार्यक्रम को सिधौली विधायक मनीष रावत व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा भी संबोधित किया गया इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी नीरज वर्मा झल्लर, अध्यक्ष नगर पंचायत सिधौली गंगा राम राजपूत, ललित मिश्रा सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व जन सामान्य उपस्थित रहे।

## लापरवाही पर 6 को कारण बताओ नोटिस, रोका गया मानदेय, 4 विवेचकों को जारी हुई नोटिस



**बाराबंकी।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के साथ अभियोजन कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने 6 विशेष लोकअभियोजक एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ताओं को विमुक्ति आख्या तैयार कर समय पर प्रस्तुत न किये जाने के कारण उनका मानदेय रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। 4 विवेचकों को जारी हुई नोटिस जिलाधिकारी ने 4 प्रकरणों में विवेचक की कमियों के कारण दोषमुक्त हुए वादों में सम्बंधित चारों विवेचकों का स्पष्टीकरण लिये जानें के निर्देश दिए गए। अपने ही बयानों से मुकरने के मामले में 5 के विरुद्ध धारा 22 की कार्यवाही समीक्षा बैठक के दौरान सम्बंधित अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत न्यायालय में अपने ही बयानों से मुकर जाने के कारण 5 वादों में वादी के विरुद्ध धारा 22 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए प्रकीर्ण वाद दर्ज कराए गए है। गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी के दिये निर्देश स मीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मामलों में प्रभावी पैरवी की जाए। अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि अपराध करने पर वे सजा से बच नहीं सकते हैं। अपराधियों को ऐसी सजा दिलाई जाए कि वह एक नजीर बनें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों की शत प्रतिशत समय पर गवाही कराई जाए और दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय।

## पागल सियार के हमले से दो महिलाएं घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के अंतर्गत पूरे भवनी मांझगांव में पागल सियार के लगातार दो हमलों से हड़कंप मच गया। कुछ ही घंटों के अंतराल में हुई इन घटनाओं ने पूरे गांव में भय का माहौल पैदा कर दिया है। पहली घटना उस समय हुई जब गांव की कृष्णावती पत्नी इंद्रजीत यादव सड़क से गुजर रही थीं। अचानक सियार ने उन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बचाया। कुछ ही देर बाद गांव की ही लगभग 60 वर्षीय शिव प्यारी पत्नी दान बहादुर यादव, जो पशुओं के लिए चारा लेने खेत की ओर गई थीं, उन पर भी उसी सियार ने हमला कर दिया। यह हमला पहले की तुलना में कहीं अधिक खतरनाक था।



## लापरवाही बरतने पर डीएम ने बीएलओ को किया निलंबित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारी संजय चौहान ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को तहसील अमेठी के ग्राम रामदैपुर एवं जंगल रामनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एडीएम अर्पित गुप्ता तथा एसडीएम आशीष सिंह भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने रामदैपुर छावनी की बीएलओ रेखा सरोज से गांव में गणना प्रपत्र वितरण की जानकारी ली। बीएलओ द्वारा बताया गया कि सभी घरों में गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इसके बाद जिलाधिकारी जंगल रामनगर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अभी तक गणना प्रपत्र नहीं मिले हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और बीएलओ राम अभिलाष को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरवाइजर/लेखपाल रितु मौर्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी बीएलओ को सख्त निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से गणना प्रपत्र वितरित करें और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट एवं समुचित जानकारी दें।

## ग्रामीणों ने कुएं में गिरे गोवंश की बचाई जान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र जामों के अंतर्गत ग्रामीणों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए कुएं में गिरे गोवंश की बचाई जान बचाई है। जामों थाना क्षेत्र के अहद गांव में बृहस्पतिवार को तड़के ग्रामीणों ने रात में गांव के अंदर आबादी में बने एक कुएं में गिरे गोवंश की सूचना मिलते ही ग्रामीण तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए कुएं में पानी भरवाया और फिर रस्सी के सहारे कड़ी मशक्कत के बाद गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। यह पूरी कोशिश करीब सुबह 3:30 बजे तक चलती रही, जिसके बाद उसकी जान बचाई जा सकी। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना ग्राम पंचायत सचिव को दी गई।



## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1351/ई.ई.-3/जी.एल.-7/2025-26 दिनांक- 20.11.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 27.11.2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.11.2025 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदाएं उसी दिन अधोहस्ताक्षरी में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 250mm dia sewar line 35 mtr from H.No. 1/55 to H.No.1/64 Sec-J Jankipuram Lko | 5700.00 | 300 | 30 दिवस |
| 2. | Laying of 250mm dia sewar line 25 mtr from H.No. 1/64 to H.No.1/71 Sec-J Jankipuram Lko | 4100.00 | 250 | 30 दिवस |
| 3. | Laying of 250mm dia sewar line 40 mtr from H.No. 1/661 to H.No.1/676 Sec-J Jankipuram Lko | 6800.00 | 350 | 30 दिवस |
| 4. | Laying of 250mm dia sewar line 50 mtr from H.No. 1/901 to H.No.1/910 Sec-J Jankipuram Lko | 7500.00 | 400 | 30 दिवस |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

# अतिक्रमण से फुटपाथ गायब, लगता है जाम



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में फुटपाथ पर अतिक्रमण के चलते बार-बार जाम लगने की स्थिति बन जाती है। वहीं कोतवाली से चंद कदमों पर स्थित सब्जी मंडी के पास ठिलिया दुकानदारों के करण पूरे दिन जाम लगा रहता है। जाम से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका ने कई बार अतिक्रमण अभियान चलाया, लेकिन कुछ दिनों तक तो सब सही रहा उसके बाद फिर से लोग अतिक्रमण करके जाम की स्थिति बनाने लगे। थाने से चंद कदमों की दूरी पर स्थित सब्जी मंडी के पास सड़क पर ही सब्जी की ठिलिया खड़ी करके करके बिक्री करने से पूरे दिन जाम लगा रहता है। यहां का फुटपाथ भी सब्जी विक्रेताओं ने सड़क तक घेर रखा ह जिससे वहां से गुजरने में लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बाजार में विशुनगढ़ तिराहा, सब्जी मंडी, पीपल चौराहा, जामा मस्जिद, हीरालाल कॉलेज चौराहा, पोस्ट ऑफिस व नया धर्मशाला जाम लगने के प्रमुख केंद्र हैं। उधर नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे उमर फारूक बंटी ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर कहा है कि यह नगर कई रोज़ से जाम की समस्या से जूझ रहा है। नगरवासी इसकी वजह से बहुत परेशान हैं। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे इसका कोई हल निकालें। अगर उनके पास इसका हल नहीं है तो वह हम लोगों से विचार विमर्श कर सकते हैं। आम जनमानस को परेशानी ना हो उसके लिए जाम की समस्या का निदान बहुत जरूरी है। अतः वह अपने कर्तव्य का निर्वहन करें तो मेहरबानी होगी।

### जेई रविराज बनाए गए अतिक्रमण अभियान प्रभारी

छिबरामऊ। नगर पालिका कार्यालय में जाम की समस्या को लेकर हुई बैठक में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने ईओ सुनील कुमार सिंह एवं के रविराज कौशल के साथ विचार विमर्श किया और जेई रविराज कौशल को अतिक्रमण अभियान प्रभारी का दायित्व सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

### अतिक्रमणकारियों के होंगे चालान

छिबरामऊ। जेई रविराज कौशल ने बताया नगर पालिका ने बाजार में रोड के दोनों तरफ स्ट्रीट लाइट पोल लगवाए हैं। इन पोलों की सीध में सड़क पर पक्का पेंट किया जाएगा। इस पेट के बाहर जो भी आक्रमण करेगा उसका चालान करके जुर्माना वसूला जाएगा। अतिक्रमण की प्रतिदिन समीक्षा के लिए पांच पालिका कर्मियों की टीम बनाई जाएगी।

# उत्कर्ष अकादमी इण्टर कॉलेज में मेंहदी-रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उत्कर्ष अकादमी शिक्षण संस्थान इण्टर कॉलेज में मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।

रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक मनोरमा यादव (प्रवक्ता, रमाबाई राजकीय इण्टर कॉलेज) ने समता, वर्षा, आस्था वैष्णवी व कशिश की टीम को प्रथम, दीक्षांशी, नेहा, अक्षरा, दीक्षा व लक्ष्मी दीक्षा गुप्ता की टीम को द्वितीय तथा शिवानी, कोमल, अलका, अनामिका व सानिया की टीम को तृतीय स्थान प्रदान किया।



मेंहदी प्रतियोगिता में नैयंशी, अंजली सक्सैना और रोज ने प्रथम स्थान हासिल किया।

निर्णायक मनोरमा यादव व प्रबंधक श्रीमती मिथलेश यादव ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अजय कुमार, दिपनेश कुमार, सुमित कुमार, अलका, शबाना, कृतिका, आशा यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मासूम भतीजी सहित चाचा पर लाठी-डंडों से किया हमला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अदमापुर में जमीन पर कब्जे के विवाद ने खूनी रंग ले लिया।

योगेंद्र पुत्र रामसेवक ने बताया कि दबंग लोग उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। 16 नवंबर को सुबह करीब 8:30 बजे आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज किया और मारपीट की धमकी देकर चले गए। गुरुवार की सुबह वह अपनी चार वर्षीय भतीजी को स्कूल छोड़ने जा रहे थे तभी घर के ठीक सामने खड़े दबंगों ने लाठी-डंडों से हम दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

## बाल वाटिका शिक्षकों के लिए 'वंडर बॉक्स' प्रशिक्षण शुरू



**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में बाल वाटिका कक्षाओं की शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण स्टेम सेल गांधीनगर द्वारा विकसित 'वंडर बॉक्स' टीएलएम किट के उपयोग पर आधारित है। किट में तरह-तरह के खेल-आधारित शिक्षण सामग्री शामिल हैं, जिनसे पूर्व-प्राथमिक बच्चों की भाषा, गणित और संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास रुचिकर ढंग से किया जा सकेगा। जनपद के सभी आठ विकासखंडों से चयनित मास्टर ट्रेनर्स इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद ये ट्रेनर्स अपने-अपने ब्लॉक में बाल वाटिका संचालित करने वाले सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्रवक्ता अंजली मिश्रा, राजेश वर्मा व नीतू सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मास्टर ट्रेनर अमित मिश्रा ने किट के व्यावहारिक उपयोग की बारीकियां सिखाईं जबकि जिला समन्वयक प्रशिक्षण गौरव दीक्षित ने उद्देश्यों से अवगत कराया। इस दौरान एसआरजी संजीव कटियार, शशिकांत शुक्ला, राकेश सिंह, रंजना पाठक, अच्युत त्रिपाठी, रवि सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# भगवान कृष्ण के हृदय में सदा विराजमान हैं राधा रानी: आचार्य हरिशंकर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी ब्रह्मलीन महेश चंद तिवारी की नवमी पुण्यतिथि पर सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम पृथ्वीपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य पंडित हरिशंकर शुक्ला साहित्याचार्य ने कहा भगवान कृष्ण के हृदय में राधा रानी सदा विराजमान हैं। कथा के षष्ठम दिवस आचार्य श्री ने जहां भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, रुक्मिणी विवाह, कलियुग वर्णन, गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन किया वहीं श्रीमद् भागवत में राधा रानी का उल्लेख नहीं आने की गूढ़ व्याख्या करते हुए कहा व्यास जी ने भागवत में राधा नाम स्पष्ट रूप से नहीं लिया, इसका गूढ़ रहस्य समझिए। राधा नाम इतना पवित्र, इतना गोपनीय और प्रेममयी है कि उसे



खुले आम लिखना व्यास जी को उचित नहीं लगा। राधा तो स्वयं श्रीकृष्ण की ह्लादिनी शक्ति हैं, उनकी प्राणप्रिया हैं। जिस प्रकार माँ के हृदय में बच्चे का प्रेम छिपा रहता है, उसे बार-बार नाम लेकर पुकारने की आवश्यकता नहीं पड़ती, उसी प्रकार कृष्ण के हृदय में राधा सदा विराजमान हैं। राधा नाम का उच्चारण करने मात्र से जीव का उद्धार हो जाता है, इसलिए ब्रह्मा, शिव, शुकदेव तक इसे गोपनीय रखते हैं। पद्म पुराण, ब्रह्मवैवर्त, नारद पंचरात्र जैसे ग्रंथों में राधा का स्पष्ट वर्णन है, किन्तु भागवत में व्यास जी ने उन्हें 'एकात्मना' 'प्रिया' 'गोपिका' और 'काचित् स्त्री' कहकर संकेत किया है। राधा कृष्ण की अभिन्न प्रेयसी हैं, उनका प्रेम गोपियों से भी परे है, इसलिए यह रहस्य केवल रसिक संत ही समझ सकते हैं।

यह कहकर आचार्य श्री की आँखें सजल हो गईं और समस्त पांडाल राधे-राधे से गूँज उठा। इससे पूर्व परीक्षित की भूमिका में श्रीचंद्र (ललुआ) तिवारी, सपना तिवारी, विश्वनाथ तिवारी एवं प्रीतिका तिवारी ने ब्रह्मलीन पितामह आशुकवि भगवत दयाल तिवारी, राजरानी तिवारी, पिता महेश चंद तिवारी एवं चाचा दिनेश चंद तिवारी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। रोजाना दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक चल रही कथा का समापन 21 नवंबर और हवन यज्ञ प्रसाद व विशाल भंडारा का कार्यक्रम 22 नवंबर को होगा।

# बच्चों के व्यवहारिक संकेत पहचानना अत्यंत जरूरी: डीएम

- छात्र मानसिक स्वास्थ्य एवं कोचिंग सेंटर विनियमों के क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में छात्र मानसिक स्वास्थ्य तथा कोचिंग सेंटर विनियमों की निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि गुमसुम रहने, संवाद न करने या अलग-थलग होने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें संवेदनशील मार्गदर्शन देना आवश्यक है। बैठक में मानसिक स्वास्थ्य नीति के निर्माण, परामर्शदाता की नियुक्ति, भेदभाव- निषेध, हेल्पलाइन के प्रदर्शन, कार्मिक प्रशिक्षण, शिकायत निवारण तंत्र, अभिभावकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्टिंग तथा छात्रावास सुरक्षा से जुड़े निर्देशों पर विस्तार से चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि सभी संस्थान इन व्यवस्थाओं का अनुपालन सुनिश्चित करें और छात्र हितों को सर्वोपरि रखते हुए रोकथाम- उन्मुख तंत्र विकसित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज सहित समिति के सदस्य, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के प्रधानाचार्य तथा कोचिंग संचालक रहे।

# सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया जागरूक

### सीओ यातायात अर्चना सिंह ने हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व पर दिया जोर

**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात अर्चना सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट जीवनरक्षक कवच हैं। इनके बिना वाहन चलाना अपनी और दूसरों की जान को खतरे में डालना है। उन्होंने सड़क पर चलते समय सतर्कता, संयम और नियमों के पालन को अत्यंत आवश्यक बताया।



क्षेत्राधिकारी यातायात अर्चना सिंह ने सडक सुरक्षा के साथ-साथ छात्रों को साइबर सुरक्षा से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी या साइबर अपराध की शिकायत के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी है।

समय रहते कॉल करने पर धन वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने कहा कि सड़क पर छोटी सी गलती जीवनभर का पछतावा बन सकती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आला रमेश फादर उप प्रधानाचार्य अनीता, केविन, राहुल, रामू, सरिता, क्रिस्टीना, गरिमा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# यमुना नदी कालपी में रिवर रैंचिंग कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना -2025 के तहत एसडीएम मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा रिवर रैंचिंग जन जागरूकता कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। स्थानीय नगर में स्थित पीला घाट यमुना नदी पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत आयोजित रिवर रैंचिंग जन-जागरूकता कार्यक्रम के उद्घाटन उदघाटन अवसर पर विधायक ने प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनहित कारी योजनाओं की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में यमुना नदी में 2 लाख भारतीय मूल की मेजर कार्प मत्स्य बीज (रोहू, कतला तथा नैन), आकार लगभग 80-100 एमएम, का संचय किया गया। कार्यक्रम में मत्स्य सहायक निदेशक गिरीश त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का मूल उद्देश्य नदियों में मत्स्य संसाधनों का पुनरुद्धार करना है, ताकि पारंपरिक मछली पकड़ने की पद्धतियों को संरक्षित किया जा सके सहायक निदेशक ने कहा कि इस तरह के जन-जागरूकता और संचय कार्यक्रम पूरे जिले में हर जगह नियमित रूप से आयोजित किया जा रहे है ताकि मत्स्य विकास की पहल को निरंतर गति मिल सके। वही विभागीय लोगों द्वारा कुछ मत्स्य बीजों को कोतवाली स्थित तालाब में भी संचय कराया गया।

# प्रतिदिन कम से कम 100 प्रपत्र भरें बीएलओ: नवनीता राय

- डिप्टी कलेक्टर ने ब्लॉक जलालाबाद व तालग्राम में संचालित गणना प्रपत्र सबमिशन सेंटरों का किया निरीक्षण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर गुरुवार को डिप्टी कलेक्टर नवनीता राय एवं तहसीलदार अभिनव वर्मा ने विकास खंड तालग्राम और जलालाबाद में संचालित गणना प्रपत्र सबमिशन सेंटरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर व्यवस्थाओं के साथ- साथ प्रपत्र भरने की गुणवत्ता की भी गहन समीक्षा की। डिप्टी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हर बीएलओ प्रतिदिन कम से



कम 100 प्रपत्र गुणवत्तापूर्वक भरे, तथा किसी भी प्रपत्र में त्रुटि न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी मतदाता का फॉर्म दोबारा न भरा जाए, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत विधानसभा निर्वाचक नामावलियों से संबंधित गणना प्रपत्रों का कार्य प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक बिना विलंब और पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, सुचारू विद्युत आपूर्ति तथा उच्च गति इंटरनेट की उपलब्धता का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस दौरान जलालाबाद बीडीओ मनोज पोरवाल, तालग्राम बीडीओ उमाशंकर साहू सहित आदि लोग रहे।

# ग्राम डाढ़ी की घटना को लेकर ससुराल पक्ष पर लगा हत्या का आरोप

**कोंच जालौन, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डाढ़ी में एक अत्यंत वीभत्स और हृदय विदारक घटना घटित हुई थी जिसको लेकर रामचन्द्र पुत्र श्री किशोरी लाल, निवासी ग्राम मुहाना, थाना डकोर, ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री आरती का विवाह दिनांक 17.06.2017 को देवेन्द्र कुमार पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम ढाडी, थाना कोंच के साथ लगभग 6 लाख रुपये खर्च करके की थी और शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष पति देवेन्द्र सास केशकली ससुर घनश्याम देवर पवन व जितेन्द्र ननद अन्नू पत्नी अजय व अजय द्वारा एक लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की माँग कर रहे थे और उनकी पुत्री का मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न करते थे आरती ने दो पुत्रियों पीहू व सृष्टि को जन्म दिया जिसके बाद ससुराल पक्ष का उत्पीड़न और बढ़ गया और लड़का न होने का ताना देने लगे और आरती की हत्या का षड्यंत्र रचते हुए देवेन्द्र की दूसरी शादी कराने की बात करने लगे।

उन्होंने तहरीर में बताया गया है कि 18 नवंबर 2025 को देवर जितेन्द्र की शादी थी शादी समारोह में देवेन्द्र घनश्याम केशकली पवन जितेन्द्र अन्नू और अजयकृग्राम ढाडी में एकत्रित हुए थे।

# एसडीएम, तहसीलदार ने घर-घर बांटे प्रपत्र



**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक कालपी तहसील के 322 बूथों में एस आई आर कार्यक्रम गतिशीलता से शुरू हो गया है। गुरुवार को एसडीएम मनोज कुमार सिंह,तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने कालपी क्षेत्र के दर्जनों बूथों निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम के तहत घर - घर प्रपत्र को वितरण किया। गतिशीलता से निपटाने के लिए बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिये। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कदौरा व महेवा ब्लाकों के ग्रामों में घूम-घूम कर बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिये। तथा जनता से संवाद स्थापित किया। नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने कदौरा, लमसर, वरही, तिरही, सुजानपुर, बबीना,बागी,उदनपुर,मटरा आदि स्थानों के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान लेखपालों के साथ घर घर जाकर प्रपत्रो का बितरण किया। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने चुरखी,सिम्हारा कासिमपुर, बम्हौरा, तिजारा, रिनिया वैदेपुर,बरसेला,बैरई,खैरई, हर्राय पुर, महेवा आदि बूथों का निरीक्षण किया। इसी तरह उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने भी तमाम बूथों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि समस्त वीएलओ मतदाता स्थल के मतदाताओं से संपर्क करते हुए प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियां उपलब्ध कराये। सभी वी एल ओ घर-घर जाकर प्रपत्र वितरण एवं संग्रह का कार्य सक्रियता से करें। अगर कोई घर बंद हो तो बाहर स्लिप चस्पा कर दें।

## वाहन चेकिंग अभियान चलाकर काटे चालान

**कोंच,जालौन।** यातायात माह के तहत दिन बुधवार की देर रात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान मार्कण्डेश्वर चौराहे पर चलाया जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया इस अभियान का नेतृत्व एसआई अनुराग राजन चौकी इंचार्ज दिलीप मिश्रा एसआई भीष्म पाल अभिषेक दिवान अभिषेक पाल और भूपेंद्र ने किया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर दस्तावेज़ों की गहन जांच की जिसमें दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट चलने वाले तीन सवारी बैठाने वाले लगभग एक दर्जन वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई वहीं कई चारपहिया वाहन चालकों के पास वाहन संबंधित जरूरी दस्तावेज़ नहीं मिले, जिन पर पुलिस ने मौके पर ही चालान काटा।

# अतिरिक्त निरीक्षक को मिला कोतवाली का प्रभार, विभागीय कार्य निपटाने में लगे

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**

बीते 3 महीने से रिक्त चल रहे कालपी कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर इंस्पेक्टर अवधेश कुमार की नियुक्ति हो गई है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार के निर्देशन के अनुरूप एडीशनल इंस्पेक्टर ने पदभार ग्रहण करके शासकीय एवं विभागीय कार्य को शुरू कर दिया है।

फिरोजाबाद जनपद के मूल निवासी इंस्पेक्टर अवधेश कुमार प्रदेश के अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज समेत कई जनपदों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। हाथरस जनपद से जिला जालौन में स्थानांतरित होकर आये इस्पेक्टर अवधेश कुमार ने पिछले सप्ताह आमद कराई थी। पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने विभाग में हुए फेर बदल के तहत पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर अवधेश कुमार की कोतवाली कालपी में अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर नियुक्त की गई है।

नव नियुक्ति इंस्पेक्टर अवधेश कुमार ने आदेश का अनुपालन कर कालपी कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में अतिरिक्त निरीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नावांतुक अतिरिक्त निरीक्षक अवधेश कुमार ने एस एस आई उदय प्रताप सिंह के अलावा थानेदारों तथा सिपाहियों से परिचयात्मक मुलाकात की।

## एचआईवी की जांचों में एक भी नही निकला पॉजिटिव : अधीक्षक

**कालपी (जालौन)।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की लगातार सक्रियता तथा जागरूकता के कालपी क्षेत्र में अच्छे परिणाम सामने आए हैं। इस बार से पांच सैकड़ा लोगों की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचआईवी की जांच के दौरान एक भी एचआईवी संक्रमित नहीं पाया गया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता ने बताया कि एचआईवी की जांच करने के लिए स्वास्थ्य कर्मी राम जीवन गुप्ता की टीम के लिए अलग कक्ष आवंटित किया गया है। जहां पर जांच की जाती है। अवगत कराया की प्रत्येक गर्भवती महिला की एचआईवी जांच हर सूरत में कराई जाती है। इसके अलावा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने 70 से अधिक लोगों की एचआईवी की जांच की जाती है।

# बिना हेलमेट वाले 75 वाहन चालकों के काटे चालान

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों पर परिवहन विभाग का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। गुरुवार को झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के.डी. सिंह गौर ने उरई में छिरिया चौकी के पास प्रवर्तन दल के साथ औचक निरीक्षण कर बिना हेलमेट चलने वाले दुपहिया वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की। इस दौरान कुल 75 चालकों के चालान काटे गए। उप परिवहन आयुक्त ने बताया कि झांसी परिक्षेत्र के सातों जनपदों में उनके निर्देश पर जन जागरूकता व प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक मौतें दुपहिया वाहन चालकों की होती हैं और इसका



मुख्य कारण हेलमेट का उपयोग न करना है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियम सिर्फ कानून नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी कवच हैं। निरीक्षण के दौरान जिन चालकों ने मौके पर ही घर से हेलमेट मंगवाए, उन्हें काउंसलिंग कर सावधानी बरतने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। बाकी चालकों के चालान किए गए। अधिकारियों ने संदेश दिया ÷हेलमेट नहीं तो सफर नहीं जिंदगी सुरक्षित रखें,नियमों का पालन करें। अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन उरई राजेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी झांसी हेमचंद गौतम अपने प्रवर्तन दलों के साथ मौजूद रहे।

## वरिष्ठ समाजवादी नेता जैनुल आब्दीन का निधन

**कालपी,जालौन।** जिंदगी भर समाजवादी की झंडा वरदारी करने वाले 70 वर्षीय पूर्व सपा नगर अध्यक्ष जैनुल आब्दीन गुरुवार को दुनिया से अलविदा कर रहे। उनके निधन की खबर मिलते ही सामाजिक राजनीतिक दलों के नेताओं का उनके निजी घर में शोक जताने वालों का तांता लग गया।

नगर के मोहल्ला रावगंज निवासी जैनुल आब्दीन ने चौधरी चरण सिंह व चौधरी शंकर सिंह के सानिध्य में लोक दल से अपनी राजनीति शुरू की थी। जनता पार्टी, समाजवादी जनता पार्टी में रहकर समाजवादी पार्टी में जुड़े रहे। जैनुल आब्दीन लंबे अरसे से सपा के नगर अध्यक्ष तथा जिला महासचिव के पद पर भी रहे हैं।

# फॉर्म वितरण के बाद भी एसआईआर की गति धीमी

- बीडीओ ने दिए जल्द प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

**कोंच जालौन, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड के ग्राम सामी में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की गति धीमी होने पर खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। बी डी ओ प्रशांत कुमार यादव ने दिन गुरुबार को ग्राम सामी पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया उन्होंने पाया कि ग्राम में शत प्रतिशत मतदाता फॉर्मो का वितरण कर दिया गया है,



लेकिन इसके बावजूद अब तक मतदाताओं द्वारा भरकर जमा किए गए फॉर्मो की संख्या सिर्फ 350 है। कार्य की धीमी गति पर बी डी ओ ने मौके पर उपस्थित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि फॉर्म वितरण के बाद अब यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी मतदाता जल्द से जल्द अपने फॉर्म भरकर जमा करें उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण कर ली जाए अगर इस कार्य में कोई दिक्कत या बाधा आती है तो मुझे तुरंत सूचित करें। इस निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान आनंद पचौरी, सुपरवाइजर राजकुमार झा, बीएलओ नाथूराम वर्मा, और बीएलओ शशिप्रभा सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के आवास पर एसआईआर पर हुई विस्तृत चर्चा

▸ मोहित अवस्थी एवं मोहित कुमार हुए पार्टी में शामिल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



सदस्यता ग्रहण करवाते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व जिलाध्यक्ष आदि

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की मौजूदगी में अमृतपुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने अपने निवास पर एसआईआर पर विस्तृत चर्चा कर कार्य को गतिशील बनाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध बनाने के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 4 नवंबर से प्रारंभ हुआ है और 4 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि कि वह अपनी मतदाता सूची की स्थिति जरूर जांच लें। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग ऑफिसर्स और बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं। इस अवसर पर नगला हूसा से मोहित अवस्थी एवं मोहित कुमार को समाजवादी पार्टी में शामिल कराते हुए उन्हें प्रारंभिक सदस्यता भी दिलाई। इस अवसर पर मोहम्मदाबाद ब्लॉक प्रहरी आकाश शाक्य एवं उनके साथ पिंटू यादव विधानसभा महासचिव छिबरामऊ, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, अखिल कठेरिया राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य छात्र सभा, अनुराग यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, अभय यादव आदि लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी विवेक सिंह यादव जिला प्रवक्ता ने दी है।

# छात्राओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



छात्राओं को जागरुक करती पुलिस

अमृतपुर पुलिस ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया। इस दौरान थाना क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने इस मौके पर मौजूद महिलाओं और बालिकाओं को संकट की स्थिति में उपयोग होने वाले विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें 1098 चाइल्डलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन और 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शामिल हैं। पुलिस ने किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर सूचना देने की अपील की। जागरूकता कार्यक्रम के तहत पुलिस टीम ने महिला अपराधों की रोकथाम, आत्मरक्षा के उपाय, कानूनी अधिकार और महिला सशक्तिकरण से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की। पुलिस ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। पुलिस ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर यह अभियान बराबर चलता रहेगा। इसका लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना है।

# गैंगेस्टर के मामले में तीन सगे भाइयों सहित चार लोगों पर दोष सिद्ध

▸ सजा पर सुनवाई के लिए 25 नवंबर की तिथि नियत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने मनोज, मुकेश, उमेश पुत्रगण नरसिंह, वेदपाल पुत्र बाबूराम समस्त निवासीगण गंगलई थाना शमशाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिंदु पर 25 नवंबर की तिथि नियत है। बीते सात वर्षों पूर्व थाना शमशाबाद के तत्कालीन थानाध्यक्ष जयंती प्रसाद गंगवार ने समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत नर सिंह, मनोज, मुकेश, उमेश, वेदपाल के विरुद्ध दर्ज कार्य कराया था। जिसमें बताया कि उक्त आरोपी समाज में भय, आतंक व्याप्त पर अवैध धन अर्जित कर भौतिक लाभ लेते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

मुकदमा विचारण के दौरान नर सिंह की मृत्यु हो गई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने मनोज, मुकेश, उमेश, वेदपाल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 नवंबर की तिथि नियत की गयी है।

# डीएसओ का आदेश ताख पर, बोतल में दिया जा रहा पेट्रोल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। डीएसओ ने पेट्रोल पम्प मालिकों को भले ही बोतल में पेट्रोल की बिक्री न करने फरमान सुनाया हो, लेकिन पेट्रोल पम्प मालिक उनके आदेश को नहीं मान रहे हैं। वह खुलेआम डीएसओ के आदेश को नदरंदाज कर बोतल में पेट्रोल की बिक्री कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिलापूर्ति अधिकारी ने बोतल में पेट्रोल की बिक्री करने पर रोक लगा रखी है। इसके लिए उन्होंने जनपद के पेट्रोल पम्प मालिकों को आदेश भी जारी किये हैं, लेकिन पेट्रोल पम्प मालिकों ने उनके इस अंदाज को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है और खुलेआम बोतलों में पेट्रोल की बिक्री कर रहे हैं। गुरुवार को जब समृद्धि न्यूज के एक संवादाता की नजर पेट्रोप पम्प पर पड़ी, तो पेट्रोल पम्प कर्मचारी एक ग्राह को बोतल में पेट्रोल देते नजर आये। संवाददाता ने इस दृश्य को कैमरे में कैद कर लिया। फिलहाल यह पेट्रोल पम्प महेंद्र कटियार का बताया जा रहा है।




ग्राहक को बोतल में पेट्रोल देता कर्मचारी

# महिला का संदिग्ध अवस्था में फांसी पर झूलता मिला शव

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



मृतका का फाइल फोटो

▸ मायके वालों ने ससुरालीजनों पर लगाया हत्या करने का आरोप

महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर शव झूलता मिला। घटना के बाद से मायके वाले घर से फरार हो गये। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मायके वालों ने पुलिस के समक्ष हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के भेजा। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव महमूदपुर पटटी सपाह निवासी किशनपाल पुत्र ईश्वर दयाल ने अपनी बेटी नीरज उम्र 24 वर्ष की शादी अमित कुमार पुत्र सर्वेश निवासी जसरथपुर जनपद एटा के साथ दिनांक 16 फरवरी 2023 को की थी। शादी के कुछ दिन बीत जाने के बाद से ही ससुरालीजन पति अमित कुमार, सास ससुर व देवर और ननद द्वारा लगातार दहेज में एक सोने की चेन, एक अंगूठी व अल्टो कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर मानसिक व शरीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। गुरुवार को हमें सूचना मिली की हमारी बेटी नीरज की मौत हो गई। मेरे द्वारा जानकारी करने पर पता चला कि अमित के सहयोग से अमित की मां, भाई, बहनों ने एकराय होकर मेरी बेटी नीरज का गला व नाक दबाकर उसकी हत्या कर दी और उसके शव को फाँसी के फन्दे पर लटका दिया। मेरे द्वारा बेटी की ससुराल पहुँचकर देखा, तो मायके वाले घर से फरार थे। मैंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल घर पर पहुँचकर जाँच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य करें सचिवः बीडीओ

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



सचिव व पंचायतकर्मियों की बैठक लेते बीडीओ

विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी ने ग्राम सचिव तथा ब्लॉककर्मियों की साप्ताहिक बैठक बुलाई। जिसमें सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के दिए निर्देश दिये गये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर गुरुवार को विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत सचिवों तथा पंचायतकर्मियों की साप्ताहिक बैठक बुलाई। जिसमें सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना फार्मर रजिस्ट्री का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही गई। जिस पर विकास खंड अधिकारी ने बताया कि जो लोग फार्मर रजिस्ट्री का डाटा पूर्ण नहीं करवा पा रहे हैं उनके फार्मर रजिस्ट्री का काम बंद कर दिया जाएगा और भविष्य में कोई भी लाभार्थी इसका लाभ नहीं उठा पाएगा। विकास खंड अधिकारी ने सभी सचिवों को बताया कि वह अपने क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना, सामूहिक विवाह योजना सहित कई योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य करें। उन्होंने बताया कि वह अपने क्षेत्र में रहकर सामूहिक विवाह के लाभार्थियों को लाभ दिलाने के लिए फार्म तथा लाभार्थी को एकत्र करें। अब सरकार के आदेश पर प्रत्येक लाभार्थी को शादी अनुदान में सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकारी योजना से लाभान्वित करते हुए लाभार्थी को एक लाख रुपए का लाभ दिया जाएगा। जिसमें लाभार्थी के खाते में 60,000/- भेजा जाएगा। वहीं 15000 लाभार्थी की शादी, भोज में खर्च किया जाएगा तथा 25000/- रुपये का दहेज लाभार्थी को दिया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र में कोई भी लाभार्थी हो अपना आवेदन एडियो समाज कल्याण के पास आकर करें और योजना का लाभ उठाए। स्वच्छ भारत मिशन सहित कई योजनाओं के बारे में ग्राम सचिवों से बैठक कर उनको निर्देशित करते हुए बताया कि जल्द से जल्द शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य करें। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, प्रमोद कुमार शुक्ला, सुनील कुमार गौतम तथा वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार, अरविंद कुमार, बृजेश यादव, मोतीलाल यादव, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, विनीत कुमार वर्मा सहित समस्त विकास खंड के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जीएसटी टीम का तम्बाकू गोदाम पर छापा, जांच जारी



तम्बाकू गोदाम में चल रही जांच

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। इटावा जीएसटी एसआईवी के ज्वाइंट कमिश्नर संतोष कुमार वर्मा, एसके सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर सुनील कुमार ओझा, सुशील कुमार, अमित त्यागी टीम के साथ गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव लालबाग स्थित एक तंबाकू की गोदाम में छापा मारा। जहां एक ही गोदाम में सालासर इंटर प्राइजेज़, श्रीसाई और हुमैरा टुबैको कंपनी संचालित पाई गई। टीम ने फर्मों के अभिलेख खंगाले और वही स्टॉक को भी चेक किया। जहां मौके पर स्टॉक और अभिलेखों का मिलान किया गया। दिन भर टीम द्वारा अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। समाचार लिखे जाने तक देर शाम तक टीम द्वारा जांच जारी थी।



अस्पताल में वैक्सीन लगवाती वृद्धा व युवक

## वृद्ध महिला समेत दो पर बंदरों ने बोला हमला

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गॉंव अताईपुर निवासी राजकुमारी उम्र 53 वर्षीय पत्नी स्व0 लज्जाराम घर के आगॅन में बैठी थी। उसी दौरान बन्दरों ने अचानक हमला कर वृद्धा की पीठ में काट लिया। वहीं शमसाबाद थाना क्षेत्र के गॉंव सुल्तानपुर निवासी अविनाश उम्र 16 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र छत पर कपड़े डालने गया था। उसी दौरान बन्दरों ने पीछे से उस पर हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों को उपचार के लिए परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

## बीडीओ ने एसआईआर फार्म भरने के लिए लगाया वाईफाई कनेक्शन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने विकास खंड कार्यालय पर अपने अधीनस्थ बूथ लेवल अधिकारियों को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत डाटा खर्च न होने के कारण विकास खंड कार्यालय पर वाईफाई कनेक्शन लगवाया और बताया कि जनता तथा बूथ लेविल अधिकारियों के एसआईआर फॉर्म भरने सहित सभी को वाईफाई कनेक्शन की मुफ्त सुविधा मिलेगी। जिससे कि निर्वाचन आयोग का कार्य सही तरीके से और सही समय पर हो सके।

# युवक की उपचार के दौरान मौत, कम्पाउंडर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



रोते बिलखते मृतक के परिजन



जांच पड़ताल करती पुलिस

प्राइवेट चिकित्सक के कम्पाउंडर द्वारा इंजेक्शन लगाने के कुछ समय बाद युवक की मौत हो गयी। परिजन युवक को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने प्राइवेट चिकित्सक के कम्पाउंडर पर गलत इंजेक्शन लगा देने से मौत होने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गॉंव न्यामतपुर ढिलावली निवासी राजकुमार जाटव उम्र 30 वर्षीय पुत्र सूबेदार जाटव को बीती रात्रि में बुखार व पूरे शरीर में दर्द होने पर उसकी पत्नी गुड्डी देवी ने गॉंव के मेडीकल से दवा लाकर खिला दी। जिस पर उसे कोई फायदा नहीं हुआ। सुबह होने पर उसे परिजन उपचार के लिए रेलवे रोड ब्लाक के निकट डॉ. अजय के यहाँ लेकर पहुंचे। जहाँ उनके कम्पाउन्डर ने पहले तो राजकुमार के एक इन्जेक्शन लगाया। उसके बाद उसने जैसे ही उसके बोतल चढ़ाई, तो कुछ देर बाद राजकुमार की मौत हो गई। कम्पाउन्डर ने परिजनों से कहा कि तुम इन्हें सरकारी अस्पताल लेकर जाओ। परिजन राजकुमार को नगर के सरकारी अस्पताल में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी गुड्डी देवी ने अजय के कम्पाउन्डर पर गलत इन्जेक्शन तथा बोतल चढ़ाने का आरोप लगाते हुए पति की मौत का जिम्मेदार बताया। सूचना पाते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खॉं, एसएससाई सुरजीत यादव, उपनिरीक्षक अय्युब खाँ, उपनिरीक्षक शमशुद्दीन, हमराह कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र, नवनीत, विनीत कुमार, विजय गुर्जर, सचिन कुमार सहित पुलिस बल के साथ सरकारी अस्पताल पहुँचकर जाँच पड़ताल कर हल्का इन्चार्ज शमशुद्दीन ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पाते ही मृतक के बच्चे देवकुमार, नीलेश, पियूष सहित आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# रामगंगा पुल से दूसरे दिन भी नहीं निकाला जा सका गन्ना भरा ट्रक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



मौके पर मौजूद जेसीबी मशीन

बीते दिन रामगंगा नदी में गिरे गन्ने से लदे ट्रक को दूसरे दिन भी नहीं निकाला जा सका, हालांकि ट्रक को निकालने के प्रयास पूरे दिन चलते रहे।

जानकारी के अनुसार राजेपुर व अल्लाहगंज थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित रामगंगा पुल पर 24 घंटे पहले गिरा गन्ना भरा ट्रक दूसरे दिन भी नदी से नहीं निकाला जा सका। गुरुवार को जेसीबी के माध्यम से कई प्रयास किए गए, लेकिन नदी की गहराई अधिक होने के कारण गोताखोर ट्रक में रस्सी बांधने में विफल रहे। बताया जा रहा है कि अब ट्रक को निकालने के लिए ऑक्सीजन टास्क फोर्स की मदद लेनी पड़ेगी, ताकि नीचे तक जाकर रस्सी बांधी जा सके। इधर ट्रक गिरने के बाद से रामगंगा पुल पर जर्जर गड्ढों के कारण जाम की स्थिति लगातार बनी हुई है।

गुरुवार को करीब एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। हैरानी की बात यह रही कि मौके पर राजेपुर और अल्लाहगंज थानों का कोई पुलिस कर्मी मौजूद नहीं था। जिससे स्थिति बिगड़ती चली गई। राहगीरों ने खुद ही मशक्कत कर जाम खुलवाने की कोशिश की। इस दौरान जगह-जगह वाहनों के बीच नोकझोंक व विवाद भी होते रहे। पुल की खराब हालत और ट्रक न निकल पाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रशासनिक टीम के मौके पर न पहुंचने से लोगों में आक्रोश देखा गया।

# बोर्ड परीक्षा में नकल के आरोपों में घिरे स्कूलों एवं दागी शिक्षकों की जल्द जारी होगी डिबार सूची

(निशीत सक्सेना)

▸ परीक्षा केंद्र निर्धारण पर 4 दिसंबर तक मांगी गयी आपत्तियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। यू.पी. बोर्ड ने 30 दिसंबर तक परीक्षा केंद्र बनाये जाने का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस बार की बोर्ड परीक्षा में वही विद्यालय सेंटर बन सकेंगे, जो कम से कम 10 फिट चौड़े मुख्य या संपर्क मार्गों पर स्थित हैं। ऐसा इसलिए ताकि छात्र-छात्राओं को एवं अधिकारियों को केंद्र तक पहुंचाने में असुविधा न हो।

शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फरवरी 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा हेतु सेंटर निर्धारण कर बोर्ड ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत सभी प्रधानाचार्यों को मूलभूत सुविधाओं का ब्यौरा (डाटा) परिषद की बेबसाइट पर भेजने के निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी द्वारा तहसील स्तर पर गठित कमेटी बेबसाइट पर अपलोड की गयी। आधारभूत सूचनायें, जियो लोकेशन का भौतिक सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट देगी। जिला विद्यालय निरीक्षक 24 नवंबर तक परिषद की बेबसाइट पर समिति की भौतिक सत्यापन का पूरा डाटा अपलोड करेंगे। उसके बाद 27 नवंबर को परिषद की ओर से बोर्ड परीक्षा केंद्रों की छात्र आवंटन समेत अनंतिम सूची जारी की जायेगी। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 28 नवंबर को डिबार शिक्षकों एवं मान्यता निरस्त वाले विद्यालयों की सूची परिषद की बेबसाइट पर अपलोड होगी। जिस पर 4 दिसंबर तक आपत्तियां ली जायेंगी। यह आपत्तियां डीआईओएस एवं परिषद की बेबसाइट पर भेजी जा सकती हैं। जनपदीय परीक्षा केंद्र निर्धारण समिति 11 दिसंबर तक आपत्तियों का निस्तारण करेंगी और निस्तारण की रिपोर्ट यू.पी. बोर्ड प्रयागराज को भेजेगी। जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति के अनुमोदन के बाद माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 30 दिसंबर को बोर्ड परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी होगी।

## प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह का दौरा आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला के प्रभारी व पर्यटन एवं संस्कृतिक विभाग के मंत्री जयवीर सिंह एक दिवसीय दौरे पर 21 नवम्बर को आ रहे है। उनके दौरे की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है।

पर्यटन एवं संस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश मंत्री ठा. जयवीर सिंह 21 नवम्बर दिन शुक्रवार 11 बजे पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पहुंचेगें। इस दौरान विचार विमर्श व चर्चा करेंगे। इसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी बैठक में चर्चा करेंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्य व कानून व्यवस्था की बैठक कर समीक्षा करेंगे। इसके उपरान्त 3 बजे पत्रकारों से रुबरु होंगे।

# पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की मतदाता सूची में विसंगति को लेकर उठ रहे सवाल

▸ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर की शिकायत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



जानकारी देते एसडीएम व मौजूद बीएलओ

पूर्व विदेश मन्त्री सलमान खुर्शीद की मतदाता सूची में कथित विसंगतियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने जिलाधिकारी से शिकायत की है कि बीएलओ द्वारा भेजी गई गणना प्रपत्र की प्रतियों और ऑनलाइन सूची में पूर्व विदेश मंत्री के मतदाता क्रमांक में अंतर है।

शिकायत के अनुसार बीएलओ ने सलमान खुर्शीद के पितौरा स्थित आवास पर गणना प्रपत्र की केवल एक प्रति भेजी, जबकि नियमानुसार दो प्रतियां भेजी जानी चाहिए थीं। इसके अलावा बीएलओ के पास मौजूद मतदाता सूची में पूर्व विदेश मंत्री का क्रमांक 537 दर्ज है, जबकि ऑनलाइन सूची में उनका नाम 190 नंबर पर दिख रहा है। जिलाध्यक्ष ने इन विसंगतियों को सुधारने की मांग की थी। इस शिकायत के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह निर्वाचन टीम और बीएलओ के साथ पूर्व विदेश मंत्री के निवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने पूरी स्थिति स्पष्ट की। उप जिलाधिकारी ने बताया कि सलमान खुर्शीद के आवास पर गणना प्रपत्र की दो प्रतियां भेजी गई थीं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता 2003 की सूची के नंबर में विसंगति की बात कर रहे थे। जिसके संबंध में उन्हें ऑनलाइन सूची उपलब्ध करा दी गई है। उप जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि अब गणना प्रपत्रों का सत्यापन बीएलओ और ऑनलाइन उपलब्ध सूची के आधार पर ही किया जा रहा है। सत्यापित सूची को निर्वाचन आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उन्होंने लोगों से एसआईआर को लेकर भ्रमित न होने की अपील की और बताया कि सभी बीएलओ को शुद्ध मतदाता सूचियां उपलब्ध करा दी गई हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरने का भी आग्रह किया।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती अभियान कार्यक्रम के तहत निकाली गई पदयात्रा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पदयात्रा में शामिल क्षेत्रीय अध्यक्ष व अन्य

गुरुवार को सरदार पटेल की 150वीं अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत भोजपुर विधानसभा के मोहम्मदाबाद में राष्ट्रीय एकता मार्च का आयोजन हुआ। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सहभागिता की। मोहम्मदाबाद के एक इंटर कॉलेज से आयोजित हुई पदयात्रा मोहम्मदाबाद चौराहे होते हुए एक पैलेस में पर जनसभा के साथ संपन्न हुई। प्रकाश पाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र और छात्राओं को संबोधित किया। एकता मार्च में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर पैदल मार्च करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ सरदार पटेल अमर रहे, वंदे मातरम का उदधोष करते हुए आगे बढ़े और यात्रा का समापन एक पैलेस में हुआ। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प पत्र पढ़कर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा सरदार पटेल की जन्म जयंती एक उत्सव के रूप में मनाई जा रही है, सरदार पटेल ने देश की अखंडता और एकता के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन के बाद पूरे देश भर में सरदार पटेल की 150वीं जयंती को धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें एकता मार्च निकालकर लौह पुरुष को साक्षी श्रद्धांजलि दी जा रही है। देश की आजादी के बाद सरदार पटेल देश के प्रधानमंत्री बनते तो इस भारत की तस्वीर बदल गई होती, लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने वोट चोरी करके देश के प्रधानमंत्री बने और यह देश कांग्रेस के भ्रष्टाचार और गलत नीतियों में उलझ कर बहुत पीछे चला गया। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को चरितार्थ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी अपनाओ का नारा दिया। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का आवाहन करके उन्होंने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर वर्ग जाति और धर्म के लोगों से अपील की है। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा सरदार पटेल एक विचारधारा है, जिन्होंने भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए कांग्रेस की नीतियों का विरोध करते हुए देश हित के कई अनेकों फैसले लिए। क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने कहा भारत की आजादी में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका थी, लेकिन कांग्रेस ने उनके महत्व को कम करने का कार्य किया। भाजपा ने सरदार पटेल को सम्मान देकर विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित की। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बनने के बाद देश उन सभी महान विभूतियों को उचित सम्मान देने का काम कर रहा है। संचालन गोपाल राठौर ने किया। इस अवसर पर डीएस राठौर, पुष्पराज सिंह, दिनेश कटियार, रूपेश गुप्ता, विमल कटियार, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह राठौड़, जिला मंत्री गुरुचरन आजाद, अरविन्द कटियार, प्रधान पंचम सिंह, प्रधान संजीव कुमार कटियार, प्रधान रघुनंदन पाल, अनुज राजपूत, शंकर सिंह राठौड़, शिव मोहन सिंह, शैलेंद्र राजपूत, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# छात्राओं को कन्या सुमंगला योजना व नारी सुरक्षा की दी गई जानकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 नारी शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन हेतु जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यालय में बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरुक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कायमगंज के शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज में महिला समाज कल्याण द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महिला कल्याण विभाग की निर्मला राजपूत (हब फॉर एंपावरमेंट ऑफवीमेन जेंडर स्पेशिलिस्ट) रहीं। उन्होने कन्या सुमंगला योजना एड कर बालिकाओं को जानकारी दी गई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत सभी छात्रों को इस संबंध में बताय और छात्राओं को शिक्षा के विषय में विस्तार से बताते हुए जगरूक किया। उन्होने कहा शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, हमारे प्रधानमंत्री बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ योजनाएं चला रहे हैं, हमें भी शिक्षा के महत्व को समझते हुए विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होने शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान की प्रबन्धिका की प्रशंसा करते हुए कहा मोनिका अग्रवाल ने छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस विद्यालय की स्थापना करवायी है, जहां बालिकाओं को उच्चस्तर पर शिक्षा प्राप्त हो रही है। मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल को बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन देने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव, ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, शिल्की मिश्रा, सुरभि श्रीवास्तव, शायना खान, शोभा यादव मौजूद रहे।

# विधायक खेल प्रतिस्पर्धा में बालिकाओं ने दिखाया दमखम

**युवा कल्याण विभाग द्वारा करायी गई प्रतियोगिता**

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



प्रमाण पत्र दिखाते खिलाड़ी व आयोजक

युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में द्वितीय दिवस/अंतिम दिवस की विधायक खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन पीएन फाउंडेशन स्कूल परिसर में किया गया। द्वितीय दिवस की प्रतियोगिता में भारोत्तोलन व शेष बची एथलेटिक्स की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के आयोजकों में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कायमगंज पुष्पेंद्र यादव व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नवाबगंज शुभम सिंह उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में पंकज यादव सचिव जिला भारोत्तोलन एसोसिएशन, भारोत्तोलन कोच सतनाम सिंह व पीटीआई विशन दीक्षित ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का समापन चेयरमैन व प्रिंसिपल पीएन फाउंडेशन स्कूल पीएन अग्रवाल व शिवा शर्मा ने विजेताओं को सर्टिफिकेट, मेडल व उपहार बांट कर किया गया। बालिका सब जूनियर 45 किलो भार वर्ग में अवंतिका सिंह प्रथम स्थान पर रही। वहीं जूनियर 49 किलो भार वर्ग में संजना प्रथम, 55 किलो भार वर्ग में दीक्षा प्रथम, सोनम द्वितीय स्थन पर रही। 59 किलो भार वर्ग में बबली प्रथम रही। सीनियर वर्ग 49 किलो भार वर्ग में शिवानी प्रथम, दीपिका द्वितीय, 59 किलो भार वर्ग में निधि प्रथम, अनुष्का द्वितीय शिवानी यादव तृतीय स्थान पर रही। 64 किलो भार वर्ग में जूली प्रथम, नेहा द्वितीय स्थान पर रही।

# ग्राण्ड फिनाले डायमण्ड जुबली जम्बूरी के लिए स्काउट गाइड लखनऊ रवाना



रवाना होते स्काउट गाइड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद से ग्राण्ड फिनाले डायमण्ड जुबली जम्बूरी एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी को हरी झण्डी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया गया। स्काउट यूनिट लीडर एवं गाइड कैप्टन के साथ स्काउट गाइड भी रवाना हुए। संस्था के जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा, जिला सचिव डा0 महेश चन्द्र राजपूत ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ में वृंदावन स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउण्ड में २३ नवम्बर से २९ नवम्बर तक चलने वाले कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इन स्काउट गाइड को फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन से लखनऊ के लिए उत्सर्ग एक्सप्रेस से लखनऊ के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह के निर्देशन में जिला मुख्यायुक्त दिनेश चन्द्र वर्मा, जिला सचिव डॉ. महेश चन्द्र राजपूत ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार त्रिपाठी, जिला आयुक्त रामदास, जिला आयुक्त गाइड इंदू मिश्रा, जिला सहायक गाइड आयुक्त सुमन त्रिपाठी, रुपेश गुप्ता, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य, सुब्रत शाक्य, भारती मिश्रा, चमन शुक्ला, पूनम शुक्ला, सर्वेश यादव, गजेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापार बंधु की बैठक में नवांगतुक एएसपी का हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



एएसपी का स्वागत करती सोनी शुक्ला व व्यापारी

पुलिस लाइन सभागार में मासिक व्यापारी बंधु बैठक नव नियुक्त एडिशनल एसपी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। नवनियुक्त एएसपी को व्यापारियों ने फूल मालाओं व बुके देकर स्वागत किया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने महिला टीम के साथ अरुण सिंह को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रबल महेश्वरी ने भी अपनी टीम के साथ स्वागत किया। बैठक में व्यापारियों से चर्चा की गई। एएसपी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सब मिलकर व्यापार मण्डल व पुलिस के सहयोग से कार्य करेंगे, ताकि समाज में शांति और व्यापारी अपने आप को सुरक्षित महसूस करे। युवा जिला अध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने कहा कि जैसे पुराने एडिशनल एसपी संजय सिंह के साथ हमने मिलकर काम किया और उन्होंने हम सब का साथ दिया वैसे ही आप से भी आस है कि आप व्यापारियों के हित में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि व्यापारियों की हर समस्या का समाधान मिलकर किया जायेगा। जिला यातायात प्रभारी सतेंद्र सिंह ने सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार वाहन न चलाये, वाहन चलाते समय म्युजिक न बजाये, अपने आपको सुरक्षित रखे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, अर्पण अग्रवाल, अंकित गुप्ता, संदीप सक्सेना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, जिला महामंत्री अनीता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सीता भदौरिया, माला चौधरी, रेखा मिश्रा, नेहा मिश्रा, संगीता शर्मा, शिवाशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### लाभार्थीपरक योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, उद्यान विभाग, एनआरएलएम, मत्स्य विभाग, डूडा की लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक की। सभी बैंकों को पात्र लोगों की पत्रावलियों को शीघ्र स्वीकृत कर ऋण वितरण के निर्देश दिए। सभी बैंकों को निर्देशित किया कि कोई भी पत्रावली लंबित न रहे सभी को ससमय निस्तारित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, एलडीएम, जिला उद्यान अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

### बिना परमिट संचालित 3 स्कूल बसों के चालान



पकड़ी गयी जेसीबी व बस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 3 स्कूल बसों को बिना परमिट संचालित पाये जाने पर चालान किया गया तथा 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। बिना फिटनेस संचालित 2 जेसीबी पाये जाने पर 42500 रुपये का जुर्माना तथा 1.35 लाख टैक्स लगाया गया तथा दोनों वाहनों का थाना कादरीगेट में सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त दो ट्रक में ओवर हाईट माल लदा होने के आरोप में ट्रक का चालान किया गया। इस प्रकार परिवहन विभाग द्वारा की कार्यवाही में 13 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये रू0 1.61 लाख का जुर्माना लगाया गया तथा 1.60 लाख कर आरोपित किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवम्बर से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार के लिए पुरुषों की भागीदारी के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 21 नवम्बर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जायेगा। साथ ही इस दिन खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन कर परिवार नियोजन की सेवाएँ दी जाएँगी। इसके तहत चिकित्सा संस्थानों पर पुरुष लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण नसबंदी सेवाएं प्रदान की जाएगी। पखवाड़े के प्रथम चरण में 21 नवम्बर से 27 नवम्बर तक दंपत्ति संपर्क सप्ताह तथा द्वितीय चरण में 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सेवा वितरण सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नोडल डॉ. रंजन गौतम ने बताया कि पखवाड़े के दौरान स्वस्थ एवम खुशहाल परिवार, पुरुष सहभागिता से होगा, यह सपना साकार स्लोगन पर आधारित गतिविधियां होंगी। पखवाड़े के प्रथम सप्ताह में एएनएम व आशा द्वारा पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता, परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों की जानकारी, सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु लड़के की 21 वर्ष एवं लड़की की 18 वर्ष, विवाह के बाद कम से कम दो साल बाद पहला बच्चा हो, पहले व दूसरे बच्चे में 3 साल का अंतर हो, साथ ही कहा कि इस दौरान 28 नवंबर से 4 दिसम्बर तक प्रतिदिन डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय पुरुष पुरुष नसबंदी के लिए इच्छुक व्यक्तियों की नसबंदी की जाएगी। उप मुख्य चिकित्साधिकारी और पुरुष नसबंदी स्पेस्लिस्ट डॉ. राजेश माथुर ने बताया कि पुरुष नसबंदी की प्रक्रिया पूरी होने में केवल 10 से 15 मिनट का समय लगता है।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में युवा संसद का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में सम्मानित होता छात्र

बच्चों में नेतृत्त्व विकास की प्रतिभा को विकसित करने की दृष्टि से सदनशः युवा संसद की प्रतियोगिता का आयोजन आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में किया गया। मुख्य अतिथि स्टेशन कमाण्डर सिखलाई रेजीमेंट सेण्टर के कमाण्डेण्ट और विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत का प्रतिनिधित्व नगर पंचायत संकिसा के चेयरमैन राहुल राजपूत ने किया। कक्षा नौ और कक्षा ग्यारह के छात्र और छात्राओं ने विभिन्न राजनैतिक दलों के रूप में सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाते हुए विभिन्न ज्वलन्त मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रश्नोत्तर काल में सभी ने एक दूसरी पार्टियों से प्रश्न पूछे और प्रश्नों के उत्तर देकर सन्तुष्ट करने का प्रयास भी किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 ब की छात्रा काव्या मिश्रा को हिन्दी में सर्वश्रेष्ठ वक्ता, कक्षा 11 अ के छात्र आकाश को अंग्रेजी में सर्वश्रेष्ठ वक्ता की ट्राफी से नवाजा गया। कक्षा ग्यारह अ की छात्रा आरजू को सर्वश्रेष्ठ प्रश्न करने वाली सांसद तथा इसी की छात्रा भार्गवी को सर्वश्रेष्ठ उत्तर देने वाली सांसद की ट्राफी प्रदान की गयी। कक्षा ग्यारहवीं अ के छात्र अनमोल दीक्षित को सर्वश्रेष्ठ संसद सदस्य के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ओवर आल विजेता ट्राफी अशोका सदन को प्रदान की गयी।

चेयरमैन ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में नेतृत्व विकास और स्वस्थ राजनीति की भावना का विकास होता है। उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में राजनैतिक पार्टियॉ रहेंगी, बिगड़ेगी, लेकिन देश हमेशा रहेगा। हमें अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर देश के हित के बारे में सोंचना चाहिए। राहुल राजपूत ने भारतीय लोकतंत्र के भावी नेताओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। युवा संसद के अध्यक्ष के रूप में कक्षा बारहवीं स के छात्र शनि यादव ने निभाई। संचालन वैष्णवी मिश्रा व अनामिका यादव ने किया। प्रधानाचार्य संजीव ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक महेश चन्द्र उपाध्याय, डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी व रेनू राठौर रहीं। संचालन में पूर्णिमा अग्निहोत्री, मो0 आसिम हुसैन व पवन कुमार मिश्र ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण तथा वन्दे मातरम् गीत के साथ हुआ।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में अभियुक्त को दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश दीपेन्द्र कुमार सिंह ने अभियुक्त मोनू कुमार जाटव को दाषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वर्ष 2019 में जनपद हरदोई के हरपालपुर अजुनपुर निवासी पूजा पत्नी बबलू ने कोतवाली फतेहगढ़ में दी तहरीर में दर्शाया था कि मैं एक माह पहले मोनू पुत्र खुशीराम निवासी खुशीराम निवासी गोरा कब्रिस्तान शीशमबाग के साथ अपनी पुत्र एक वर्ष छह माह के साथ रहने के लिए आयी थी। 27 फरवरी 2019 को मैं अपनी बेटी को को लेकर खाना बनाने जा रही थी, तो मोनू ने मेरी बेटी शिवानी को मेरी गोद से छीनकर यह कहते हुए कि में किसी दूसरे की लड़की को अपने साथ नहीं रखूंगा और काफी बेदर्द तरीके से मारा, उस समय रात के 9 थे 10 बजे रहे थे। मोनू के मारने पीटने से मेरी बेटी शिवानी की मृत्यु हो गई हैं। मौसम खराब था और पड़ोस में रहने वाले कही गये थे इसके कारण मैंने किसी को सूचना नहीं दी। सुबह मैंने पड़ोस के रहने वाले आमीर पुत्र मधून जो कब्रिस्तान में जा रहा था उसको सूचना दी तो अमीर मेरी लड़की को देखते हुए बताया कि इसकी सांस नहीं चल रही है यह मर चुकी है। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश दीपेन्द्र कुमार सिंह ने अभियुक्त मोनू कुमार जाटव को दाषी करार देते हुए धारा 304 के आरोप में दस वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के बच्चों ने देखा जादू



जादू देखने के दौरान मौजूद बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवती टाकीज कायमगंज में पिछले तीन सप्ताह से चल रहे जादू के कार्यक्रम को देखने के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बच्चों की जिद को पूरा कर उन्हें जादू के महान करतव दिखालाये। आधा दर्जन जादूगरों ने विचित्र जादू दिखाकर बच्चों को खूब तालियां बजाने पर मजबूर किया। बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे और कलाकारों का उत्साहवर्धन भी कर रहे थे। प्रधानाध्यापक ने बताया कि गत दिवस स्कूल के दो बच्चे संकिसा टूर पर गए थे, तभी से सब बच्चे जादू देखने की जिद कर रहे थे। कक्षा तीन, चार व पांच के 37 बच्चों का भ्रमण कराया गया।

# यंत्रों के लिए 12 ई-लाटरी व 6 आटो लाटरी से कृषकों का चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**





बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं के अन्तर्गत की गई कृषि यंत्रों की बुकिंग हेतु ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया गया।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजना के अन्तर्गत जनपद को आवंटित लक्ष्य के आधार पर कृषक विकास खण्डवार यंत्र की उपलब्धता के सापेक्ष आवश्यकतानुसार बुकिंग करते हैं, बुकिंग की अवधि 15 दिवस तक होती है। लक्ष्य से अधिक आवेदन आने पर ई-लाटरी आयोजित कराई जाती है, लक्ष्य से कम अथवा बराबर आवेदन आने पर निदेशालय स्तर से आटो लाटरी के माध्यम से आवेदन स्वीकृत किया जाता है। जनपद में 6 कृषकों के विभिन्न यंत्रों के आवेदन लक्ष्य से कम अथवा बराबर होने पर निदेशालय स्तर से आटो लाटरी के माध्यम से चयन किया। डीएम के निर्देशानुसार विकास खण्डवार हुई बुकिंग के आधार पर ई-लाटरी कृषि विभाग के पोर्टल से निकाली गई, जिसमें 12 यंत्रों के लिये कुल 122 आवेदन प्राप्त हुये थे। प्राप्त आवेदन पत्रों में से ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया गया। ई-लाटरी के माध्य से रनवीर को किसान ड्रोन, श्रीपति मिश्रा को कस्टम हायरिंग सेंटर, प्रदीप कुमार को कस्टम हायरिंग सेंटर, अनुज कुमार को कस्टम हायरिंग सेंटर, बलवीर को कस्टम हायरिंग सेंटर, श्याम चरन को कस्टम हायरिंग सेंटर व प्रमोद कुमार को ट्रैक्टर माउंटेड, हरीश चन्द्र सिंह को कल्टीवेटर, राजवीर को लेजर लैंड लेवलर, प्रदीप कुमार को रोटावेटर, निर्मला देवी को पावर संचालित चारा कटर, रंजीलाल को सुपर सीडर के अलावा ऑटो लाटरी के माध्यम से अवनीश कुमार को कल्टीवेटर, संतोष कुमार गंगवार को पैकिंग मशीन, अशोक कुमार को रोटावेटर, ईश्वरदयाल को मिल्टर प्रेस के साथ तेल मिल व जोगराज को पावर टिलर के लिए चयन हुआ है। डीएम ने सभी को बधाई दी। ई-लाटरी की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र, जिला उद्यान अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ0 महेन्द्र प्रसाद, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक वीडी वर्मा एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ज्योती चौधरी, समिति में विशेष सदस्य के रूप में नामित प्रगतिशील कृषकों के साथ-साथ बुकिंग कराने वाले कृषक भी उपस्थित रहे।

# रैबीज से बचाव के लिए सभी पैट का वैक्सीनेशन करायेः डीएम

**शैल्टर हाउस बनाने के लिये जगह चिन्हित करने के दिये निर्देश**





बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जूनोटिक समिति की बैठक व राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसीएमओ द्वारा अवगत कराया गया कि जूनोटिक डिजीज व रैबीज से बचाव के लिये समय से वैक्सीन लगवाये, देश मे प्रतिवर्ष 20 हजार मौते रैबीज बीमारी से होती है। लोहिया हॉस्पिटल में ऐंटी रैबीज सीरम उपलब्ध है, सभी सीएचसी पर ऐंटी रैबीज डोज उपलब्ध है। डीएम ने निर्देशित किया कि रैबीज से बचाव के लिये सभी पैट का वैक्सीनेशन समय से कराये, स्ट्रीट डॉग का वैक्सीनेशन कराया जाये। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि शैल्टर हाउस बनाने के लिये जगह चिन्हित कर ले। डीएम ने आगामी सर्द ऋतु के दृष्टिगत सभी गौशालाओं में ठंड से बचाव के उपाय करने के लिये निर्देशित किया, रैन वसेरों की शुरुआत करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास प्राधिकरण व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महादेव खाद भण्डार का लाइसेन्स निलम्बित, दुकान सील

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**



जांच पड़ताल करते अधिकारी

नगर की एक दुकान से ग्रामीणों ने डीएपी खाद खरीदी थी। खाद की बोरी में कंकड़ व पत्थर निकलने पर ग्रामीणों ने हंगामा काटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत एसडीएम से की। जिला कृषि अधिकारी ने दुकानदार का लाइसेंस निलंबित कर दुकान को सील कर दिया।

कटिया रोड कम्पिल स्थित महादेव खाद भण्डार से स्थानीय कृषकों बलवीर, उदयवीर, पप्पू एवं सुनील निवासीगण गंगपुर शाहपुर द्वारा डीएपी लेकर फसल की बुवाई करायी गयी। कृषकों द्वारा डीएपी की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने पर इसकी लिखित शिकायत तहसील कायमगंज में की गयी। कृषकों द्वारा की गयी शिकायत के क्रम में जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह द्वारा मौके पर जाकर स्थानीय शिकायतकर्ता कृषकों की उपस्थिति में उर्वरक प्रतिष्ठान की जांच की गयी। प्रथम दृष्टया स्थिति सन्देहास्पद होने के कारण जिला कृषि अधिकारी ने दुकान में उपलब्ध डीएपी स्टाक 45 बोरी एवं कृषक के पास रखी डीएपी की बोरी से जांच हेतु नमूना लिया गया। उर्वरक विक्रेता का लाइसेन्स तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए बिक्री रोक लगा दी गयी है, साथ ही दुकान में मौजूद उर्वरक स्टॉक को सीज करते हुए दुकान को भी सील कर दिया गया है। ग्रहित किये गये नमूनें की गुणवत्ता जॉच होने तक दुकान सील रहेगी एवं दुकान में उपलब्ध उर्वरक स्टाक को सीज करते हुए रिंकू नामक व्यक्ति को सील सुरक्षा हेतु सुपुर्द कर दिया गया है। उर्वरक नमूने का परीक्षण परिणाम अमानक पाये जाने पर विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में गत वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना डीएपी उर्वरक का वितरण किया जा चुका है तथा पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है एवं जनपद में रेलवे रैक एवं सड़क मार्ग से लगातार उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है। किसान बिक्री केन्द्र पर खतौनी एवं आधार अवश्य लेकर जायें। कृषक मिट्टी की जाँच के आधार पर संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें। जनपद में उर्वरकों की आवश्यकतानुसार समुचित उर्वरक उपलब्ध है, कोई कमी नहीं है औन ही कमी होने दी जायेगी। माह नबम्बर के लक्ष्य के सापेक्ष यूरिया 22672 के सापेक्ष 29181 मै0टन (129 प्रतिशत), डी0ए0पी0 11682 के सापेक्ष 21150 मै0टन (181 प्रतिशत), पोटास 3060 के सापेक्ष 10586 मै0टन (346 प्रतिशत) एवं एन0पी0के0 15791 के सापेक्ष 27330 मै0टन (173 प्रतिशत) तथा सुपर फास्फेट 10509 के सापेक्ष 18716 मै0टन (178 प्रतिशत) उपलब्ध है। जनपद की सभी सहकारी समितियों पर तेजी से यूरिया की आपूर्ति करायी जा रही है। आगामी समय में उर्वरकों की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी।

# डीएम ने एसआईआर को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी की साझा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



एसआईआर को लेकर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने प्रेसवार्ता कर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 1229000 मतदाता है और 1342 बूथ और सभी बूथ पर लेवर अधिकारी तैनात किए गए है जो मतदाता गणना के फॅर्म लोगो को उपलब्ध करा रहे है।

उन्होंने बताया कि कई लोगों को समस्या है कि उनका नाम 2003 की लिस्ट में है या नहीं इसके लिए सभी बीएलओ के पास 2003 की लिस्ट उपलब्ध है और यदि कोई खुद से देखना चाहता है तो वो उत्तर प्रदेश चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर देख सकता है या किसी सेवा केंद्र पर जाकर भी देख सकता है।

उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र वितरण का कार्य 4 नम्बर से चल रहा है और 4 दिसम्बर तक भरे हुए गणना प्रपत्र को जमा करना है।

उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त दलों को भी अपने एजेंट नियुक्त करने के लिए बोला गया और वो प्रतिदिन 50 मतदाताओं के प्रपत्र भर के जमा करा सकते है। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों को घर घर जाने के आदेश दिया गया है। कोई मतदाता 2 स्थानों से अपना प्रपत्र नहीं भर सकते उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सभी मतदाता अपना नया फोटोग्राम अवश्य दे।उन्होंने कहा को जिनके प्रपत्र वापस नहीं आएंगे तो उनके नाम लिस्ट में शामिल नहीं किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा 1 जनवरी 26 तक जो लोग 18 वर्ष के हो रहे है उनके लिय भी फॅार्म उपलब्ध है वो भी भर के दे सकते है।

## एसआईआर को लेकर लोगों को किया जागरूक



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी कार्यालय पर पंकज यादव पिंटू सदस्य जिला पंचायत के संयोजन में चलाए जा रहे एसआईआर प्रचार जागरूकता वाहन को सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पदाधिकारियों के साथ एसआईआर के संबंध में आम जनमानस में जागरूकता लाने के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर इटावा विधानसभा में रवाना किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने जनपद की जनता को जागरूक करते हुए कहा एसआईआर अर्थात गहन मतदाता पुनरीक्षण 4 दिसंबर तक चलेगा, इसमें सभी को अपने-अपने परिवार के मतदाताओं के फार्म भरवा कर जमा कराया जाना अनिवार्य है, यदि आपका मतदाता सूची में नाम ही नहीं होगा, तो आगे चलकर हो सकता है कि आपके राशन कार्ड को भी निरस्त कर दे, और आप मताधिकार से वंचित हो जाएंगे, इसलिए आप सभी जागरूक होकर अपने-अपने फॅार्म भरकर अपने बीएलए की पास जमाकर रसीद प्राप्त कर लें, जिससे आपका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो सके, नहीं तो आप सभी सरकारी सुविधाओं से भी वंचित हो सकते हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री वीरू भदौरिया जी, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, आशीष राजपूत, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिलासचिव प्रवीन कुशवाह, देवेंद्र भदौरिया, लाखन सिंह जाटव, बल्ले यादव, राजेश यादव, सोनू परिहार, गिरेंद्र यादव, अंकुर यादव साथ रहे।

## स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता व अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में लगातार वार्डों 11 कटरा बल सिंह में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिसमें लोगों को कचरे के विषय में जानकारी दी जा रही है एवं अपने अपने घरों में नीला डस्टबिन सुखे कचरा व हरा डस्टबिन गीला कचरा रखने के लिए बताया गया जिससे सफाई मित्र को सूखा कचरा व गीला कचरा अलग-अलग करके ही दें एवं गीला कचरे से होम कंपोस्टिंग के माध्यम से घर पर ही जैविक खाद बनाने की प्रति जागरूक भी किया जा रहा है जिससे कि घर से निकलने वाला गीला कचरा घर पर हि समाप्त हो जाए और घर पर लगे बागवानी फूल फुलवारी के पेड़ को बढ़ोतरी मिले। सफाई एवं खाद निरीक्षक नत्थीलाल कुशवाहा ने बताया कि डोर टू डोर के माध्यम से सफाई मित्र द्वारा लिया गया गीला कचरे को वार्डस्तर पर कम्युनिटी कंपोस्टर के माध्यम से जैविक खाद बनाकर समाप्त कराया जा रहा है तथा सूखा कचरा को एमआरएफ सेंटर भेज कर उसका निस्तारण कराया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद बांदा इकाई में नए पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन पर बांदा जिला इकाई की एक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गुरुवार को जिला कार्यालय पीली कोठी में जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष नीरज निगम एवं महिला मंच जिलाध्यक्ष रूपा गोयल के तत्वाधान में आयोजित हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं तीनों जिलाध्यक्षों तथा समस्त पदाधिकारियों की सहमति से राजकुमार राज पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बांदा को मैन बाडी का जिला संरक्षक घोषित किया गया साथ ही अमित सेठ भोलू को युवा विंग का जिला संरक्षक एवं महिला मंच से जिला संरक्षक के रूप में श्रीमती विनोद जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया एवं सभी ने दोनों पदाधिकारियों को ढेर सारी बधाइयां दी। इस मौके पर नवनियुक्त जिला संरक्षक राजकुमार राज जी एवं युवा जिला संरक्षक अमित सेठ भोलू जी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सभी ने हम पर जो भरोसा दिखाया है हम उसका सम्मान करते हैं और राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा जी को बहुत बहुत धन्यवाद देते है, उन्होंने आगे कहा कि हम परिषद के बेहतरीन भविष्य के लिए आगे बढ़कर कार्य करेंगे और जो भी कठिनाइयां सामने आएंगी उनका हम सब मिलकर एक साथ मुकाबला करेंगे। इस दौरान पत्रकार एकता पर विशेष बल दिया गया और कहा कि पत्रकार समाज का आईना है और यह समाज के बेहतर कल के लिए एकसाथ मिलकर कार्य करें यह बहुत जरूरी है इसलिए सभी लोग मिलकर कार्य करें जिससे और भी ज्यादा बेहतर कार्य होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष नीरज निगम एवं महिला मंच जिलाध्यक्ष रूपा गोयल ने सभी को एक साथ रहकर तथा पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने को कहा साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को ढेर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संध्या धुरिया, मितेश कुमार, पूरन राय, संदीप पटेल, सत्यनारायण निषाद, पुष्पेंद्र कुमार रायकवार, नवल तिवारी, आमोद कुमार, उपेंद्र कुमार, अमर सिंह, नरेश निगम, राजकुमार, जीवेश प्रकाश, अमर सिंह, अखिलेश सिंह, शैलेन्द्र त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण लोग मौजूद रहे।

### लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सदर तहसील में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे दो बीघा जमीन की पैमाइश को लेकर बड़ा विवाद पैदा हो गया। खुड़ीसर गांव के किसान शमसुद्दीन पुत्र शरीफने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों से पैमाइश के लिए चक्कर काटने के बावजूद तहसील कर्मचारियों ने उसकी मदद नहीं की। बल्कि उससे 50 हजार रूपए की रिश्वत मांगी जिससे परेशान होकर किसान एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव की गाड़ी के सामने जाकर धरने पर बैठ गया। किसान का कहना है कि उसने पैमाइश के लिए लेखपाल नागेन्द्र सिंह को प्रार्थना पत्र दिया था आरोप है कि नागेन्द्र सिंह ने कई बार रूपए न देने का दबाव बनाया जब किसान ने रिश्वत देने से इंकार कर दिया जिससे नाराज लेखपालों ने उसे गुरूवार को तहसील बुलाया। शमशुद्दीन के अनुसार तहसील के एक कमरे में लेखपाल नागेन्द्र सिंह, देवराम, और सुरेश ने दरवाजा बंदकर उसे धमकाया। गाली गलौज की और लातघूसों से मारपीट की किसी तरह बचकर वह कमरे से बाहर निकला और एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव की गाड़ी के सामने जाकर धरने पर बैठ गया। घटना के बाद ग्रामीणों व किसानों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि रिश्वत के लिए किसान को कमरे में बंदकर पीटना शर्मनाक व गैर कानूनी है तथा आरोपित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जरूरी है। इसके बाद किसान ने धरना समाप्त किया।

### सर्पदंश से बिगड़ी महिला की हालत

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के विनवठ मोड़ के पास खेत में धान काटते समय एक महिला को सर्प ने कांट लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ने लगी, परिजनों ने सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। उमरहनी गांव की रहने वाली महिला शोभा पत्नी अरूण कुमार उम्र 36 वर्ष यह गुरुवार को खेत में धान काटते समय विनवठ मोड़ के पास महिला के पैर में जहरीले सर्प ने काट लिया, जब महिला की तबीयत बिगड़ने लगी तो मौके पर पहुंचे, परिजनों के द्वारा महिला को गंभीर हालत मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। वही सीएचसी बबेरू मे तैनात डाक्टर रामनरेश पटेल ने बताया कि महिला इलाज किया जा रहा है अब खतरे से बाहर है।

## विवाहिता की मौत के मामले में पति व सास गिरफ्तार

**सैफई-इटावा, समृद्धि न्यूज।** ग्राम केशवपुर बैनी मे विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सैफई पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित पति और सासु को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

केशवपुर बैनी गांव में मंगलवार देर रात 20 वर्षीय अंजलि पत्नी उपेंद्र की मौत संदिग्ध हालात में हुई थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और बुधवार को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

विवाहिता की शादी बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव जैतपुर तोताराम निवासी शिवराज सिंह ने 26 दिसंबर 2023 को उपेंद्र निवासी केशवपुर बैनी के साथ की थी। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ससुराल पक्ष के लोग ऑल्टो कार और दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहे थे और दहेज उत्पीड़न लगातार बढ़ता जा रहा था। घटना के मृतका के पिता शिवराज सिंह ने पति उपेंद्र, ससुर वीरपाल, सासु मिथलेश, ननद दिव्या, देवर विवेक, ताऊ महेश और उसके पुत्र गोलू सहित कुल सात लोगों के खिलाफ सैफई थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच सीओ केपी सिंह द्वारा की जा रही थी। गुरुवार को को द्वारा गठित टीम मे उप निरीक्षक संजय दुबे ने रकुइया नहर पुल से पति उपेंद्र और सासु मिथलेश को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। सीओ केपी सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद शेष आरोपितों की भूमिका की भी जांच की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## शांति यज्ञ निर्धारित समय पर ही कराएं : नीरज यादव

**सफई-इटावा, समृद्धि न्यूज।**



केंद्रीय समाज सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज यादव ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के निधन के बाद मृत आत्मा दसवें दिन तक अंत्येष्टि स्थल और घर के बीच आवागमन करती रहती है।

दसवें दिन के पश्चात ही वह अपनी अगली योनि या गंतव्य की ओर प्रस्थान करती है। इसलिए शांति यज्ञ और शांतिज्ञ का पाठ सदैव निर्धारित समय पर ही संपन्न कराना चाहिए, ताकि दिवंगत आत्मा को पूर्ण शांति मिल सके। वे बुधवार को ग्राम बहादुरपुर हैवरा में सड़क दुर्घटना में निधन हुए 72 वर्षीय सहदेव सिंह कक्का के पैतृक आवास पर आयोजित शांतिज्ञ एवं शांति यज्ञ में पहुंचे थे। कार्यक्रम में उन्होंने परिवारजनों से संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की मोक्ष यात्रा के लिए प्रार्थना की। शांति यज्ञ का पाठ मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगरामाचार्य ने कराया। इस दौरान केंद्रीय समाज सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज यादव, मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगरामाचार्य, ग्रामीणों और परिजनों ने सामूहिक रूप से आहुति देकर ईश्वर से शांति की कामना की। केंद्रीय समाज सेवा समिति की स्थापना पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय बाबू दर्शन सिंह यादव द्वारा की गई थी, जो समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

## अमृत फार्मेसी खोलने का रास्ता साफ

**सस्ती दवाइयां मिलने से लागों को होगा लाभ**

**सैफई-इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में अब मरीजों को सस्ती और अच्छी दवाएँ मिल सकें, इसके लिए गुरुवार को अमृत फार्मेसी खोलने का रास्ता साफ हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ एमओयू साइन कर दिया है।

यह एमओयू कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह के निर्देशन में वित्त अधिकारी जगरोपन ने किया। कुलपति ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को कम दाम पर गुणवत्तायुक्त दवाएँ दिलाने की दिशा में यह बड़ा कदम है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.पी. सिंह ने बताया कि अमृत फार्मेसी केंद्र का मकसद सरकारी पहल के तहत बेहतर गुणवत्ता की दवाएँ, सर्जिकल सामान, इम्प्लांट और जरूरी चिकित्सा सामग्री रियायती दरों पर उपलब्ध कराना है। इससे रोज आने वाले हजारों मरीजों को राहत मिलेगी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि फार्मेसी पूरी तरह पारदर्शिता और गुणवत्ता वाले सिस्टम पर चलेगी। मरीजों को जिस दवा की जरूरत होगी, वह सामान्य बाजार से काफी कम रेट पर उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि अमृत योजना साल 2015 में केंद्र सरकार ने शुरू की थी और इसका संचालन एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड करता है। यह व्यवस्था प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की तरह ही सस्ती दवा उपलब्ध कराने वाला नेटवर्क है। एमओयू साइनिंग के मौके पर प्रति कुलपति प्रो. डॉ. रमाकांत, संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. आदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के.बी. अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## धार्मिक कट्टरता का समर्थन नहीं करती रालोद : त्रिलोक त्यागी

**राष्ट्रीय लोकदल का मण्डलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय लोकदल द्वारा रायफल क्लब मैदान बांदा में मण्डलीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एससी/एसटी आयोग उ0प्र0 सरकार के सदस्य नरेन्द्र सिंह खजूरी व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रामकृष्ण सिंह पटेल उपस्थित रहे।

पैंथर के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्नालाल दिनकर ने किया।कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा किपूरे बुन्देलखण्ड में पार्टी को नये सिरे से मजबूत किया जायेगा और आगामी पंचायत चुनाव पार्टी अपने दम पर चुनाव लडेगी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी एनडीए सरकार में रहकर किसानों के मुद्दों को हल कराने का प्रयास कर रही है। हमारी पार्टी सभी धर्मों का सम्मान करती है और किसी भी धर्म की कट्टरता का समर्थन नहीं करती है। देशवासियों को धर्मांधताऔर कट्टरता से बचना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी जी दबे, कुचले, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों की मजबूती के लिये लगातार काम कर रहे हैं और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पदचिन्हों में चलकर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि एससी/एसटी आयोग उप्र सरकार के सदस्य नरेन्द्र सिंह खजूरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसानों केसाथ-साथ दलितों, वंचितों, मजलूमों की मजबूत आवाज है और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने सभी से अपील की कि पार्टी से जुड़कर आमलोगों की आवाज बनें। राज्य पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य रामकृष्ण सिंह पटेल ने कहा कि अब बुन्देलखण्ड के किसानों को किसी भी योजना से वंचित नहींहोना पड़ेगा, राष्ट्रीय लोक दल बुन्देलखण्ड में किसानों की मजबूत आवाज बनेगा।

उन्होंने कहा कि हमारे सभी कार्यकर्ताओं को चौधरी चरण सिंह के सपनों का भारतबनाने के लिये लगातार संघर्ष करना होगा। अध्यक्षता करते हुये राष्ट्रीय स्वराज पैंथर के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्नालाल दिनकर ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रीयलोक दल को पूरे बुन्देलखण्ड में मजबूत करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल की विचारधारा और हमारे संगठन की विचाराधारा एक है इसलियेहमारे सभी साथी पार्टी को मजबूत करने में लगे हुये हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में लायें गति : जिलाधिकारी

**डीएम ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में विकासखंड स्तर पर संचालित किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि अपने-अपने विकास खण्डों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाये तथा कार्यों को तेज गति से पूर्ण कराएं। उन्होंने फैमिली आईडी के बनाए जाने के कार्य में तेज गति से फैमिली आईडी बनाने के कार्य को पूर्ण किए जाने के निर्देश समस्त संबंधित खंड विकास अधिकारियों को दिए उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार के शिथिलता न कीजाए स उन्होंने कृषि एवं जल संशाधन एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय समावेशन के अन्तर्गत कार्यों में प्रगति लाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से कार्यों में प्रगति लायें। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने विभागीय कार्यों में तेजी लाते हुए कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने विकास खण्डों में सभी हेल्थ वेलनेश सेन्टरों को संचालित रखने के निर्देश दिये। सभी विद्यालयों में जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत शत-प्रतिशत रूप से पेयजल कनेक्शन कराये जायें तथा आंगनबाडी केन्द्रों में सभी गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरण के साथ उनकी सभी आवश्यक जांचे अवश्य करायी जायें। मुद्रा लोन योजना के अन्तर्गत लोन दिलाये जाने के सम्बन्ध मे निर्देश दिये।

उन्होंने विकास खण्डों में न् कायाकल्प योजना के अंतर्गत विद्यालयों में टायलीकरण, बाउंड्री वॉल, शौचालय आदि के कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण कराया जाने के निर्देश दिए सहेल्थ कैम्प लगाये जाने तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी के लिए लोगों को दिलाई जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनबाडी व आशा नियमित रूप से गॉवों में फील्ड विजिट करें तथा ग्रामों में खुले नाले-नालियों, ठीक कराया जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश पंचायत राज अधिकारी को दिये। उन्होंने विकास खण्डों में आधार भूत सुविधाओं को और विकसित/व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महिलाओं को किया जागरूक



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना, सहायता सेवाओं आदि के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बे के प्राथमिक विद्यालय मे, थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर महुआ थाना गिरवा में, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम जारी में, थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा एच एल इंटर कॉलेज इंदिरा नगर में ,थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा पैलानी में महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । साथ ही वर्तमान में नवीनतम तरिके से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें- केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी काल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगी जाती हैं। ओटीपी फ्राड जिसमें काल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर कर लिए जाते हैं । यूपीआई स्कैम जिसमें यूपीआई पेमेंट लिंक या क्यूआर कोड स्कैन कराकर खातों से राशि चुरा ली जाती है।

सोशल मीडिया हैकिंग जिसमें सोशल मीडिया अकाउंट्स को हैक कर उनसे फर्जी संदेश भेजकर लोगों से पैसे मंगवाए जाते हैं। फर्जी कॉल्स जिसमें खुद को बैंक अधिकारी, पुलिस या किसी प्रतिष्ठित संस्था का प्रतिनिधि बताकर ठगी की जाती है। फिशिंग ईमेल्स जिसमें आकर्षक आफर्स या नौकरी के नाम पर ईमेल भेजकर यूजर्स की निजी जानकारी जुटाई जाती है आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक किया गया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर बिना सत्यापन के कोई भी जानकारी साझा न करें। साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम या साइबर हेल्पलाइन नम्बर काल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

## अवैध खनन का अड्डा बना सिंधनकला, अफसर बेबस

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

वर्षाकाल समाप्त होने के बाद से शुरू हुए बालू के नवीन सत्र में खनन कारोबारियों ने अवैध कमाई के सारे हथकण्डे अपनाना शुरू कर दिए है। पैलानी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित होने वाली सिंधनकला खदान शुरू होते ही विवोद के लिए फिर से चर्चा में आ गई है। निरीह किसान के खेतों पर रसूख के बल पर रास्ता बनाकर अवैध रूप से इस खदान की बालू की निकासी का कार्य किया जा रहा है। निकासी का विरोध करने पर किसान को असलहों के बल पर धमकाया जाता है। पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

विदित हो कि लालसोने की लूट करने के लिये नाजायज तरीके अपना रहे खदान संचालक की मनमानी की कहानी अब जनजुबानी बन चुकी है। पैलानी थाना क्षेत्र की सिंधन कलां बालू खदान के खुलते ही कई जिंद निकल आये है, जिन्होंने खेतों पर कब्जा करना, रास्ता बनाना और अवैध रूप से खनन करने की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया है। सिंधनकलां निवासी सत्यम कुमार तिवारी पुत्र अरविन्द कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी को सौंपे गये पत्र में कहा है कि प्रार्थी का एक खेत गाटा संख्या 103/4, 103/3 है, जिस पर बालू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से जबर्दस्ती रास्ता बना लिया गया है, अवैध रूप से अपने खंड की सीमा के बाहर बीच धारा से नदी का सीना चीर कर बालू निकालकर गाड़ियों में लोड की जा रही है। प्रार्थी के द्वारा खेत पर अवैध कब्जे का जब विरोध किया गया तो बालू माफियाओं ने धमकाते हुये कहा कि उपजिलाधिकारी पैलानी से लगाकर बांदा में बैठे कर्ता धर्ता सब हमारे साथ है, तुम हमारा कुछ नहीं



कर सकते हो चुपचाप यहां से भाग जाओ वरना कोई झूठा मुकदमा लगाकर तुम्हे फंसा देंगे। प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों के द्वारा लगातार केन का सीना चीरकर बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग करते हुये कहा है कि बालू माफियाओं के द्वारा कब्जाई गई जमीन छुड़वाया जाये और आरोपी जनों के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही की जाये।

बताते चले कि यह हाल कोई सिंधनकलां बालू खदान का नहीं है, जिले में संचालित हो रही बालू की समस्त खदानों में अवैध रूप से मानकों की अनदेखी करके बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। जिसको रोकने में खनिज प्रशासन पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहा है। खनिज विभाग के द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियां भी मीडिया तक नहीं पहुंच पाती है और तो और बालू माफियाओं का नेटवर्क इतना तेज है कि अगर कोई जिले का उच्च अधिकारी खदान में औचक निरीक्षण करने के लिये पहुंचता है तो तैनात तक्कों के द्वारा खदान तक तत्काल खबर पहुंचा दी जाती है। खनिज विभाग में भी बालू माफियाओं के कई मुखबिर सूचना अदान प्रदान करने का काम अर्से से करते चले आ रहे हैं। यहां पर तैनात कुछ कर्मचारियों की सम्पत्ति की जांच कर ली जाये तो सारी सच्चाई खुद ब खुद सामने आ जायेगी।

## ट्रक चालक नो एंट्री की उड़ा रहे धज्जियां

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कस्बे में नो एंट्री होने के बावजूद भी दिन में ओवरलोड बालू से भरे निकलते हैं ट्रक,सड़कों में घंटों जाम से राहगीर परेशान होते, जैसे खुले आम ट्रक चालक नो एंट्री की धज्जियां उड़ाते हुए दिख रहे है।

बबेरू कस्बे में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सुबह कस्बे में नो एंट्री लगाई जाती है। जिसमें तिंदवारी रोड ,बांदा रोड ,अतर्रा रोड, कमासिन रोड, औगासी रोड में 2 से 3 किलोमीटर पहले नो एंट्री के बोर्ड लगाकर यातायात पुलिस व सहयोग में होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी होती है, की कोई भी भारी वाहन कस्बे में प्रवेश न हो लेकिन यातायात पुलिस और लगे होमगार्ड के जवान और ट्रक मालिकों के मिली भगत से भारी वाहनों को कस्बे में एंट्री दे दी जाती है। जिसमें कस्बे में जाम लगता है, और जाम से राजगीर परेशान होते हैं। वहीं आज गुरुवार को सुबह देखा गया कि कस्बे में ओवरलोड बालू से भरे ट्रक व भारी वाहनों के निकलने से कस्बे के मुख्य चौराहे पर जाम बना रहा, और बिना नंबर के ओवरलोड बालू से भरे ट्रक निकल रहे हैं,



जिससे खुले आम पुलिस प्रशासन यातायात पुलिस और होमगार्ड के जवानों की देखरेख में ट्रक चालक जमकर नो एंट्री की धज्जियां उड़ा रहे जा है। जिससे आम नागरिक राहगीर परेशान होते हैं। वहीं लोगों ने बताया की सुबह विद्यालय का समय होता है ,और सड़कों में भारी वाहन निकलते हैं जिससे बच्चों को खतरा भी बना रहता है। वहीं लोगों ने पुलिस प्रशासन पर मिली भगत का आरोप लगाया है। अब देखना यह होगा की जो नो एंट्री की धज्जियां उड़वा रहे हैं इन पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा क्या कार्यवाही होगी, यह देखने वाली बात होगी कि, इसी तरह दिन में ओवरलोड बालू से भरे ट्रक व भारी वाहन कस्बे में फर्राटा भरेंगे।